लेश्या-कोश

लेश्या-कोश

CYCLOPÆDIA OF LEŚYĀ

जै० द० व० सं० ०४०४

सम्पादक
मोहनलाल बाँठिया
श्रीचन्द चोरड़िया

प्रकाशक
मोहनलाल बाँठिया
१६-सी, डोवर लेन, कलकत्ता-२६
१९६६

जैन विषय-कोश ग्रन्थमाला
प्रथम पुष्प—लेश्या-कोश : जैन दशमलव वर्गीकरण संख्या ०४०४

प्रथम आवृत्ति १०००
मूल्य रु० १०·००

मुद्रक :
सुराना प्रिन्टिंग वर्क्स,
२०५, रवीन्द्र सरणि,
कलकत्ता-७ ।

समर्पण

उन चारित्रात्माओं, बन्धु-बांधवों तथा सहयोगियों को

जिन्होंने इस कार्य के लिये प्रेरणा दी है।

संकलन—सम्पादन में प्रयुक्त ग्रंथों की संकेत-सूची

अणुत्त॰ अणुत्तरोववाइयदसाओ
अणुओ॰ अणुओगदारसुत्तं
अंगु॰ अंगुत्तरनिकाय
अंत॰ अंतगडदसाओ
अभिधा॰ अभिधान राजेन्द्र कोश
आया॰ आयारांग
आव॰ आवस्सय सुत्तं
उत्त॰ उत्तरज्झयणं
उवा॰ उवासगदसाओ
ओव॰ ओववाइयसुत्तं
कप्पव॰ कप्पवंडसियाओ
कप्पसु॰ कप्पसुत्तं
कप्पि॰ कप्पिया
कर्म॰ कर्मग्रन्थ
गोक॰ गोम्मटसार कर्मकांड
गोजी॰ गोम्मटसार जीवकांड
चंद॰ चंदपण्णत्ति
जंबु॰ जंबुदीवपण्णत्ति
जीवा॰ जीवाजीवाभिगमे
ठाण॰ ठाणांग
तत्त्व॰ तत्त्वार्थसूत्र
तत्त्वराज॰ तत्त्वार्थ राजवार्तिक
तत्त्वश्लो॰ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकालंकार

तत्त्वसर्व॰ तत्त्वार्थ सर्वार्थसिद्धि
तत्त्वसिद्ध॰ तत्त्वार्थ सिद्धसेन टीका
दसवे॰ दशवेआलियं सुत्त
दसासु॰ दसासुयक्खंधो
नंदी॰ नंदीसुत्त
नाया॰ नायाधम्मकहाओ
निरि॰ निरियावलिया
निसी॰ निसीहसुत्तं
पण्ण॰ पण्णवणासुत्तं
पण्हा॰ पण्हावागरणं
पाइअ॰ पाइअसद्दमहण्णवो
पायो॰ पातंजल योग
पुचू॰ पुप्फ चूलियाओ
पुप्फि॰ पुप्फियाओ
बिह॰ बिहकप्पसुत्तं
भग॰ भगवई
महा॰ महाभारत
राय॰ रायपसेणइयं
वव॰ ववहारो
वण्हि॰ वण्हिदसाओ
विवा॰ विवागसुत्तं
सम॰ समवायाग
सूय॰ सूयगडांग
सूरि॰ सूरियपण्णत्ति

प्रस्तावना

जैन दर्शन सूक्ष्म और गहन है तथा मूल सिद्धान्त ग्रन्थो में इसका क्रमबद्ध विषयानुक्रम विवेचन नही होने के कारण इसके अध्ययन में तथा इसे समझने में कठिनाई होती है। अनेक विषयो के विवेचन अपूर्ण—अधूरे हैं। अतः अनेक स्थल इस कारण से भी समझ में नही आते हैं। अर्थ बोध की इस दुर्गमता के कारण जैन-अजैन दोनो प्रकार के विद्वान् जैन दर्शन के अध्ययन में सकुचाते हैं। क्रमबद्ध तथा विषयानुक्रम विवेचन का अभाव जैन दर्शन के अध्ययन में सबसे बड़ी बाधा उपस्थित करता है—ऐसा हमारा अनुभव है।

कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक अजैन प्राध्यापक मिले। उन्होने बतलाया कि वे विश्वविद्यालय के अन्तर्गत 'नरक' विषय पर एक शोध महानिबंध लिख रहे है। विभिन्न धर्मों और दर्शनो में नरक और नरकवासी जीवो के सम्बन्ध में क्या वर्णन है, इसको वे खोज कर रहे हैं तथा जैन दर्शन में इसके सम्बन्ध में क्या विवेचन किया गया है, इसकी जानकारी के लिए आये है। उन्होने पूछा कि किस ग्रंथ में इस विषय का वर्णन प्राप्त होगा। हमें सखेद कहना पड़ा कि किसी एक ग्रंथ में एक स्थान पर पूरा वर्णन मिलना कठिन हैं। हमने उनको पण्णवणा, भगवई तथा जीवाजीवाभिगम—इन तीन ग्रंथो के नाम बताए तथा कहा कि इन ग्रंथों में नरक और नरकवासियों के संबध में यथेष्ट सामग्री मिल जायगी लेकिन क्रमबद्ध विवेचन तथा विस्तृत विषय सूची के अभाव में—इन तीनों ग्रंथो का आद्योपान्त अवलोकन करना आवश्यक है।

इसी तरह एक विदेशी प्राध्यापक पूना विश्वविद्यालय मे जैन दर्शन के 'लेश्या' विषय पर शोध करने के लिए आये थे। उनके सामने भी यही समस्या थी। उन्हे भी ऐसी कोई एक पुस्तक नही मिली जिसमे लेश्या पर क्रमबद्ध और विस्तृत विवेचन हो। उनको भी अनेक आगम और सिद्धांत ग्रन्थों को टटोलना पड़ा यद्यपि पण्णवण्णा तथा उत्तरज्झयण में लेश्या पर अलग अध्ययन है।

जब हमने 'पुद्गल' का अध्ययन प्रारंभ किया तो हमारे सामने भी यही समस्या आयी। आगम और सिद्धांत ग्रन्थो से पाठो का संकलन करके इस समस्या का हमने आंशिक समाधान किया। इस प्रकार जब-जब हमने जैन दर्शन के अन्यान्य विषयो का अध्ययन प्रारंभ किया तब-तब हमें सभी आगम तथा अनेक सिद्धांत ग्रन्थों को सम्पूर्ण पढ़कर पाठ-संकलन करने पड़े। पुराने प्रकाशनों में विषयसूची तथा शब्दसूची नहीं होने के कारण पूरे ग्रन्थों को

बार-बार पढ़कर नोंध करनी पड़ी। इसी तरह जिस विषय का भी अध्ययन किया हमें सभी ग्रन्थों का आद्योपांत अवलोकन करना पड़ा। इससे हमें अनुमान हुआ कि विद्वत् वर्ग जैन दर्शन के गंभीर अध्ययन से क्यों सकुचाते हैं।

ग्रन्थों को बार-बार आद्योपांत पढ़ने की समस्या को हल करने के लिये हमने यह ठीक किया कि आगम ग्रन्थों से जैन दर्शन के महत्त्वपूर्ण विषयों का विषयानुसार पाठ-संकलन एक साथ ही कर लिया जाय। इससे जैनदर्शन के विशिष्ट विषयों का अध्ययन करने में सुविधा रहेगी। ऐसा संकलन निज के अध्ययन के काम तो आयेगा ही शोधकर्ता तथा अन्य जिज्ञासु विद्वद्वर्ग के भी काम आ सकता है।

किन ग्रन्थों से पाठ संकलन किया जाय इस विषय पर विचार कर हमने निर्णय किया कि एक सीमा करनी आवश्यक है अन्यथा आगम व सिद्धांत ग्रन्थों की बहुलता के कारण यह कार्य असम्भव सा हो जायेगा। सर्वप्रथम हमने पाठ-संकलन को ३२ श्वेताम्बर आगमों तथा तत्त्वार्थसूत्र में सीमाबद्ध रखना उचित समझा। ऐसा हमने किसी साम्प्रदायिक भावना से नहीं बल्कि आगम व सिद्धांत ग्रन्थों की बहुलता तथा कार्य की विशालता के कारण ही किया है। श्वेताम्बर आगम ग्रन्थों से संकलन कर लेने के पश्चात् दिगम्बर सिद्धांत ग्रन्थों से भी संकलन करने का हमारा विचार है।

अपनी अस्वस्थता तथा कार्य की विशालता को देखते हुए इस पाठ-संकलन के कार्य में हमने बंधु श्री श्रीचन्द चोरड़िया का सहयोग चाहा। इसके लिये वे राजी हो गये।

सर्व प्रथम हमने विशिष्ट पारिभाषिक, दार्शनिक तथा आध्यात्मिक विषयों की सूची बनाई। विषय संख्या १००० से भी अधिक हो गई। इन विषयों के सुष्ठु वर्गीकरण के लिए हमने आधुनिक सार्वभौमिक दशमलव वर्गीकरण का अध्ययन किया। तत्पश्चात् बहुत कुछ इसी पद्धति का अनुसरण करते हुए हमने सम्पूर्ण जैन वाङ्मय को १०० वर्गों में विभक्त कर के मूल विषयों के वर्गीकरण की एक रूपरेखा (देखें पृ० 14) तैयार की। यह रूपरेखा कोई अंतिम नहीं है। परिवर्तन, परिवर्द्धन तथा संशोधन की अपेक्षा भी इसमें रह सकती है। मूल विषयों में से भी अनेकों के उपविषयों की सूची भी हमने तैयार की है। उनमें से जीव-परिणाम (विषयांकन ०४) की उपविषय सूची पृ० 17 पर दी गई है। जीव परिणाम की यह उपसूची भी परिवर्तन, परिवर्द्धन व संशोधन की अपेक्षा रख सकती है। विद्वद्वर्ग से निवेदन है कि वे इन विषय-सूचियों का गहरा अध्ययन करें तथा इनमें परिवर्तन, परिवर्द्धन व संशोधन सम्बन्धी अथवा अपने अन्य बहुमूल्य सुझाव भेज कर हमें अनुगृहीत करें।

पाठ-संकलन का कार्य पहले विभिन्न ग्रन्थों से लिख-लिखकर प्रारंभ किया गया।

बाद में हमें ऐसा अनुभव हुआ कि इतने ग्रन्थों से इतने अधिक विषयोपविषयों के पाठ लिख-लिख कर संकलन करना श्रम व समय साध्य नहीं होगा। अतः हमने 'कतरन' पद्धति का अवलंबन किया। कतरन के लिए हमने प्रत्येक ग्रन्थ की दो-दो प्रकाशित प्रतियाँ संग्रह की। एक प्रति से सामने के पृष्ठ के पाठों का तथा दूसरी प्रति से उसी पृष्ठ की पीठ पर छपे हुए पाठों का कतरन कर संकलन किया। प्रत्येक विषय-उपविषय के लिये हमने अलग-अलग फाइलें बनाईं। कतरन के साथ-साथ विषयानुसार फाइल करने का कार्य भी होता रहा। इस पद्धति को अपनाने से पाठ-संकलन में यथेष्ट गति आ गई और कार्य आशा के विपरीत बहुत कम समय में ही सम्पन्न हो गया।

कतरन व फाइल करनेका कार्य पूरा होने के बाद हमने संकलित विषयों में से किसी एक विषय के पाठों का सम्पादन करने का विचार किया।

सम्पादन का पहला विषय हमने 'नारकी जीव' चुना था क्योंकि जीव दण्डक में इसका प्रथम स्थान है। सम्पादन का काम बहुत-कुछ आगे बढ़ चुका था तथा 'साप्ताहिक जैन भारती' में क्रमशः प्रकाशित भी हो रहा था लेकिन बंधुओं का उपालम्भ आया कि प्रथम कार्य का विषय अच्छा नहीं चुना गया। उनका सुझाव रहा कि 'नारकी जीव' को छोड़ कर कोई दूसरा विषय लो। अतः इस विषय को अधूरा छोड़कर हमने किसी दूसरे विशिष्ट दार्शनिक व पारिभाषिक महत्त्व के विषय का चयन करने का विचार किया। इस चयन में हमारी दृष्टि 'लेश्या' पर केन्द्रित हुई क्योंकि यह जैन दर्शन का एक रहस्यमय विषय है तथा जिसकी व्याख्या कोई भी प्राचीन आचार्य भलीभाँति असंदिग्ध रूप में नहीं कर सके हैं। इसीलिए हमने सम्पादन के लिए 'लेश्या' विषय को ग्रहण किया।

सम्पादन में निम्नलिखित तीन बातों को हमने आधार माना है :—

१. पाठों का मिलान,

२. विषय के उपविषयों का वर्गीकरण तथा

३. हिन्दी अनुवाद।

३२ आगमों से संकलित पाठों के मिलान के लिए हमने तीन मुद्रित प्रतियों की सहायता ली है जिनमें एक 'सुत्तागमे' को लिया तथा बाकी दो अन्य प्रतियाँ लीं। इन दोनों प्रतियों में से एक को हमने मुख्य माना। इन तीनों प्रतियों में यदि कहीं कोई पाठान्तर मिला तो साधारणतः हमने मुख्य प्रति को प्रधानता दी है। यह मुख्य प्रति संकलन-सम्पादन अनुसंधान में प्रयुक्त ग्रन्थों की सूची में प्रति 'क' के रूप में उल्लिखित है। यदि कोई विशिष्ट पाठान्तर मिला तो उसे शब्द के बाद ही कोष्ठक में दे दिया है।

संदर्भ सब प्रति 'क' से दिये गये हैं तथा पृष्ठ संख्या 'सुत्तागमे' से दी गयी है।

जहाँ लेश्या सम्बन्धी पाठ स्वतंत्र रूप में मिल गया है वहाँ हमने उसे उसी रूप में ले लिया है लेकिन जहाँ लेश्या के पाठ अन्य विषयो के साथ सम्मिश्रित हैं वहाँ हमने निम्न-लिखित दो पद्धतियाँ अपनाई हैं : —

१. पहली पद्धतिमें हमने सम्मिश्रित पाठों से लेश्या सम्बंधी पाठ अलग निकाल लिया है तथा जिस संदर्भ में वह पाठ आया है उस संदर्भ को प्रारम्भ में कोष्ठक में देते हुए उसके बाद लेश्या सम्बंधी पाठ दे दिया है, यथा—भग० श ११ । उ १ का पाठ। इसमें उत्पल वनस्पतिकाय के सम्बंध में विभिन्न विषयों को लेकर पाठ है। हमने यहाँ लेश्या सम्बन्धी पाठ लिया है तथा उत्पल सम्बन्धी पाठ को पाठ के प्रारम्भ में कोष्ठक में दे दिया है—

(उप्पले णं एगपत्तए) ते णं भंते ! जीवा किं कण्हलेसा नीललेसा काऊलेसा तेऊलेसा ? गोयमा ! कण्हलेसे वा जाव तेऊलेसे वा कण्हलेस्सा वा नीललेस्सा वा काऊलेस्सा वा तेऊलेस्सा वा अहवा कण्हलेसे य नीललेसे य एवं एए दुयासंजोगतियया-संजोगचउक्कसंजोगेणं असीइ भंगा भवंति—विषयांकन '५३'१५'६ । पृ० ६६ ।

२ दूसरी पद्धति में हमने सम्मिश्रित विषयो के पाठो में से जो पाठ लेश्या से सम्बन्धित नही हैं उनको बाद देते हुए लेश्या सम्बंधी पाठ ग्रहण किया है तथा बाद दिए हुए अंशो को तीन क्रॉस (×××) चिह्नों द्वारा निर्देशित किया है, यथा—भग० श २४ । उ १ । प्र ७, १२— **पज्जता (त्त) असन्नि पंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए रयणप्पभाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए ××× तेसि णं भंते जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तिन्नि लेस्साओ पन्नत्ताओ । तं जहा कण्हलेस्सा, नील लेस्सा, काऊलेस्सा** — विषयांकन '५८'१ १ । गमक १ । पृ० १०० । इस उदाहरण में हमने प्रश्न ७ से प्रारम्भिक पाठ लेकर अवशेष पाठ को बाद दे दिया है तथा उसे क्रॉस चिह्नों द्वारा निर्देशित कर दिया है। प्रश्न ८, ६, १० तथा ११ को भी हमने बाद दे कर प्रश्न १२ जो कि लेश्या सम्बन्धी है ग्रहण कर लिया है। कई जगहों पर इन पद्धतियों के अपनाने में असुविधा होने के कारण हमने पूरा का पूरा पाठ ही दे दिया है।

मूल पाठों में संक्षेपीकरण होने के कारण अर्थ को प्रकट करने के लिए हमने कई स्थलों पर स्वनिर्मित पूरक पाठ कोष्ठक में दिए हैं, यथा —**कडजुम्मकडजुम्म सन्निपंचिंदिया णं भंते ! ××× (कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ) ? कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा । ××× एवं सोलससु वि जुम्मेसु भाणियव्वं** — विषयांकन '८६'६ । पृ० २२० । यहाँ **'कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ'** पाठ जो कोष्टक में है सूत्र संक्षेपीकरण में बाद पड़ गया था उसे हमने अर्थ की स्पष्टता के लिए पूरक रूप में दे दिया है।

वर्गीकृत उपविषयों में हमने मूल पाठों को अलग-अलग विभाजित करके भी दिया

है यथा—'एवं सक्करप्पभाएऽवि'—विषयांकन '५३'३। पृ० ६३। कहीं-कहीं समूचे मूल पाठ को एक वर्गीकृत उपविषय में देकर उस पाठ में निर्दिष्ट अन्य वर्गीकृत उपविषयों में उक्त मूल पाठ को बार-बार उद्धृत न करके केवल इंगित कर दिया है, यथा—'५८'३१'१ में '५८'३०'१ के पाठ को इंगित किया गया है।

प्रत्येक विषय के संकलित पाठों तथा अनुसंधित पाठों का वर्गीकरण करने के लिए हमने प्रत्येक विषय को १०० वर्गों में विभाजित किया है तथा आवश्यकतानुसार इन सौ वर्गों को दस या दस से कम मूल वर्गों में भी विभाजित करने का हमारा विचार है।

सामान्यतः सभी विषयों के कोशों में निम्नलिखित वर्ग अवश्य रहेंगे—

'० शब्द विवेचन (मूल वर्ग),

'०१ शब्द की व्युत्पत्ति—प्राकृत, संस्कृत तथा पाली भाषाओं में,

'०२ पर्यायवाची शब्द—विपरीतार्थक शब्द,

'०३ शब्द के विभिन्न अर्थ,

'०४ सविशेषण—सबमास शब्द,

'०५ परिभाषा के उपयोगी पाठ,

'०६ प्राचीन आचार्यों द्वारा की गई परिभाषा,

'०७ भेद-उपभेद,

'०८ शब्द सम्बन्धी साधारण विवेचन,

'६ विविध (मूल वर्ग),

'६६ विषय सम्बन्धी फुटकर पाठ तथा विवेचन।

अन्य सब मूल वर्ग या उपवर्ग संकलित पाठों के आधार पर बनाए जायंगे।

लेश्या कोश में हमने निम्नलिखित मूल वर्ग रखे हैं—

'० शब्द विवेचन

'१ द्रव्यलेश्या (प्रायोगिक)

'३ द्रव्यलेश्या (विस्रसा)

'४ भावलेश्या

'५ लेश्या और जीव

'६ सलेशी जीव

'६ विविध

इन ६ मूलवर्गों में से शब्द-विवेचन ८ उपवर्गों में, द्रव्य लेश्या (प्रायोगिक) १६ उपवर्गों में, द्रव्यलेश्या (विस्रसा) ५ उपवर्गों में, भावलेश्या ६ उपवर्गों में, लेश्या और

जीव ६ उपवर्गों में, सलेशी जीव २६ उपवर्गों में तथा विविध ६ उपवर्गों में विभाजित किए गए हैं।

यथासम्भव वर्गीकरण की सब भूमिकाओं में एकरूपता रखी जायगी।

लेश्या का विषयांकन हमने ०४०४ किया है। इसका आधार यह है कि सम्पूर्ण जैन वाङ्मय को १०० भागों में विभाजित किया गया है (देखें मूलवर्गीकरण सूची पृ० 14) इसके अनुसार जीव-परिणाम का विषयांकन ०४ है। जीव परिणाम भी सौ भागों में विभक्त किया गया है (देखें जीव-परिणाम वर्गीकरण सूची पृ० 17)। इसके अनुसार लेश्या का विषयांकन ०४ होता है। अतः लेश्या का विषयांकन हमने ०४०४ किया है। लेश्या के अन्तर्गत आनेवाले विषयो के आगे दशमलव का चिह्न हैं, जैसे '५८ तथा '५८ के उपवर्ग के आगे फिर दशमलव का चिह्न है, जैसे '५८'२ तथा '५८ २ के विषय का उपविभाजन होने से इसके बाद आने वाली संख्या के आगे भी दशमलव विन्दु रहेगा (देखें चार्ट पृ० 18, 19)।

सामान्यतः अनुवाद हमने शाब्दिक अर्थ रूप ही किया है लेकिन जहाँ विषय की गम्भीरता या जटिलता देखी है वहाँ अर्थ को स्पष्ट करने के लिए विवेचनात्मक अर्थ भी किया है। विवेचनात्मक अर्थ करने के किये हमने सभी प्रकार की टीकाओ तथा अन्य सिद्धान्त ग्रंथों का उपयोग किया है। छद्मस्थता के कारण यदि अनुवाद में या विवेचन करने में कहीं कोई भूल, भ्रांति व त्रुटि रह गई हो तो पाठकवर्ग सुधार लें।

वर्गीकरण के अनुसार—जहाँ मूल पाठ नही मिला है अथवा जहाँ मूल पाठ में विषय स्पष्ट रहा है वहाँ मूल पाठ के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए हमने टीकाकारो के स्पष्टीकरण को भी अपनाया है तथा स्थान-स्थान पर टीका का पाठ भी उद्धृत किया है।

यद्यपि हमने संकलन का काम आगम ग्रन्थो तक ही सीमित रखा है तथापि सम्पादन, वर्गीकरण तथा अनुवाद के काम में निर्युक्ति, चूर्णि, वृत्ति, भाष्य आदि टीकाओं का तथा अन्य सिद्धान्त ग्रन्थो का भी आवश्यकतानुसार उपयोग करने का हमारा विचार है।

हमें खेद है कि हमारी छद्मस्थता के कारण तथा प्रूफरीडिंग की दक्षता के अभाव में तथा मुद्रक के कर्मचारियों के प्रमादवश अनेक अशुद्धियाँ रह गई हैं। हमने अशुद्धियो को तीन भागों में विभक्त किया है—१—मूलपाठ की अशुद्धि, २—संदर्भ की अशुद्धि तथा ३—अनुवाद की अशुद्धि। आशा है पाठकगण अशुद्धियो की अधिकता के लिए हमें क्षमा करेंगे तथा आवश्यकतानुसार संशोधन कर लेंगे। शुद्धि-पत्र पुस्तक के शेष में दिए गये हैं। भविष्य में इस बार के प्राप्त अनुभव से अशुद्धियाँ नही रहेगी ऐसी आशा है।

लेश्या-कोश हमारी कोश परिकल्पना का परीक्षण (ट्रायल) है। अतः इसमें प्रथमानुभव की अनेक त्रुटियाँ हों तो कोई आश्चर्य की बात नही है। लेकिन इस प्रकाशन से हमारी

परिकल्पना में पुष्टता तथा हमारे अनुभव में यथेष्ट समृद्धि हुई है इस में कोई सन्देह नहीं है। पाठक वर्ग से सभी प्रकार के सुझाव अभिनन्दनीय हैं चाहे वे सम्पादन, वर्गीकरण, अनुवाद या अन्य किसी प्रकार के हों। आशा है इस विषय में विद्वद्वर्ग का हमें पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

दिगम्बर ग्रन्थों से लेश्या सम्बन्धी पाठ-संकलन अधिकांशतः हमने कर लिया है। इसमें श्वेताम्बर पाठों से समानता, भिन्नता, विविधता तथा विशेषता देखी है तथा कितनी ही ही बातें जो श्वेताम्बर ग्रन्थों में हैं दिगम्बर ग्रन्थों में नहीं भी हैं। हमारे विचार में दिगम्बर लेश्या-कोश को भी प्रकाशित करना आवश्यक है। लेकिन इसको प्रकाशित करने का निर्णय हम इस लेश्या-कोश पर विद्वानों की प्रतिक्रियाओं को जानकर ही करेंगे। इसमें पाठों का वर्गीकरण इस पुस्तक की पद्धति के अनुसार ही होगा लेकिन दिगम्बरीय भिन्नता, विविधता तथा विशेषता को वर्गीकरण में यथोपयुक्त स्थान दिया जायगा। वर्गीकरण के अनुसार पाठों को सजाना हम शीघ्र ही प्रारम्भ कर रहे हैं।

क्रियाकोश की हमारी तैयारी प्रायः सम्पूर्ण हो चुकी है।

यद्यपि हमने इस पुस्तक का मूल्य १०.०० रुपया रखा है लेकिन वह विषयानुरूप ही है क्योंकि इस संस्करण की सर्व प्रतियाँ हम निर्मूल्य वितरित कर रहे हैं। वितरण भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों में, भारतीय विद्या संस्थानों में तथा विदेशी प्राच्य संस्थानों में, श्वेताम्बर-दिगम्बर जैन विद्वानों में, अजैन दार्शनिक विद्वानों में, विशिष्ट विदेशी प्राच्य विद्वानों में, विशिष्ट भारतीय भंडारों तथा देशी व विदेशी विशिष्ट पुस्तकालयों में अधिकांशतः सीमित रहेगा।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के पुस्तकाध्यक्षों तथा श्रीमती हीराकुमारी बोथरा व्याकरण-सांख्य-वेदान्ततीर्थ के हम बड़े आभारी हैं जिन्होंने हमारे संपादन के कार्य में प्रयुक्त अधिकांश पुस्तकें हमें देकर पूर्ण सहयोग दिया। श्री अगर चन्द नाहटा, श्री मोहन लाल बैद, डा० सत्यरजन बनर्जी तथा दिवंगत आत्मा मदन चन्द गोठी के भी हम कम आभारी नहीं हैं जो हमें इस कार्य के लिए सतत प्रेरणा तथा उत्साह देते रहे। श्री दामोदर शास्त्री एम० ए० जिन्होंने शेषकी तरफ प्रूफ शुद्धि में हमें सहायता की उन्हे भी हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं। सुराना प्रिंटिंग वर्क्स तथा उसके कर्मचारी भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने इस पुस्तक का सुंदर मुद्रण किया है।

आषाढ़ शुक्ला दशमी,
वीर संवत् २४६३.

मोहनलाल बाँठिया
श्रीचन्द चोरड़िया

जैन वाङ्मय का दशमलव वर्गीकरण

मूल विभागों की रूपरेखा

जै० द० व० सं०	यू० डी० सी० संख्या
०—जैन दार्शनिक पृष्ठभूमि	+
०१—लोकालोक	५२३·१
०२—द्रव्य—उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य	+
०३—जीव	१२८ तुलना ५७७
०४—जीव-परिणाम	+
०५—अजीव-अरूपी	११४
०६—अजीव-रूपी—पुद्गल	११७ तुलना ५३६
०७—पुद्गल परिणाम	+
०८—समय—व्यवहार-समय	११५ तुलना ५२६
०९—विशिष्ट सिद्धान्त	+
१—जैन दर्शन	१
११ - आत्मवाद	१२
१२—कर्मवाद—आस्रव-बंध-पाप-पुण्य	+
१३—क्रियावाद—संवर-निर्जरा-मोक्ष	+
१४—जैनेतरवाद	१४
१५—मनोविज्ञान	१५
१६—न्याय-प्रमाण	१६
१७—आचार-संहिता	१७
१८—स्याद्वाद-नयवाद-अनेकान्तादि	+
१९—विविध दार्शनिक सिद्धान्त	+
२—धर्म	२
२१—जैन धर्म की प्रकृति	२१
२२—जैन धर्म के ग्रन्थ	२२
२३—आध्यात्मिक मतवाद	२३
२४—धार्मिक जीवन	२४
२५—साधु-साध्वी यति-भट्टारक-क्षुल्लकादि	२५
२६—चतुर्विध सघ	२६
२७—जैन का साम्प्रदायिक इतिहास	२७
२८—सम्प्रदाय	२८
२९—जैनेतर धर्म : तुलनात्मक धर्म	२९
३—समाज विज्ञान	३
३१—सामाजिक संस्थान	+

जै० द० व० सं०	यू० डी० सी० संख्या
३२—राजनीति	३२
३३—अर्थ शास्त्र	३३
३४—नियम-विधि-कानून-न्याय	३४
३५—शासन	३५
३६—सामाजिक उन्नयन	३६
३७—शिक्षा	३७
३८—व्यापार-व्यवसाय-यातायात	३८
३९—रीति-रिवाज—लोक-कथा	३९
४—भाषा विज्ञान—भाषा	**४**
४१—साधारण तथ्य	४१
४२—प्राकृत भाषा	४९१.३
४३—संस्कृत भाषा	४९१.२
४४—अपभ्रंश भाषा	४९१.३
४५—दक्षिणी भाषाएँ	४९४.८
४६—हिन्दी	४९१.४३
४७—गुजराती-राजस्थानी	४९१.४
४८—महाराष्ट्री	४९१.४६
४९—अन्यदेशी—विदेशी भाषाएँ	४९१
५—विज्ञान	**५**
५१—गणित	५१
५१—खगोल	५२
५३—भौतिकी-यांत्रिकी	५३
५४—रसायन	५४
५५—भूगर्भ विज्ञान	५५
५६—पुराजीव विज्ञान	५६
५७—जीव विज्ञान	५७
५८—वनस्पति विज्ञान	५८
५९—पशु विज्ञान	५९
६—प्रयुक्त विज्ञान	**६**
६१—चिकित्सा	६१
६२—यांत्रिक शिल्प	६२
६३—कृषि-विज्ञान	६३
६४—गृह विज्ञान	६४
६५— +	+

जै० द० ब० सं०	यू० डी० सी० संख्या
६६— रसायन शिल्प	६६
६७— हस्त शिल्प वा अन्यथा	६७
६८—विशिष्ट शिल्प	६८
६९— वास्तु शिल्प	६९
७—कला-मनोरंजन-क्रीड़ा	७
७१—नगरादि निर्माण कला	७१
७२—स्थापत्य कला	७२
७३—मूर्तिकला	७३
७४—रेखांकन	७४
७५—चित्रकारी	७५
७६—उत्कीर्णन	७६
७७—प्रतिलिपि--लेखन-कला	७७
७८—संगीत	७८
७९—मनोरंजन के साधन	७९
८—साहित्य	८
८१—छंद-अलंकार-रस	८१
८२—प्राकृत साहित्य	+
८३ - संस्कृत जैन साहित्य	+
८४—अपभ्रंश जैन साहित्य	+
८५—दक्षिणी भाषा में जैन साहित्य	+
८६— हिन्दी भाषा में जैन साहित्य	+
८७—गुजराती-राजस्थानी भाषा में जैन साहित्य	+
८८—महाराष्ट्री भाषा में जैन साहित्य	+
८९—अन्य भाषाओं में जैन साहित्य	+
९—भूगोल-जीवनी-इतिहास	९
९१—भूगोल	९१
९२—जीवनी	९२
९३—इतिहास	९३
९४—मध्य भारत का जैन इतिहास	+
९५—दक्षिण भारत का जैन इतिहास	+
९६—उत्तर तथा पूर्व भारत का जैन इतिहास	+
९७—गुजरात-राजस्थान का जैन इतिहास	+
९८—महाराष्ट्र का जैन इतिहास	+
९९—अन्य क्षेत्र व वैदेशिक जैन इतिहास	+

०४ जीव परिणाम का वर्गीकरण

०४०० सामान्य विवेचन

०४०१ गति

०४०२ इन्द्रिय

०४०३ कषाय

०४०४ लेश्या

०४०५ योग

०४०६ उपयोग

०४०७ ज्ञान

०४०८ दर्शन

०४०९ चारित्र

०४१० वेद

०४११ शरीर

०४१२ अवगाहना

०४१३ पर्याप्ति

०४१४ प्राण

०४१५ आहार

०४१६ योनि

०४१७ गर्भ

०४१८ जन्म-उत्पत्ति-उत्पाद

०४१९ स्थिति

०४२० मरण-च्यवन-उद्वर्तन

०४२१ वीर्य

०४२२ लब्धि

०४२३ करण

०४२४ भाव

०४२५ अध्यवसाय

०४२६ परिणाम

०४२७ ध्यान

०४२८ संज्ञा

०४२९ मिथ्यात्व

०४३० सम्यक्त्व

०४३१ वेदना

०४३२ सुख

०४३३ दुःख

०४३४ अधिकरण

०४३५ प्रमाद

०४३६ ऋद्धि

०४३७ अगुरुलघु

०४३८ प्रतिघातित्व

०४३९ पर्याय

०४४० रूपत्व-अरूपत्व

०४४१ उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य

०४४२ अस्ति-नित्य-अवस्थितत्व

०४४३ शाश्वतत्व

०४४४ परिस्पंदन

०४४५ संसार संस्थान काल

०४४६ संसारस्थत्व-असिद्धत्व

०४४७ भव्याभव्यत्व

०४४८ परित्त्वापरित्त्व

०४४९ प्रथमाप्रथम

०४५० चरमाचरम

०४५१ पाक्षिक

०४५२ आराधना-विराधना

मूल वर्गों के

० जैन दार्शनिक पृष्ठभूमि →	०० सामान्य विवेचन	०० सामान्य विवेचन	० शब्द-विवेचन
		०१ गति	·१ द्रव्यलेश्या
		०२ इन्द्रिय	·२ (प्रायोगिक)
१ जैन दर्शन	०१ लोकालोक	०३ कषाय	
		०४ लेश्या →	·३ द्रव्यलेश्या
		०५ योग	(विस्रसा)
२ धर्म	०२ द्रव्य	०६ उपयोग	
		०७ ज्ञान अज्ञान	·४ भावलेश्या
		०८ दर्शन	
३ समाज विज्ञान	०३ जीव	०९ चारित्र	
		१० वेद	·५ लेश्या और जीव →
		११ शरीर	
४ भाषा विज्ञान	०४ जीव परिणाम →	१२ अवगाहना	
		१३ पर्याप्ति	·६ सलेशी जीव
		१४ प्राण	·७ सलेशी जीव
५ विज्ञान	०५ अजीव-अरूपी	१५ आहार	·८ सलेशी जीव
		१६ योनि	
		१७ गर्भ	
६ प्रयुक्त विज्ञान	०६ अजीव-रूपी पुद्गल	१८ जन्म उत्पत्ति-उत्पाद	·९ विविध
		१९ स्थिति	
		२० मरण-च्यवन उद्वर्तन	
७ कला-मनोरंजन क्रीडा	०७ पुद्गल-परिणाम	२१ वीर्य	
		२२ लब्धि	
		२३ करण	
८ साहित्य	०८ समय, व्यवहार-समय	२४ भाव	
		२५ अध्यवसाय	
		२६ परिणाम	
९ भूगोल-जीवनी-इतिहास	०९ विशिष्ट सिद्धान्त	२७ ध्यान	
		२८ संज्ञा	
		आदि	

उपविभाजन का उदाहरण

·५१ लेश्या की अपेक्षा जीव के भेद

·५२ लेश्या की अपेक्षा जीव की वर्गणा

·५३ विभिन्न जीवों में कितनी लेश्या

·५४ विभिन्न जीव और लेश्या-स्थिति

·५५ लेश्या और गर्भ-उत्पत्ति

·५६ जीव और लेश्या-समपद

·५७ लेश्या और जीव का उत्पत्ति मरण

·५८ किसी एक योनि से स्व/पर योनि में उत्पन्न होने योग्य जीवों में कितनी लेश्या →

·५९ जीव समूहों में कितनी लेश्या

·५८·१ रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में
·५८·२ शर्कराप्रभा०
·५८·३ बालुकाप्रभा०
·५८·४ पंकप्रभा०
·५८·५ धूमप्रभा०
·५८·६ तमप्रभा०
·५८·७ तमतमाप्रभा०
·५८·८ असुरकुमार०
·५८·९ नागकुमार यावत् स्तनितकुमार०
·५८·१० पृथ्वीकायिक० →
·५८·११ अप्कायिक०
·५८·१२ अग्निकायिक०
·५८·१३ वायुकायिक०
·५८·१४ वनस्पतिकायिक०
·५८·१५ द्वीन्द्रिय०
·५८·१६ त्रीन्द्रिय०
·५८·१७ चतुरिन्द्रिय०
·५८·१८ पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि०
·५८·१९ मनुष्य योनि०
·५८·२० वानव्यंतर देव०
·५८·२१ ज्योतिषी देव०
·५८·२२ सौधर्म देव०
·५८·२३ ईशान देव०
आदि

·५८·१०·१ स्वयोनि से
·५८·१०·२ अप्कायिक योनि से
·५८·१०·३ अग्निकायिक योनि से
·५८·१०·४ वायुकायिक योनि से
·५८·१०·५ वनस्पतिकायिक योनि से
·५८·१०·६ द्वीन्द्रिय से
·५८·१०·७ त्रीन्द्रिय से
·५८·१०·८ चतुरिन्द्रिय से
·५८·१०·९ असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से
·५८·१०·१० संख्यात वर्ष की आयुवाले संज्ञी पचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से
·५८·१०·११ असंज्ञी मनुष्य से
·५८·१०·१२ संज्ञी मनुष्य से
·५८·१०·१३ असुरकुमार देवो से
·५८·१०·१४ नागकुमार यावत् स्तनितकुमार देवो से
·५८·१०·१५ वानव्यंतर देवों से
·५८·१०·१६ ज्योतिषी देवों से
·५८·१०·१७ सौधर्म देवों से
·५८·१०·१८ ईशान देवों से

FOREWORD

It gives me immense pleasure to introduce to the world of orientalists this valuable reference book, entitled Leśyā-kośa, compiled by Mr. Mohan Lal Banthia and his assistant Mr. Shrichand Choraria who is a student at our Institute. It is a specimen volume of a larger project prepared by Mr. Banthia to compile a series of such volumes on various subjects of Jainism, enlisted in a comprehensive and exhaustive catalogue that is under preparation by him. The compilers do not claim that the volume is an exhaustive and complete reference book on the subject as contained in the literature that is extant and available in print and manuscripts, accepted by the Digambara and the Śvetāmbara sects of Jainism. In fact, Mr. Banthia has proposed to publish another volume on the subject, containing the references to the subject embodied in the Digambara literature. The Leśyā-kośa will inspire the scholars of Jainism for a critical study of the subject, leading to a clear formulation and evaluation of the doctrine and its bearing on the metaphysical speculations of ancient India.

The concept of leśyā is a vital part of the Jaina doctrine of karman. Every activity of the soul is accompanied by a corresponding change in the material organism, subtle or gross. The leśyā of a soul has also such double aspect—one affecting the soul and the other its physical attachment. The former is called bhāva-leśyā, and the latter is known as dravya-leśyā A detailed account of the mental and moral changes in the soul[1] and also an elaborate description of the material properties of various leśyās[2] are recorded in the Jaina scripture and its commentaries.

In the Ājīvika, the Buddhist and the Brāhmaṇical thought also, ideas similar to the Jaina concept of leśyā are found recorded. The leśyā *qua* matter is the 'colour-matter' accompanying the various gross

1. Pp. 251-3 (of the text).
2. Pp. 20ff.

and subtle physical attachments of the soul.[3] This is the dravya-leśyā. The corresponding state of the soul of which the dravya-leśyā is the outward expression is bhāva-leśyā [4] The dravya-leśyā, being composed of matter, has all the material properties *viz.* colour, taste, smell and touch. But its nomenclature as kṛṣṇa (black), nīla (dark blue), kāpota (grey, black-red[5]), tejas (fiery, red[6]), padma (lotus-coloured, yellow[7]) and śukla (white), is framed after its colour which appears to be its salient feature. The use of colour-names to indicate spiritual development was popular among the Ājīvikas and the leśyā concept of the Jainas seems to have had a similar origin. The Buddhists appear to have given a spiritual interpretation to the Ājīvika theory of six abhijātis and the Brāhmaṇical thinkers linked the colours to the various states of sattva, rajas and tamas.[8]

Although it is difficult to determine the chronology of these ideas in these religions, there should be no doubt that the concept of leśyā was an integral part of Jaina metaphysics in its most ancient version. The later Jaina thinkers made attempts at knitting up the doctrine of karman, placing the concept of leśyā at its proper place in the texture.

As regards the etymology of the word leśyā (Prakrit, lessā, lesā), I would like to suggest its derivation from √śliṣ 'to burn'[9], with its meaning extended to the sense—'shining in some colour'. This connotation and others allied to it appear to explain satisfactorily the senses of scriptural phrases containing the word lessā, collected on pages 4 and 5 of the leśyā-kośa Dr. Jacobi's derivation of the term from kleśa[10] does not appear plausible, as the kaṣāya (the Jaina equivalent of kleśa) has no necessary connection with the leśyā, and the various

3. P. 10 (line 5) ; also p. 13 (line 11).
4. P. 9 (lines 21ff).
5. P. 45 (line 13).
6. P. 45 (line 13).
7. P. 45 (line 14).
8. Pp. 254-7 ; also Glasenapp : The Doctrine of Karman in Jaina Philosophy, p. 47, fn 2 ; Pandit Sukhlalji : Jain Cultural Research Society (Varanasi) Patrikā No. 15, pp. 25-6.
9. Śriṣu-śliṣu-pruṣu-pluṣu dāhe—Pāṇinīya-Dhātupāṭha, 701-4.
10. Glasenapp : op. cit., p. 47, fn 1.

usages of the word (leśyā) found in the Jaina scripture do not imply such connotation.

Three alternative theories have been proposed by commentators to explain the nature of leśyā. In the first theory, it is regarded as a product of passions (kaṣāya-nisyanda), and consequently as arising on account of the rise of the kaṣāya-mohanīya karman. In the second, it is considered as the transformation due to activity (yoga-pariṇāma), and as such originating from the rise of karmans which produce three kinds of activity (physical, vocal and mental). In the third alternative, the leśyā is conceived as a product of the eight categories of karman (jñānāvaraṇīya, etc.), and as such accounted as arising on account of the rise of the eight categories of karman. In all these theories, the leśyā is accepted as a state of the soul, accompanying the realization (audayika-bhāva) of the effect of karman.[11]

Of these theories, the second theory appears plausible. The leśyā, in this theory, is a transformation (pariṇati) of the śarīra-nāmakarman (body-making karman),[12] effected by the activity of the soul through its various gross and subtle bodies—the physical organism (kāya), speech-organ (vāk), or the mind-organ (manas) functioning as the instrument of such activity.[13] The material aggregates involved in the activity constitute the leśyā The material particles attracted and transformed into various *karmic* categories (jñānāvaraṇīya, etc.) do not make up the leśyā. There is presence of leśyā even in the absence of the categories of ghāti-karman in the sayogi-kevalin stage of spiritual development, which proves that such categories do not constitute leśyā. Similarly, the categories of aghāti-karman also do not form the leśyā as there is absence of leśyā even in the presence of such categories in the ayogi-kevalin stage of spiritual development.[14] The leśyā-matter involved in the activity aggravates the kaṣāyas if they are there.[15] It is also responsible for the anubhāga (intensity) of *karmic* bondage.[16]

11. For the refutation of the theory propounding leśyā as karma-nisyanda, vide pp. 11-2.
12. P. 10 (line 10).
13. P. 10 (lines 13-21).
14. P. 11 (lines 3-8).
15. P. 11 (lines 8-9).
16. P. 11 (lines 15-7) ; also the Ṭīkā on Karmagrantha, IV, 1.

Leśyā is also conceived by the commentators as having the aspect of viscosity.[17]

The compilers of the Leśyā-kośa have taken great pains to make the work as systematic and exhaustive as possible. Assistance of a trained scholar and proof-reader could, however, be requisitioned for better editing and correct printing. The scholars of Indian philosophy, particularly those working in the field of Jainism, will derive good help from such reference books. Although primarily a veteran business man, Mr. Banthia has shown keen understanding of ontological problems in systematically arranging the references and clinching crucial issues as is evident from the occasional remarks in his notes. Scholars will take off their hats to him in appreciation of his Herculean labour in defiance of the extremely precarious health that he has been enjoying for the last several years. We wish success to him in his larger scheme which is bound to be of great benefit to scholars devoted to the study of Jainism, and assure him of our full co-operation in the execution of the project.

NATHMAL TATIA
Director,
Research Institute of Prakrit
Jainology & Ahimsa, Vaishali

July 3, 1966.

17. P. 12 (line 11) ; p. 13 (line 13).

आमुख

विषय-कोश परिकल्पना बडी महत्त्वपूर्ण है। यदि सब विषयों पर कोश नहीं भी तैयार हो सकें तो दस-बीस प्रधान विषयो पर भी कोश के प्रकाशन से जैन दर्शन के अध्येताओं को बहुत ही सुविधा रहेगी। इस संबन्ध में सम्पादकों को मेरा सुझाव है कि वे पण्णवणा सूत्र के ३६ पदों में विवेचित विषयो के कोश तो अवश्य ही प्रकाशित कर दें।

यद्यपि यह कोश परिकल्पना सीमित संकलन है फिर भी इन संकलनों से विषय को समझने व ग्रहण करने में मेरे विचार में कोई विशेष कठिनाई नही होगी। पाठकों को श्वेताम्बर-दिगम्बर दोनो दृष्टिकोण उपलब्ध हो सकें इसलिए सपादकों से मेरा निवेदन है कि आगे के विषय कोशो में तत्त्वार्थसूत्र तथा उसकी महत्त्वपूर्ण दिगम्बरीय टीकाओं से भी पाठ संकलन करें। इससे उनकी सीमा में बहुत अधिक वृद्धि नहीं होगी।

सम्पादकों ने सम्पूर्ण जैन वाङ्मय को सार्वभौमिक दशमलव वर्गीकरण पद्धति के अनुसार सौ वर्गों में विभाजित किया है। जैनदर्शन की आवश्यकता के अनुसार उन्होंने इसमें यत्र तत्र परिवर्तन भी किया है; अन्यथा उसे ही अपनाया है। इस वर्गीकरण के अध्ययन से यह अनुभव होता है कि यह दूरस्पर्शी (far reaching) है तथा जैन दर्शन और धर्म में ऐसा कोई विरला ही विषय होगा जो इस वर्गीकरण में अछूता रह जाय या इसके अन्तर्गत नहीं आ सके।

पर्याय की अपेक्षा जीव अनन्त परिणामी है, फिर भी आगमों मे जीव के दस ही परिणामो का उल्लेख है। जीव परिणाम के वर्गीकरण को देखने से पता चलता है कि सम्पादकों ने इन दस परिणामो को प्राथमिकता देकर ग्रहण किया है लेकिन साथ ही कर्मों के उदय से वा अन्यथा होनेवाले अन्य अनेक प्रमुख परिणामों को भी वर्गीकरण मे स्थान दिया है। इनमे से उत्पाद व्यय-ध्रौव्य आदि कई विषय तो अन्य-अन्य कोशों में भी समाविष्ट होने योग्य हैं।

पृष्ठ 18-19 पर दिए गए वर्गीकरण के उदाहरण से वर्गीकरण और परस्पर उपवर्गीकरणो की पद्धति का चित्र बहुत कुछ स्पष्टतर हो जाता है। सार्वभौमिक दशमलव वर्गीकरण (U. D. C) की तरह जैन वाङ्मय के वर्गीकरण का एक संक्षिप्त या विस्तृत संस्करण सम्पादकगण निकाल सकें तो अति उत्तम हो। तभी उनकी पूरी कल्पना का चित्र परिस्फुटित होकर विद्वानो के समक्ष आ सकेगा।

परिभाषाओं में अनेक विशिष्ट टीकाकारो द्वारा की गयी लेश्या की परिभाषाएँ नही दी गयी है। परिभाषाएँ अधिक से अधिक विद्वानों की दी जानी चाहिए थीं। उत्तराध्ययन के, जिसमें लेश्या पर एक अलग ही अध्ययन है, टीकाकार की परिभाषा का अभाव खटकता है। दी गयी परिभाषाओं का हिन्दी अनुवाद भी नहीं दिया गया है, यह भी एक कमी है। सम्पादकों ने परिभाषा सम्बन्धी अपना कोई मतामत भी नहीं दिया है।

जिस प्रकार योग, ध्यान आदि के साथ लेश्या के तुलनात्मक विवेचन दिए गये हैं, उसी प्रकार द्रव्य लेश्या के साथ द्रव्यमन, द्रव्यवचन, द्रव्यकषाय आदि पर तुलनात्मक मूल पाठ या टीकाकारों के कथन नही दिए गए हैं जो दिए जाने चाहिए थे।

विविध शीर्षक के अन्तर्गत विषय अनुक्रम से या वर्गीकरण की शैली से नही दिए गए हैं।

लेश्या-कोश एक पठनीय मननीय ग्रन्थ हुआ है। लेश्याओं को समझने के लिए इसमें यथेष्ट मसाला है तथा शोधकर्त्ताओं के लिए यह अमूल्य ग्रन्थ होगा। रेफरेन्स पुस्तक के हिसाब से यह सभी श्रेणी के पाठकों के लिए उपयोगी होगा। वर्गीकरण की शैली विषय को सहजगम्य बना देती है। सम्पादकगण तथा प्रकाशक इसके प्रकाशन के लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

लेश्या शाश्वत भाव है। जैसे लोक-अलोक-लोकान्त अलोकान्त दृष्टि ज्ञान-कर्म आदि शाश्वत भाव हैं वैसे ही लेश्या भी शाश्वत भाव है।

लोक आगे भी है, पीछे भी है ; लेश्या आगे भी है, पीछे भी है— दोनों अनानुपूर्वी हैं। इनमें आगे-पीछे का क्रम नही है। इसी प्रकार अन्य सभी शाश्वत भावों के साथ लेश्या का आगे-पीछे का क्रम नही है। सब शाश्वत भाव अनादि काल से हैं, अनन्त काल तक रहेंगे (देखें '६४)।

सिद्ध जीव अलेशी होते हैं तथा चतुर्दश गुणस्थान के जीव को छोड़ कर अवशेष ससारी जीव सब सलेशी है। सलेशी जीव अनादि है। अतः यह कहा जा सकता है कि लेश्या और जीव का सम्बन्ध अनादि काल से है।

संसारी जीव भी अनादि काल से है। लेश्या भी अनादि काल से है। इनका सम्बन्ध भी अनादि काल से है (देखें '६४)।

प्राचीन आचार्यों ने 'लेश्या' क्या है इस पर बहुत ऊहापोह किया है लेकिन वे कोई निश्चित परिभाषा नही बना सके। सब से सरल परिभाषा है — **लिश्यते श्लिष्यते आत्मा कर्मणा सहानयेति लेश्या**—आत्मा जिसके सहयोग से कर्मों से लिप्त होती है वह लेश्या है (देखें ०५३'२ (ख))।

एक दूसरी परिभाषा जो प्राचीन आचार्यों में बहुलता से प्रचलित थी वह है -

कृष्णादि द्रव्य साचिव्यात्, परिणामो य आत्मनः।
स्फटिकस्येव तत्रायं, लेश्या शब्द प्रयुज्यते॥

जिस प्रकार स्फटिक मणि विभिन्न वर्णो के सूत्र का सान्निध्य प्राप्त कर उन वर्णो में प्रतिभासित होता है उसी प्रकार कृष्णादि द्रव्यों का सान्निध्य पाकर आत्मा के परिणाम उसी रूप मे परिणत होते है, और आत्मा की इस परिणति के लिये लेश्या शब्द का प्रयोग किया जाता है।

यहाँ जिन कृष्णादि द्रव्यो की ओर इंगित किया गया है वे द्रव्यलेश्या कहलाते हैं तथा आत्मा की जो परिणति है वह भावलेश्या कहलाती है। अभयदेवसूरि ने कहा भी है— **कृष्णादि द्रव्य साचिव्य जनिताऽऽत्मपरिणामरूपां भावलेश्याम्।**

प्राचीन आचार्यों ने लेश्या के विवेचन में निम्नलिखित परिभाषाओ पर विचार किया है :—

१. लेश्या योगपरिणाम है—**योगपरिणामो लेश्या।**
२. लेश्या कर्मनिस्यंद रूप है—**कर्मनिस्यन्दो लेश्या।**

३. लेश्या कषायोदय से अनुरंजित योगप्रवृत्ति है—**कषायोदयरंजिता योगप्रवृत्ति-लेश्या।**

४. जिस प्रकार अष्टकर्मों के उदय से संसारस्थत्व तथा असिद्धत्व होता है उसी प्रकार अष्टकर्मों के उदय से जीव लेश्यत्व को प्राप्त होता है।

लेश्यत्व जीवोदयनिष्पन्न भाव है। अतः कर्मों के उदय से जीव के छः भावलेश्याएँ होती हैं।

द्रव्यलेश्या पौद्गलिक है, अतः अजीवोदयनिष्पन्न होनी चाहिए—**पओगपरिणामए वण्णे, गंधे, रसे, फासे, सेत्तं अजीवोदयनिप्फन्ने** (देखें '०५१'१४)।

द्रव्यलेश्या क्या है ?

१ द्रव्यलेश्या अजीव पदार्थ है।
२—यह अनत प्रदेशी अष्टस्पर्शी पुद्गल है (देखें '१४ व '१५)।
३—इसकी अनंत वर्गणा होती है ('१७)।
४- इसके द्रव्यार्थिक स्थान असंख्यात है ('२१)।
५—इसके प्रदेशार्थिक स्थान अनंत हैं ('२६)।
६—छः लेश्या मे पाँच ही वर्ण होते हैं (२७)
७—यह असंख्यात प्रदेश अवगाह करती है ('१६)।
८—यह परस्पर में परिणामी भी है, अपरिणामी भी है ('१६ व '२०)।
६-- यह आत्मा के सिवाय अन्यत्र परिणत नही होती है ('२० ७)।
१०—यह अजीवोदयनिष्पन्न है ('०५१'१४)।
११ - यह गुरु-लघु है ('२८)।
१२--यह भावितात्मा अनगार के द्वारा अगोचर--अज्ञेय है ('०५१'१३)।
१३—यह जीवग्राही है ('०५१'१०)।
१४—प्रथम की तीन द्रव्यलेश्या दुर्गन्धवाली हैं तथा पश्चात् की तीन द्रव्यलेश्या सुगंधवाली है (पृ० १५)।
१५--प्रथम की तीन द्रव्यलेश्या अमनोज्ञ रसवाली है तथा पश्चात् की तीन द्रव्यलेश्या मनोज्ञ रसवाली है (पृ० १६)।
१६—प्रथम की तीन द्रव्यलेश्या शीतरूक्ष स्पर्शवाली है तथा पश्चात् की तीन द्रव्यलेश्या ऊष्णस्निग्ध स्पर्शवाली हैं (पृ० १६)।
१७—प्रथम की तीन द्रव्यलेश्या वर्ण की अपेक्षा अविशुद्ध वर्णवाली हैं तथा पश्चात् की तीन द्रव्यलेश्या विशुद्ध वर्णवाली हैं (पृ० १६)।
१८—यह कर्म पुद्गल से स्थूल है।
१६—यह द्रव्यकषाय से स्थूल है।
२०—यह द्रव्य मन के पुद्गलों से स्थूल है।
२१—यह द्रव्य भाषा के पुद्गलो से स्थूल है।
२२ —यह औदारिक शरीर पुद्गलो से सूक्ष्म है।
२३—यह शब्द पुद्गलो से सूक्ष्म है।

२४—इसे तैजस शरीर पुद्‌गलों से सूक्ष्म होना चाहिये।
२५—इसे वैक्रिय शरीर पुद्‌गलों से सूक्ष्म होना चाहिये।
२६—यह इन्द्रियों द्वारा अग्राह्य है।
२७—यह योगात्मा के साथ समकालीन है।
२८—यह बिना योग के ग्रहण नही हो सकती है।
२९—यह नोकर्म पुद्‌गल है, कर्म पुद्‌गल नही है।
३०—यह पुण्य नही है, पाप नही है, बंध नही है।
३१—यह आत्मप्रयोग से परिणत है ; अतः प्रायोगिक पुद्‌गल है।
३२—यह कषाय के अन्तर्गत पुद्‌गल नही है ; क्योंकि अकषायी के भी लेश्या होती है लेकिन यह सकषायी जीव के कषाय से संभवतः अनुरंजित होती है।
३३—यह पारिणामिक भाव है।
३४—इसका स्वस्थान अज्ञात है।
३५—देश-बंध—सर्व बंध का लेश्या संबंधी पाठ नही है।

भावलेश्या क्या है ?

१—भावलेश्या जीवपरिणाम है (देखें विषयांकन '४१)।
२—भावलेश्या अरूपी है। यह अवर्णी, अगंधी, अरसी तथा अस्पर्शी है ('४२)।
३ भावलेश्या अगुरुलघु है ('४३)।
४—विशुद्धता-अविशुद्धता के तारतम्य की अपेक्षा से इसके असंख्यात स्थान हैं ('४४)।
५—यह जीवोदयनिष्पन्न भाव है (४६'१)।
६—आचार्यों के कथनानुसार भावलेश्या क्षय-क्षयोपशम, उपशम भाव भी हैं ('४६'२)।
७ - प्रथम की तीन अधर्मलेश्या कही गई हैं तथा पीछे की तीन धर्मलेश्या कही गई हैं (पृ० १६)।
८ प्रथम की तीन भावलेश्या दुर्गति की हेतु कही गई हैं तथा पश्चात् की तीन भावलेश्या सुगति की हेतु कही गई हैं (पृ० १७)।
९—प्रथम की तीन भावलेश्या अप्रशस्त हैं तथा पश्चात् की तीन भावलेश्या प्रशस्त हैं (पृ० १६)।
१०—प्रथम की तीन भावलेश्या संक्लिष्ट हैं तथा पश्चात् की तीन भावलेश्या असंक्लिष्ट हैं (पृ० १७)।
११—परिणाम की अपेक्षा प्रथम की तीन भावलेश्या अविशुद्ध है तथा पश्चात् की तीन भावलेश्या विशुद्ध हैं (पृ० १७)
१२—नव पदार्थ मे भावलेश्या—जीव, आस्रव, निर्जरा है।
१३—आस्रव में योग आस्रव है।
१४—निर्जरा में कौन-सी निर्जरा होनी चाहिए ?
१५—शुभ योग के समय में शुभलेश्या होनी चाहिये या विशुद्धमान लेश्या होनी चाहिए।
१६- अशुभ योग के समय मे अशुभलेश्या होनी चाहिये या संक्लिष्टमान लेश्या होनी चाहिए।
१७—जो जीव सयोगी है वह नियमतः सलेशी है तथा जो जीव सलेशी है वह नियमतः सयोगी है।

प्रतीत होता है कि परिणाम, अध्यवसाय व लेश्या में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। जहाँ परिणाम शुभ होते हैं, अध्यवसाय प्रशस्त होते हैं वहाँ लेश्या विशुद्धमान होती है। कर्मों की निर्जरा के समय में परिणामों का शुभ होना, अध्यवसायों का प्रशस्त होना तथा लेश्या का विशुद्धमान होना आवश्यक है (देखें '६६'२)। जब वैराग्य भाव प्रकट होता है तब इन तीनों में क्रमशः शुभता, प्रशस्तता तथा विशुद्धता होती है (देखें '६६'२३)। यहाँ परिणाम शब्द से जीव के मूल दस परिणामों में से किस परिणाम की ओर इंगित किया गया है यह विवेचनीय है। लेश्या और अध्यवसाय का कैसा सम्बन्ध है यह भी विचारणीय विषय है; क्योंकि अच्छी-बुरी दोनों प्रकार की लेश्याओं में अध्यवसाय प्रशस्त अप्रशस्त दोनों होते हैं (देखें '६६'१६)। इसके विपरीत जब परिणाम अशुभ होते हैं, अध्यवसाय अप्रशस्त होते हैं तब लेश्या अविशुद्ध—संक्लिष्ट होनी चाहिए। जब गर्भस्थ जीव नरक गति के योग्य कर्मों का बन्धन करता है तब उसका चित्त, उसका मन, उसकी लेश्या तथा उसका अध्यवसाय तदुपयुक्त होता है। उसी प्रकार जब गर्भस्थ जीव देव गति के योग्य कर्मों का बन्धन करता है तब उसका चित्त, उसका मन, उसकी लेश्या तथा उसका अध्यवसाय तदुपयुक्त होता है। इससे भी प्रतीत होता है कि इन तीनों का— मन व चित्त के परिणामों का, लेश्या और अध्यवसाय का सम्मिलित रूप से कर्म बन्धन में पूरा योगदान है (देखें '६६'६)। इसी प्रकार कर्म की निर्जरा में भी इन तीनों का पूरा योगदान होना चाहिये।

जीव लेश्या द्रव्यों को ग्रहण करता है तथा पूर्व में गृहीत लेश्या द्रव्यों को नव गृहीत लेश्या द्रव्यों के द्वारा परिणत करता है, कभी पूर्ण रूप से तथा कभी आकार-भाव मात्र— प्रतिबिम्बभाव मात्र से परिणत करता है। जीव द्वारा लेश्या द्रव्यों का ग्रहण किस कर्म के उदय से होता है यह विवेचनीय विषय है। इस विषय पर किसी भी टीकाकार का कोई विशेष विवेचन नहीं है। केवल एक स्थल पर लेश्यत्व को संसारस्थत्व-असिद्धत्व की तरह अष्ट कर्मों का उदय जन्य माना है। लेकिन इससे द्रव्यलेश्या के ग्रहण की प्रक्रिया समझ में नहीं आती है।

आचार्य मलयगिरि का कथन है कि शास्त्रों मे आठों कर्मों के विपाकों का वर्णन मिलता है लेकिन किसी भी कर्म के विपाक में लेश्या रूप विपाक उपदर्शित नहीं है। सामान्यतः सोचा जाय तो लेश्या द्रव्यों का ग्रहण किसी नामकर्म के उदय से होना चाहिए। नाम-कर्मों में भी शरीर नामकर्म के उदय से ही ग्रहण होना चाहिए। यदि लेश्या को योग के अन्तर्गत माना जाय तो द्रव्यलेश्या के पुद्गलों का ग्रहण शरीर नामकर्म के उदय से होना चाहिये; क्योंकि योग शरीर नामकर्म की परिणति विशेष है (देखो पृ० १०)। शुभ नामकर्म के उदय से शुभ लेश्याओं का ग्रहण होना चाहिए तथा अशुभ नामकर्म से अशुभ लेश्या का ग्रहण होना चाहिए। लेकिन तेरापंथ के चतुर्थ आचार्य—जयाचार्य का कहना है कि अशुभ लेश्याओं से पापकर्म का बन्धन होता है तथा पापकर्म का बन्धन केवल मोहनीय कर्म से होता है। अतः अशुभ द्रव्य लेश्याओं का ग्रहण मोहनीय कर्म के उदय के समय होना चाहिये।

अन्यत्र ठाणांग के टीकाकार कहते हैं कि योग वीर्य-अन्तराय के क्षय-क्षयोपशम से होता है।

जब जीव एक योनि से मरण, च्यवन, उद्वर्तन करके अन्य योनि में जाता है तब जाने के पथ में जितने समय लगते हैं उतने समय में वह सलेशी होता है। मरण के समय जीव द्रव्यलेश्या के जिन पुद्गलों को ग्रहण करता है उसी लेश्या में जाकर जन्म-उत्पाद करता है और तदनुरूप ही उसकी भावलेश्या होती है। इस अंतराल गति में सम्भवतः वह द्रव्य-लेश्या के नये पुद्गलों को ग्रहण नही करता है लेकिन मरण— च्यवन के समय द्रव्यलेश्या के जिन पुद्गलों का ग्रहण किया था, वे अवश्य ही उसके साथ में रहते हैं।

एक समय दर्शन चर्चा का था जब पथ, घाट गोष्ठी आदि में सर्वत्र दर्शन चर्चा होती थी जैसे कि आज राजनीति और देश चर्चा होती है। उस समय जीव के अच्छे-बुरे विचारों और परिणामों को वर्णों में वर्णित किया जाता था। कलुप विचारो के लिये कालिमामय वर्ण जैसे कृष्ण-नील-कापोतादि का उपयोग किया जाता था तथा प्रशस्त विचारो के लिए शुभ वर्ण जैसे रक्त-पद्म-शुक्लादि वर्ण का उपयोग किया जाता था। विभिन्न दर्शनो में इस वर्णवाद का किस प्रकार विवेचन किया गया है उसके लिये विषयांकन '९८ देखें। आधुनिक विज्ञान में भी जीव के शरीर से किस वर्ण की आभा निकलती है इसका अनुसंधान हो रहा है यथा उसके तत्कालीन विचारों के साथ वर्णों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया जा रहा है।

लेश्याओं का नामकरण वर्णों के आधार पर हुआ है। इस पर यह कल्पना की जा सकती है कि द्रव्यलेश्या के पुद्गल स्कंधों में वर्ण गुण की प्रधानता है। यद्यपि आगमों मे द्रव्यलेश्या के गंध-रस-स्पर्श गुणों का भी थोडा-बहुत वर्णन है। लेकिन इन तीन गुणो से वर्ण गुण का प्राधान्य अधिक है। जिस प्रकार वस्त्र आदि रंगनेवाले पदार्थों में वर्ण गुण की प्रधानता होती है उसी प्रकार अपने सान्निध्य मात्र से आत्मपरिणामों को प्रभावित करनेवाले द्रव्लेश्या के पुद्गलो में वर्ण गुण की प्रमुखता होती है। जिस प्रकार स्फटिक मणि पिरोये हुए सूत्र के वर्ण को प्रतिभासित करता है उसी प्रकार द्रव्यलेश्या अपने वर्ण के अनुसार आत्म परिणामों को प्रभावित करती है।

प्राचीन आचार्यों की यह धारणा रही है कि देह-वर्ण ही द्रव्यलेश्या है। विशेष करके नारकी और देवताओं की द्रव्यलेश्या—उनके शरीर का वर्ण रूप ही है। दिगम्बर जैनाचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती लेश्या की परिभाषा शरीर के वर्ण के आधार पर ही करते हैं।

'वण्णोदयसंपादितसरीरवण्णो दु दव्वदो लेस्सा।'

अर्थात् वर्ण नाम कर्म के उदय से जो शरीर का वर्ण (रंग) होता है उसको द्रव्यलेश्या कहते हैं। यह परिभाषा ठीक नही है। मनुष्यों में गोरी चमडी का जीव भी हिटलर की तरह अशुभलेशी हो सकता है। अतः शरीर के वर्ण से लेश्या का कोई सम्बन्ध नही होना चाहिये। आगमों में नारकी और देवताओं के शरीर और लेश्या का वर्ण अलग-अलग प्रतिपादित है तथा उनके शरीर के वर्ण और लेश्या के वर्ण में किंचित् अंतर भी है। अतः नारकी और देवताओ के शरीर के वर्ण को ही उनकी लेश्या नही कहनी चाहिये।

विषयांकन '६६'१२ तथा '६६'१३ में क्रमशः वैमानिक देवों तथा नारकियों के शरीर के वर्ण का तथा उनकी लेश्याओं का वर्णन है जिसका चार्ट भी दिया गया है।

इसको देखने से पता चलता है कि रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी के शरीर का वर्ण काला या कालावभास तथा परम कृष्ण होता है लेकिन लेश्या कापोत नाम की कापोत वर्णवाली ही होती है। इस विषय में और भी अनुसंधान करने की आवश्यकता है।

भावलेश्या जीव परिणामों के दस भेदों में से एक भेद है। अतः जीव की एक परिणति विशेष है। टीकाकारों के अनुसार जीव की लेश्यत्व रूप परिणति आत्म प्रदेशों के साथ कृष्णादि द्रव्यों के साचिव्य—सान्निध्य से होती है। यह साचिव्य या सान्निध्य किस कर्म या कर्मों से होता है—यह विवेचनीय है।

लेश्यत्व जीवोदयनिष्पन्न भाव है। अतः कर्म या कर्मों के उदय से जीव के आत्म-प्रदेशों से कृष्णादि द्रव्यों का सान्निध्य होता है तथा तज्जन्य जीव के छः भावलेश्यायें होती हैं। अतः लेश्या को उदयनिष्पन्न भाव कहा गया है। निर्युक्तिकार भी कहते हैं—

भावे उदओ भणिओ, छण्हं लेसाण जीवेसु।

जीवों में—उदयभाव से छः लेश्यायें होती हैं। निर्युक्तिकार के अनुसार विशुद्ध भाव-लेश्या—कषायों के उपशम तथा क्षय से भी होती है। अतः औपशमिक तथा क्षायिक भाव भी हैं। निर्युक्ति की इस गाथा पर टीकाकार का कथन है कि विशुद्ध लेश्या को जो औप-शमिक तथा क्षायिक भाव कहा गया है वह एकान्त विशुद्धि की अपेक्षा से कहा गया है अन्यथा क्षायोपशमिक भाव में भी तीनों विशुद्ध लेश्यायें होती हैं।

गोम्मटसार के कर्ता भी मोहनीय कर्म के उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशम से जीव के प्रदेशों की जो चंचलता होती है उसमे भावलेश्या मानते हैं।

'लेश्या' के कर्मलेश्या (कम्मलेस्सा) तथा सकर्म लेश्या (सकम्मलेस्सा) दो पर्यायवाची शब्द हैं। कर्मलेश्या शब्द आत्मप्रदेशों को कर्मों से लिश्य—लिप्त करनेवाली प्रायोगिक द्रव्य-लेश्या का द्योतक है। इसको भावितात्मा अनगार पौद्गलिक सूक्ष्मता के कारण न जान सकता है, न देख सकता है। दूसरा पर्यायवाची शब्द सकर्मलेश्या—चन्द्र, सूर्य आदि से निर्गत ज्योति, प्रभा आदि विस्रसा द्रव्यलेश्याओं का द्योतक है (देखे '०२)।

सविशेषण—ससमास लेश्या शब्दों में कितने ही शब्द प्रायोगिक द्रव्य और भाव-लेश्या से संबंधित हैं। शब्द नं० १४-१५-१६ तेजोलब्धि जन्य लेश्या से संबंधित हैं। 'अवहिल्लेस्सं' जैसे शब्द भावितात्मा अनगार की लेश्या के द्योतक हैं (देखो '०४)।

द्रव्यलेश्या विस्रसा यद्यपि जीवपरिणाम से संबंधित नहीं है तो भी सम्पादकों ने द्रव्यलेश्या विस्रसा संबंधी कतिपय पाठ इस पुस्तक में उद्धृत किये हैं। ऐसा उन्होंने द्रव्य-लेश्या प्रायोगिक के साथ तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से ही किया होगा। द्रव्यलेश्या प्रायोगिक तथा द्रव्यलेश्या विस्रसा के पुद्गलों में परस्पर क्या समानता अथवा भिन्नता है इस सम्बन्ध में सम्पादकों ने कोई पाठ नहीं दिया है (देखे '३)।

विशिष्ट तपस्या करने से बाल तपस्वी, अनगार तपस्वी आदि को तेजोलेश्या रूप तेजोलब्धि की प्राप्ति होती है। देवताओं में भी तेजोलेश्यालब्धि होती है। यह तेजोलेश्या प्रायोगिक द्रव्यलेश्या के तेजोलेश्या भेद से भिन्न प्रतीत होती है। यह तेजोलेश्या दो प्रकार की होती है—(१) शीतोष्ण तेजोलेश्या तथा (२) शीतल तेजोलेश्या। शीतोष्ण तेजोलेश्या ज्वाला—दाह पैदा करती है, भस्म करती है। आजकल के अणुबम की तरह

इसमें अंग, बंग इत्यादि १६ जनपदों को घात, वध, उच्छेद तथा भस्म करने की शक्ति होती है।

शीतल तेजोलेश्या में शीतोष्ण तेजोलेश्या से उत्पन्न ज्वाला—दाह को प्रशान्त करने की शक्ति होती है। वैश्यायण बाल तपस्वी ने गोशालक को भस्म करने के लिए शीतोष्ण तेजोलेश्या निक्षिप्त की थी। भगवान महावीर ने शीतल तेजोलेश्या छोड़कर उसका प्रतिघात किया था। निक्षेप की हुई तेजोलेश्या का प्रत्याहार भी किया जा सकता है।

तेजोलेश्या जब अपने से लब्धि में अधिक बलशाली पुरुष पर निक्षेप की जाती है तब वह वापस आकर निक्षेप करने वाले के भी ज्वाला-दाह उत्पन्न कर सकती है तथा उसको भस्म भी कर सकती है।

यह तेजोलेश्या जब निक्षेप की जाती है तब तैजस शरीर का समुद्घात करना होता है तथा इस तेजोलेश्या के निर्गमन काल में तैजस शरीर नामकर्म का परिशात (क्षय) होता है। निक्षिप्त की हुई तेजोलेश्या के पुद्गल अचित्त होते हैं (देखें '२५, '६६'४, '६६'१४, '६६'१५)।

और एक प्रकार की तेजोलेश्या का वर्णन मिलता है। उसे टीकाकार सुखासीकाम अर्थात् आत्मिक सुख कहते हैं। देवता पुण्यशाली होते हैं तथा अनुपम सुख का अनुभव करते हैं फिर भी पाप से निवृत्त आर्य अनगार को प्रव्रज्या ग्रहण करने से जो आत्मिक सुख का अनुभव होता है—वह देवताओं के सुख को अतिक्रम करता है अर्थात् उनके सुख से श्रेष्ठ होता है यथा पाप से निवृत्त पाँच मास की दीक्षा की पर्यायवाला आर्य श्रमण निर्ग्रन्थ चन्द्र और सूर्य देवताओं के सुख से भी अधिक उत्तम सुख का अनुभव करता है। (देखें '२५'५)

यह निश्चित नियम है कि जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके मरण को प्राप्त होता है उसी लेश्या में जाकर उत्पन्न होता है। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि जीव जैसी भावलेश्या के परिणामों को लेकर मरता है वैसी ही भावलेश्या के परिणामों के साथ परभव में जाकर उत्पन्न होता है (देखें '५७)।

अब यह प्रश्न उठता है कि कृष्णलेशी जीव परभव में जाकर जिस जीव के गर्भ मे उत्पन्न होता है वह जीव क्या कृष्णलेशी ही होना चाहिये? ऐसा नियम नहीं है। कृष्णलेशी जीव छओं लेश्याओं में से किसी भी लेश्या वाले जीव के गर्भ में उत्पन्न हो सकता है। इसी प्रकार अन्य लेश्याओं के विषय में भी समझना चाहिये ('५५)।

मरण के समय लेश्या परिणाम तीन प्रकार के होते हैं (१) स्थित परिणाम (२) संक्लिष्ट परिणाम तथा (३) पर्यवजात परिणाम अर्थात् विशुद्धमान परिणाम। बालमरणवाले जीवों के तीनों प्रकार के लेश्या परिणाम हो सकते हैं। बालपंडित मरणवाले जीव के यद्यपि मूल पाठ में तीन प्रकार के परिणामों का वर्णन है फिर भी टीकाकार कहते हैं कि उस जीव के केवल स्थित लेश्या परिणाम होने चाहिये। इसी प्रकार पंडित मरणवाले जीव के भी मूल पाठ में तीन प्रकार के परिणाम बतलाये गए हैं लेकिन टीकाकार ने कहा है कि उस जीव के केवल पर्यवजात अर्थात् विशुद्धमान लेश्या के परिणाम होने चाहिये (देखें '६६)।

देवता और नारकी को छोड़ कर सामान्यतः अन्य जीवों के लेश्या परिणाम एक लेश्या से दूसरी लेश्या के परिणाम में अन्तर्मुहूर्त में परिणमित होते रहते हैं। प्रश्न उठता है कि एक लेश्या से जब अन्य लेश्या में परिणमन होता है तो वह क्रमबद्ध होता है अथवा क्रम व्यतिक्रम करके भी हो सकता है।

विषयांकन '१६ के पाठों से अनुभूत होता है कि क्रमबद्ध परिणमन हो ऐसा एकान्त नियम नहीं है। कृष्णलेश्या नीललेश्या के पुद्गलों को प्राप्त होकर नीललेश्या में परिणमन करती है तथा कापोत, तेजो, पद्म और शुक्ल लेश्या पुद्गलों को प्राप्त होकर उस-उस लेश्या के वर्ण-गंध-रस-स्पर्श रूप में परिणत हो जाती है। ऐसा कोई एकान्त नियम नहीं मालूम पड़ता है कि कृष्णलेश्या को शुक्ल लेश्या में परिणमन करने के लिये पहिले नील में, फिर कापोत में, फिर क्रम से शुक्ललेश्या में परिणत होना होगा। कृष्णलेश्या शुक्ललेश्या के पुद्गलों को प्राप्त होकर सीधे शुक्ललेश्या में परिणत हो सकती है।

लेश्या आत्मा—आत्मप्रदेशों में ही परिणमन करती है, अन्यत्र नही करती है। इससे पता चलता है कि संसारी आत्मा का लेश्या के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है और वह अनादि काल से चला आ रहा है। जीव जब तक अन्तक्रिया नहीं करता है तब तक यह सम्बन्ध चलता रहता है और आत्मा में लेश्याओ का परिणमन होता रहता है (देखें '२०'७)।

कृष्ण यावत् शुक्ल लेश्या में 'वट्टमान'—वर्तता हुआ जीव और जीवात्मा एक हैं, अभिन्न हैं, दो नही है। जब जीवात्मा (पर्यायात्मा) लेश्या परिणामों में वर्तता है तब वह जीव यानि द्रव्यात्मा से भिन्न नही है, एक है। अर्थात् वही जीव है, वही जीवात्मा है (देखें '६६'१०)।

रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी सब कापोतलेशी होते हैं। उनकी एक वर्गणा कही गई है (देखे '५२)। लेकिन वे सब समलेशी नही हैं ; अर्थात् उनकी लेश्या के स्थान समान नही हैं। जो पूर्वोपपन्नक हैं उनकी लेश्या जो पश्चादुपपन्नक हैं उनसे विशुद्धतर है क्योंकि पूर्व में उत्पन्न हुए नारकी ने बहुत से अप्रशस्त लेश्या द्रव्यों का अनुभव किया है तथा अनुभव करके क्षीण किया है। इसलिए वे विशुद्धतर लेश्या वाले हैं तथा पश्चात् उत्पन्न हुए नारकी इसके विपरीत अविशुद्ध लेश्या वाले होते हैं। यह पाठ समान स्थिति वाले नारकी की अपेक्षा से ही समझना चाहिए। (देखें '५६, '६१)।

पूर्वोपपन्नक नारकी की यह लेश्या-विशुद्धि किसी कर्म के क्षय से होती है अथवा जैसा कि टीकाकर कहते हैं कि लेश्या पुद्गलों का अनुभव कर करके लेश्या पुद्गलो का क्षय करने से होती है? यदि टीकाकार की बात ठीक मानी जाय तो लेश्या के परिणमन तथा उसके ग्रहण और क्षय के साथ कर्मों का सम्बन्ध नहीं बैठता है। यह विषय सूक्ष्मता के साथ विवेचन करने योग्य है।

लेश्या और योग का अविनाभावी सम्बन्ध है। जहाँ लेश्या है वहाँ योग है ; जहाँ योग है वहाँ लेश्या है। फिर भी दोनों भिन्न-भिन्न तत्त्व हैं। भावतः लेश्या परिणाम तथा योगपरिणाम जीव परिणामों में अलग-अलग बतलाये गये हैं। अतः भिन्न हैं। द्रव्यतः मनोयोग तथा वाक्योग के पुद्गल चतुःस्पर्शी हैं तथा काययोग के पुद्गल अष्टस्पर्शी स्थूल हैं। लेश्या के पुद्गल अष्टस्पर्शी तो हैं लेकिन सूक्ष्म हैं ; क्योंकि लेश्या के पुद्गलों को भावितात्मा

अनगार न जान सकता है, न देख सकता है। अतः द्रव्यतः भी योग और लेश्या भिन्न-भिन्न हैं।

लेश्यापरिणाम जीवोदयनिष्पन्न है (·४६·१) तथा योग वीर्यान्तराय कर्म के क्षय-क्षयोपशम जनित है (देखें ठाण० स्था ३। सू० १२४ की टीका)। कहा भी है—योग वीर्य से प्रवाहित होता है (देखें भग० श १। उ ३। प्र० १३०)।

जीव परिणामों का विवेचन करते हुए ठाणांग के टीकाकार लेश्या परिणाम के बाद योगपरिणाम क्यों आता है, इसका कारण बतलाते हुए कहते हैं कि योग परिणाम होने से लेश्या परिणाम होते हैं तथा समुच्छिन्न क्रिया-ध्यान अलेशी को होता है। अतः परिणाम के अनंतर योग परिणाम का वर्णन किया गया है। जिस प्रकार द्रव्य मन और द्रव्य वचन के पुद्गल काय योग से गृहीत होते हैं उसी प्रकार लेश्या-पुद्गल भी काययोग के द्वारा ग्रहण होने चाहिए। तेरहवें गुणस्थान के शेष के अंतर्मुहूर्त में मनोयोग तथा वचनयोग का सम्पूर्ण निरोध हो जाता है तथा काययोग का अर्ध निरोध हो जाता है तब लेश्या परिणाम तो होता है लेकिन काययोग की अर्धता-क्षीणता के कारण द्रव्यलेश्या के पुद्गलों का ग्रहण रुक जाना चाहिए। १४वें गुणस्थान के प्रारंभ में जब योग का पूर्ण निरोध हो जाता है तब लेश्या का परिणमन भी सर्वथा रुक जाता है। अतः तब जीव अयोगी—अलेशी हो जाता है।

योग और लेश्या में भिन्नता प्रदर्शित करनेवाला एक विषय और है। वह है वेदनीय कर्म का बंधन। सयोगी जीव के प्रथम दो भंग से अर्थात् (१) बांधा है, बांधता है, बांधेगा, (२) बांधा है, बांधता है, बांधेगा नहीं—से वेदनीय कर्म का बंध होता है। लेकिन सलेशी के प्रथम, द्वितीय तथा चतुर्थ भंग—(४) बांधा है, न बांधता है, न बांधेगा से वेदनीय कर्म का बंध होता है (देखें ·६६·२४)। सलेशी के (शुक्ललेशी सलेशी के) चतुर्थ भंग से वेदनीय कर्म का बंधन समझ के बाहर की बात है। फिर भी मूल पाठ में यह बात है तथा टीकाकार भी इसका कोई विवेकपूर्ण एक्स्प्लेनेमन नहीं दे सके हैं। टीकाकार ने घंटा लाला न्याय की दोहाई देकर अवशेष बहुश्रुत गम्य करके छोड़ दिया है।

लेश्या एक रहस्यमय विषय है तथा इसके रहस्य की गुत्थी इस कलिकाल में खुलनी कठिन है। फिर भी यह बड़ा रोचक विषय है। सम्पादकों ने इसका वर्गीकरण बड़े सुन्दर ढंग से किया है जो इसको समझने में अति सहायक होता है। सम्पादकों से निवेदन है कि वे दिगम्बर संकलन को शीघ्र ही प्रकाशित कर दें जिससे पाठकों को इसकी अनसुलझी गुत्थियाँ सुलझाने में सम्भवतः कुछ सहायता मिल सके। इत्यलम्।

कलकत्ता-२६,
आषाढ़ शुक्ला दशमी,
वि० संवत् २०२३

हीराकुमारी बोथरा
(व्याकरण—सांख्य—वेदान्त तीर्थ)

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ

विषय		पृष्ठ
·५	लेश्या और जीव	९०-१४५

विषय		पृष्ठ
·७८	सलेशी जीव और कर्म प्रकृति का सत्ता-बंधन-वेदन	१९५
·७९	सलेशी जीव और अल्पकर्मतर-बहुकर्मतर	१९८
·८०	सलेशी जीव और अल्पऋद्धि-महाऋद्धि	१९९
·८१	सलेशी जीव और बोधि	२०१
·८२	सलेशी जीव और समवसरण	२०१
·८३	सलेशी जीव और आहारक-अनाहारकत्व	२०८
·८४	सलेशी जीव के भेद	२०९
·८५	सलेशी क्षुद्रयुग्म जीव	२०९
·८६	सलेशी महायुग्म जीव	२१४
·८७	सलेशी राशियुग्म जीव	२२४
·८८	सलेशी जीवों का आठ पदों से विवेचन	२३०
·८९	सलेशी जीव और अल्पबहुत्व	२३२
·९	**लेश्या और विविध विषय**	**२४६—२५७**
·९१	लेश्याकरण	२४६
·९२	लेश्यानिर्वृत्ति	२४६
·९३	लेश्या और प्रतिक्रमण	२४७
·९४	लेश्या शाश्वत भाव है	२४७
·९५	लेश्या और ध्यान	२४८
·९६	लेश्या और मरण	२५०
९७.	लेश्या परिणामों को समझाने के लिए दृष्टान्त	२५१
·९८	जैनेतर ग्रन्थो में लेश्या के समतुल्य वर्णन	२५४
·९९	**लेश्या सम्बन्धी फुटकर पाठ**	**२५७—२८३**
·९९·१	भिक्षु और लेश्या	२५७
·९९·२	देवता और उनकी दिव्य लेश्या	२५८
·९९·३	नारकी और लेश्या परिणाम	२५८
·९९·४	निक्षिप्त तेजोलेश्या के पुद्गल अचित्त होते हैं	२५९
·९९·५	परिहारविशुद्ध चारित्री और लेश्या	२५९
·९९·६	लेसणा-बंध	२६०
·९९·७	नारकी और देवता की द्रव्यलेश्या	२६०

विषय | पृष्ठ

'० शब्द-विवेचन

'०१ व्युत्पत्ति

'०१।१ प्राकृत शब्द 'लेश्या' की व्युत्पत्ति

रूप=लेसा, लेस्सा।

लिंग=स्त्रिलिंग।

धातु—लिस् (स्वप) सोना, शयन करना।

लिस् (श्लिष्) आलिगन करना।

लिस्स (देखो लिस्) (श्लिष्) लिस्संति।

पाइ० पृष्ठ ६०२

इसमें लेस्सा पारिभाषिक शब्द के मूल धातु का संकेत नहीं है। श्लिष् भाव लिया जाय तो 'लिस्स' धातु से लिस्सा तथा ल की इ का विकार से ए—लेस्सा शब्द बन सकता है। टीकाकारों ने "लिश्यते—श्लिष्यते कर्मणा सह आत्मा अनयेति लेश्या" ऐसा अर्थ ग्रहण किया है। अतः लिस्स को ही 'लेस्सा' का मूल धातु रूप मानना चाहिये।

यदि संस्कृत शब्द लेश्या का प्राकृत रूप 'लेस्सा' बना ऐसा माना जाय तो लेश्या शब्द के 'श' का दंती 'स' में विकार, य का लोप तथा स का द्वित्व ; इस प्रकार लेस्सा शब्द बन सकता है, यथा—वेश्या से वेस्सा।

यदि लेश्या का पारिभाषिक अर्थ से भिन्न अर्थ तेज, ज्योति, आदि लिया जाय तो 'लस' धातु से लेस्सा शब्द की व्युत्पत्ति उपयुक्त होगी। 'लस' का अर्थ पाइ० में चमकना अर्थ भी दिया है अतः तेज ज्योति अर्थ वाला लेस्सा शब्द इससे (लस धातु से) व्युत्पन्न किया जा सकता है।

'०१।२ संस्कृत 'लेश्या' शब्द की व्युत्पत्ति

लिश् धातु में यत्+टाप् प्रत्ययों से लेश्या शब्द की व्युत्पत्ति बनती है।

(क) लिश् धातु से दो रूप बनते हैं—(१) लिशति, (२) लिश्यति।

लिशति=जाना, सरकना।

लिश्यति=छोटा होना, कमना।

लेकिन लेश्या शब्द का ज्योति अर्थ भी मिलता है लेकिन वह दोनों धातु अर्थों से मैल नहीं खाता।

देखो आप्टे संस्कृति अंग्रेजी छात्र कोष पृ० ४८३

(ख) लिश्=फाड़ना, तोड़ना ; विलिशा=टूटा हुआ।

देखो संस्कृत अंग्रेजी कोष—सम्पादक, आर्थर अन्थोनी मैक्डोनल्ड, प्रकाशक—ओक्स्फोर्ड विश्वविद्यालय, सन् १६२४। इस कोश में लेश्या शब्द नहीं है।

(ग) लिश् (रिश् का पिछला रूप) लिश्यते=छोटा होना, कमना।

लिशति=जाना, सरकना।

लेश=कण।

देखो संस्कृति-अंग्रेजी कोष—सर मोनियर मोनियर विलियम्—प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास सन् १६६३।

इस कोष में भी लेश्या शब्द नहीं है।

.०१।३ पाली में लेश्या शब्द

पाली कोषों में लेसा या लेस्सा शब्द नहीं मिलता है। लेम शब्द मिलता है।

लेस—(१) कण।

(२) नकली, बहाना, चालाकी।

दूसरे अर्थ में Vin : III : 169 मे 'लेम' के दश भेद बताये हैं, यथा—

जाति, नाम, गोत्र, लिग, आपत्ति, पत्र, चीवर, उपाध्याय, आचार्य, सेनासन।

(देखो पाली अंग्रेजी कोश—सम्पादक रिमडेभिडस्—यकार खण्ड—पन्ना ४४—प्रकाशक पाली टेक्स्ट सोसाइटी)

(देखो कन्साइज पाली अंग्रेजी कोश—बुद्धदत्त महाथेरा—प्रकाशक—यु-चन्द्रदास डी सिल्भा सन् १६४६—कोलम्बो)

लेस शब्द का अर्थ लेस्सा शब्द से नहीं मिलता है।

.०२ लेश्या शब्द के पर्यायवाची शब्द

१ कम्मलेस्सा

(क) छण्हंपि कम्मलेसाणं।

उ० अ० ३४। गा० १। तृतीय चरण। पृ० १०४५।

(ख) अणगारेणं भंते ! भावियप्पा । अप्पणो कम्मलेस्सं ण जाणइ ण पासइ ।

भग० श० १४ । उ० ६ । प्र० १ । पृ० ७०६ ।

२ सकम्मलेस्सा

(क) तं (भावियप्पा अगणारं) पुण जीव सरूवीं सकम्मलेस्सं जाणइ पासइ ।

भग० श० १४ । उ० ६ । प्र० १ । पृ० ७०६ ।

(ख) कयरे णं भंते ! सरूवीं सकम्मलेस्सा पोग्गला ओभासंति जाव पभासेंति ? गोयमा ! जाओ इमाओ चंदिम-सूरियाणं देवाणं विमाणेहिंतो लेस्साओ × × × जाव पभासेंति ।

——भग० श० १४ । उ० ६ । प्र० ३ । पृ० ७०६ ।

·०३ लेश्या शब्द के अर्थ

१ आत्मा का परिणाम विशेष—पाइ० ६०५ ।

२ आत्म-परिणाम निमित्त भूत कृष्णादि द्रव्य विशेष—पाइ० ६०५ ।

३ अध्यवसाय—अभिधा० ६७४ ।

आया० श्रु० १ । अ० ६ । उ० ५ सू० ५ पृ० २२ ।

४ अन्तकरण वृत्ति—अभिधा० ६७४ । आया १।८।५ ।

(आयारंग का पाठ खोजकर उपरोक्त सन्दर्भ में नहो मिला) ।

५ तेज—पाइ० ६०५ ।

६ दिप्ति—पाइ० ६०५ । विवा० (चोकसी मोदी) शब्दकोष पृ० ११० ।

७ ज्योति—आप्तेकोष० पृ० ४८३ ।

प्रकाश-उजियाला=संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ पृ० ६६७ ।

८ किरण—पाइ० ६०५ (सुज्ज० १६)

९ मण्डल बिम्ब—पाइ० ६०५ । सम० १५ । पृ० ३२८ ।

१० देह सौन्दर्य—पाइ० ६०५ । राज० ॥

११ ज्वाला—पाइ० द्वि० सं० ७२६ ।

१२ सुख—भग० श० १४ उ० ६ प्र० १२ । पृ० ७०७ ।

१३ वर्ण—भग० श० १४ उ० ६ प्र० १०-११ । पृ० ७०७ ।

·०४–सविशेषण–ससमास लेश्या-शब्द

१ दव्वलेस्सं—भग० श १२ । उ ५ । प्र० १६ (पृ० ६६४)
२ भावलेस्सं— ,, ,,
३ कण्हलेस्सा—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १२ (पृ० ४३७)
४ नीललेस्सा— ,, ,,
५ काऊलेस्सा— ,, ,,
६ तेऊलेस्सा— ,, ,,
७ पम्हलेस्सा— ,, ,,
८ सुक्कलेस्सा— ,, ,,
९ सलेस्सा—पण्ण० प १८ । सू० ६ । द्वा ८ (पृ० ४५६)
१० अलेस्सा— ,, ,,
११ लेस्सागइ—पण्ण० प १६ । सू० १४ (पृ० ४३३)
१२ लेस्साणुवायगइ— ,, ,,
१३ लेस्साभिताव—भग० श ८ । उ ८ । प्र ३८ (पृ० ५६०)
१४ संखित्तविउलतेऊलेस्से—भग० श २ । उ ५ । प्र ३६ (पृ० ४३०)
१५ सिओसिणतेऊलेस्सं—भग० श० १५ । पद ६ (पृ० ७१४)
१६ सियलीयंतेऊलेस्सं— ,, ,,
१७ चन्दलेस्सं—सम० ३ (पृ० ३१८)
१८ किट्ठिलेस्सं—सम० ४ (पृ० ३१६)
१९ सूरलेस्सं—सम० ५ (पृ० ३२०)
२० वीर लेस्सं—सम० ६ (पृ० ३२०)
२१ पम्हलेस्सं—सम० ९ (पृ० ३२३)
२२ सुज्जलेस्सं— ,,
२३ रूइल्ललेस्सं— ,,
२४ बंभलेस्सं—सम० ११ (पृ० ३२५)
२५ लोगलेस्सं—सम० १३ (पृ० ३२७)
२६ वजलेस्सं—सम० १३ (पृ० ३२७)
२७ वइरलेस्सं— ,,
२८ असिलेस्सा—सम० १५ (पृ० ३२८)
२९ नन्दलेस्सा—सम० १५ (पृ० ३२९)

३० पुप्फलेस्सं—सम० २० (पृ० ३३३)

३१ सुहलेस्सा—चन्द० प्रा १६ (पृ० ७४५)

३२ मन्दलेस्सा— ,,

३३ चित्तंतरलेस्सा—चन्द० प्रा० १६ (पृ० ७४५)

३४ चरिमलेस्संतर—चन्द० प्रा ५ (पृ० ६६४)

३५ छिन्नलेस्साओ—चन्द० प्रा० ६ (पृ० ७८०)

३६ मन्दायवलेस्सा—चन्द० प्रा १६ (पृ० ७४६)

३७ लेस्सा अणुवद्ध चारिणो—चन्द० प्रा० २० (पृ० ७४८)

३८ समलेस्सा—भग० श १ । उ २ । प्र० ७५-७६ (पृ० ३६१)

३६ विसुद्धलेस्सतरागा— ,,

४० अविशुद्धलेस्सतरागा— ,,

४१ चक्खुलोयणलेस्सं—राय० सू० २८ (पृ० ४६)

४२ अबहिल्लेस्से—आया० श्र १ । अ ६ । उ ५ । सू १६२ (पृ० २२)
—भग० श २ । उ १ । प्र १८ (पृ० ४२२)
—पण्हा श्रु २ अ ५ । सू २६ (पृ० १२३६)

४३ दिव्वाए लेस्साए—पण्ण० प २ । सू २८ (पृ० २६६)

४४ सीयलेस्सा——जीवा० प्रति ३ उ २ । सू १७६ (पृ० ३२०)

४५ परम कण्हलेस्से—पण्ण० प २३ । उ २ । सूत्र ३६ । (पृ० ४६६)

४६ परम सुक्कलेस्साए—भग० श २५ । उ ६ । प्र० ६० । पृ० ८८२

·०५ परिभाषा के उपयोगी पाठ

·०५१ द्रव्यलेश्या की परिभाषा के उपयोगी पाठ

·१ वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श।

कण्हलेस्सा णं भन्ते ! कइ वण्णा, कइ रसा, कइ गन्धा, कइ फासा पन्नत्ता ? गोयमा ! दव्व लेस्सं पडुच्च पंच वण्णा, जाव अट्ठफासा पन्नत्ता × × × एवं जाव सुक्कलेस्सा ।

—भग० श १२ । उ ५ । प्र १६ (पृ० ६६४)

·२ छ लेश्या और पाँच वर्ण ।

एयाओ णं भन्ते ! छल्लेस्साओ कईसु वण्णेसु साहिज्जंति ? गोयमा ! पंचसु वण्णेसु साहिज्जंति, तंजहा—कण्हलेस्सा कालेएणं वण्णेणं साहिज्जई, नीललेस्सा

नीलवण्णेणं साहिज्जई, काऊलेस्सा काललोहिएणं वण्णेणं साहिज्जइ, तेऊलेस्सा लोहियेणं वण्णेणं साहिज्जइ, पम्हलेस्सा हालिद्दएणं वण्णेणं साहिज्जइ, सुक्कलेस्सा सुक्किल्लएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

—पण्ण० प १७ | उ ४ | सू ४० (पृ० ४४७)

·३ पुद्गल भी वर्ण, गंध, रस, स्पर्शी है अतः द्रव्यलेश्या पुद्गल है।

पोग्गलत्थिकाएणं भन्ते ! कइ वण्णे, कइ गन्धे, कइ रसे, कइ फासे पन्नते ? गोयमा ! पंच वण्णे, पंच रसे, दुगंधे, अट्ठफासे।

—भग० श २ | उ० १० | प्र ५७ (पृ० ४३४)

·४ द्रव्यलेश्या पुद्गल है अतः पुद्गल के गुण भी द्रव्यलेश्या में है।

पोग्गलत्थिकाए रूवी, अजीवे, सासए, अवट्ठिए, लोग दव्वे, से समासओ पंचविहे पन्नत्ते—तंजहा—दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

१—दव्वओ णं पोग्गलत्थिकाए अणंताइं दव्वाइं,

२—खेत्तओ लोयप्पमाणमेत्ते,

३—कालओ न कयाइ, न आसी, जाव णिच्चे,

४—भावओ वण्णमंते, गंध-रस-फासमन्ते।

५—गुणओ गहण गुणे।

—भग० श २ | उ १० | प्र ५७ (पृ० ४३४)

·५ द्रव्यलेश्या अनन्त प्रदेशी है।

कण्हलेस्साणं भन्ते ! कइ पएसिया पन्नत्ता ? गोयमा ! अणंत पएसिया पन्नत्ता, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

पण्ण० प १७ | उ० ४ | सू ४६ (पृ० ४४६)

·६ द्रव्यलेश्या असंख्यात् प्रदेशी क्षेत्र-अवगाह करती है।

कण्हलेस्साणं भन्ते ! कइ पएसोगाढा पन्नत्ता ? गोयमा ! असंखेज्जपएसोगाढा पन्नत्ता।

पण्ण० प १७ | उ ४ | सू ४६ (पृ० ४४६)

·७ द्रव्यलेश्या की अनन्त वर्गणा होती है।

कण्हलेस्साएणं भन्ते ! केवइयाओ वग्गणाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! अणंताओ वग्गणाओ पन्नत्ताओ एवं जाव सुक्कलेस्साए।

पण्ण० प १७ | उ ४ | सू ४६ (पृ० ४४६)

'८ द्रव्यलेश्या के असंख्यात् स्थान है।

केवइया णं भन्ते! कण्हलेस्सा ठाणा पन्नत्ता? गोयमा! असंखेज्जा कण्हलेस्सा ठाणा पन्नत्ता, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

पण्ण० प १७। उ ४। सू ५० (पृ० ४४६)

'९ द्रव्यलेश्या गुरुलघु है।

कण्हलेस्साणं भन्ते! किं गुरूया, जाव अगुरूलहुया? गोयमा! णो गुरूया, णो लहुया, गुरूयलहुयावि, अगुरूलहुयावि। से केणट्ठेणं? गोयमा! दव्वलेस्सं पडुच्च ततियपएणं, भावलेस्सं पडुच्च चउत्थपएणं, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

भग० श १। उ ९। प्र० २८९-९० (पृ० ४११)

'१० द्रव्यलेश्या जीवग्राह्य है।

जल्लेसाइं दव्वाइं परिआइत्ता कालं करेइ (जीव) तल्लेस्सेसु उववज्जइ।

भग० श ३। उ ४। प्र १७ पृ० ४५६

'११ द्रव्यलेश्या परस्पर परिणामी है।

से नूणं भन्ते! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ता रूवत्ताए, ता वण्णत्ताए, ता गधत्ताए ता रसत्ताए ता फासत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ।

पण्ण० प १७। उ ५। प्र ५४ (पृ० ४५०)

'१२ द्रव्यलेश्या परस्पर कदाचित् अपरिणामी भी है।

से नूणं भन्ते! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प णो ता रूवत्ताए जाव णो ता फासत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ? हंता गोयमा! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प णो ता रूवत्ताए, णो ता वन्नत्ताए, णो ता गंधत्ताए, णो ता रसत्ताए, णो ता फासत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ। से केणट्ठेणं भन्ते! एवं वुच्चइ? गोयमा! आगारभावमायाए वा से सिया, पलिभागभावमायाए वा से सिया।

पण्ण० प १७। उ ५। प्र ५५ (पृ० ४५०)

'१३ द्रव्यलेश्या (सूक्ष्मत्व के कारण) छद्मस्थ अगोचर—अज्ञेय है।

अणगारे णं भन्ते! भावियप्पा अप्पणो कम्मलेस्सं न जाणइ पासइ तं पुण जीव सरूविं सकम्मलेस्सं जाणइ पासइ? गोयमा! अणगारेणं भावियप्पा अप्पणो जाव पासइ।

भग० श १४। उ ९। प्र १ (पृ० ७०६)

·१४ द्रव्यलेश्या अजीवउदयनिष्पन्न भाव है क्योंकि जीव द्वारा ग्रहण होने के बाद द्रव्य लेश्या का प्रायोगिक परिणमन होता है।

सेकिंतं अजीवोदयनिप्फन्ने ? अजीवोदयनिप्फन्ने अणेगविहे पन्नत्ते, तंजहा— उरालियं वा सरीरं, उरालियसरीरपओगपरिणामियं वा दव्वं, वेउव्वियं वा सरीरं, वेउव्वियसरीरपओगपरिणामियं वा दव्वं, एवं आहारगं सरीरं, तेयगं सरीरं, कम्मगसरीरं च भाणियव्वं। पओगपरिणामए वण्णे, गंधे, रसे, फासे, सेत्तं अजीवोदयनिप्फन्ने।

अणुओ सू० १२६। पृ० ११११

·०५२ भावलेश्या की परिभाषा के उपयोगी पाठ

·१ भावलेश्या जीव परिणाम है।

जीवे परिणामे णं भंते ! कइविहे ? गोयमा ! दसविहे पन्नते, तंजहा— गइपरिणामे, इन्दियपरिणामे, कसायपरिणामे, लेस्सापरिणामे, जोगपरिणामे, उवओगपरिणामे, णाणपरिणामे, दंसणपरिणामे, चरित्तपरिणामे, वेयपरिणामे।

पण्ण० प० १३। सू० १। पृ० ४०६

·२ भावलेश्या अवर्णी, अगंधी, अरसी, अस्पर्शी है।

(कण्हलेस्सा) भावलेस्सं पडुच्च अवण्णा, अरसा अगंधा, अफासा, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

भग० श० १२। उ० ५। प्र० १६। पृ७ ६६४

·३ भावलेश्या अवर्णी, अगंधी, अरसी, अस्पर्शी तथा जीव परिणाम है अतः जीव है।

जीवत्थिकाए णं भंते ! कइ वण्णे, कइ गंधे, कइ रसे, कइ फासे ? गोयमा ! अवण्णे, जाव अरूवी, जीवे, सासए, अवट्ठिए, लोगदव्वे × × × ।

भग० श० २। उ० १०। प्र० ५७। पृ० ४३४

·४ भावलेश्या अगुरुलघु है।

कण्हलेस्साणं भंते। किं गुरुया जाव अगुरुलहुया ? णो गुरुया, णो लहुआ, गुरुलहुआ वि, अगुरुलहुयावि। से केणट्ठेणं ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च ततियपएणं, भावलेस्सं पडुच्च चउत्थ पएणं, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

भग० श० १। उ० ९। प्र० २८६-९०। पृ० ४४१

·५ भावलेश्या उदय निष्पन्न भाव है।

से किं तं जीवोदयनिप्फन्ने ? अणेगविहे पन्नत्ते, तं जहा—णेरइए × × पुढवि-काइए जाव तसकाइए, कोहकसाई जाव लोहकसाई × × × कण्हलेस्से जाव सुक्कलेस्से × × × संसारत्थे असिद्धे, से तं जीवोदयनिप्फन्ने।

—अणुओ० सू १२६। पृ० ११११

·६ भावलेश्या परस्पर में परिणमन करती है।

गोयमा ! (कण्हलेस्से जाव सुक्कलेस्से भवित्ता) लेस्सट्ठाणेसु संकिलिस्स-माणेसु २, कण्हलेस्सं परिणमइ कण्हलेस्सं परिणमइत्ता कण्हलेस्सेसु नेरइएसु उववज्जंति।

गोयमा ! (कण्हलेस्से जाव सुक्कलेस्से भवित्ता) लेस्सट्ठाणेसु संकिलिस्स-माणेसु वा विसुज्झमाणेसु नीललेस्सं परिणमइ नीललेस्सं परिणमइत्ता नीललेस्सेसु नेरइएसु उववज्जंति।

—भग० श १३। उ १। प्र १६-२०। पृ० ६७६

·७ भावलेश्या सुगति-दुर्गति की हेतु है। अतः कर्म बन्धन में भी किसी प्रकार का हेतु है।

तओ दुग्गइगामियाओ (कण्ह, नील, काऊलेस्साओ) तओ सुग्गइगामियाओ (तेऊ, पम्ह, सुक्कलेस्साओ)।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४७। पृ० ४४६

·०५३ प्राचीन आचार्यों द्वारा की गई लेश्या की परिभाषा :—

·१ अभयदेवसूरि :—

(क) कृष्णादि द्रव्य सान्निध्य जनितो जीव परिणामो—लेश्या।

यदाह :- कृष्णादि द्रव्य साचिव्यात्, परिणामो य आत्मनः।
स्फटिकस्येव तत्रायं, लेश्या शब्द प्रयुज्यते॥

—भग० श १। उ १। प्र ५३ की टीका।

[नोट—उपरोक्त पद अनेक प्राचीन आचार्यों ने उद्धृत किया है। 'प्रयुज्यते' की जगह 'प्रवर्तते' शब्द का प्रयोग भी मिलता है।]

(ख) कृष्णादि द्रव्य साचिव्य जनिताऽऽत्मपरिणामरूपां भावलेश्यां।

—भग० श १। उ २। प्र ६७ की टीका।

(ग) आत्मनि कर्मपुद्गलानाम् लेशनात्—संश्लेषणात् लेश्या, योगपरिणामश्चैताः, योग निरोधे लेश्यानामभावात्, योगश्च शरीरनामकर्मपरिणति विशेषः।

—भग० श १। उ २। प्र ९८ की टीका।

(घ) द्रव्यतः कृष्णलेश्या औदारिकादि शरीर वर्णः।

—भग० श १। उ ६। प्र २९० की टीका।

(ङ) आत्मनः सम्बन्धनीं कर्मणोयोग्य लेश्या कृष्णादिका कर्म्मणो वा लेश्या 'श्लिश श्लेषणे' इति वचनात् सम्बन्धः कर्मलेश्या।

—भग० श १४। उ ६। प्र १ की टीका।

(च) इयं (लेश्यां) च शरीरनाम कर्म्मपरिणतिरूपा योगपरिणतिरूपत्वात्, योगस्य च शरीरनामकर्म्मपरिणति विशेषत्वात्, यत उक्तं प्रज्ञापना वृत्तिकृता—

"योगपरिणामोलेश्या, कथं पुनर्योग परिणामो लेश्या, यस्मात् सयोगिकेवली शुक्ललेश्यापरिणामेन विहृत्यान्तर्मुहूर्त्ते शेषे योगनिरोधं करोति ततोऽयोगित्वमलेश्यत्वं च प्राप्नोति अतोऽवगम्यते 'योगपरिणामोलेश्ये' ति, स पुनर्योगः शरीरनाम कर्म्मपरिणतिविशेषः, यस्मादुक्तम्—'कर्म्म हि कार्मणस्य कारणमन्येषां च शरीराणा' मिति" तस्मादौदारिकादि शरीरयुक्तस्यात्मनो वीर्यपरिणतिविशेषः काययोगः १, तथौदारिकवैक्रियाहारकशरीरव्यापाराहृतवाग्द्रव्यसमूहसाचिव्यात् जीव-व्यापारो यः स वाग्योगः २, तथौदारिकादि शरीरव्यापाराहृतमनोद्रव्यसमूह साचिव्यात् जीवव्यापारो यः स मनोयोग इति ३, ततो यथैव कायादिकरण युक्तस्यात्मनो वीर्य परिणतिर्योग उच्यते तथैवलेश्यापीति, अन्ये तु व्याचक्षते—'कर्म्मनिस्यन्दो लेश्ये'ति सा च द्रव्यभावभेदात् द्विधा, तत्र द्रव्यलेश्या कृष्णादिद्रव्याण्येव, भावलेश्या तु तज्जन्यो जीवपरिणाम इति।"

(छ) लिश्यते प्राणी कर्मणा यया सा लेश्या।

(ज) यदाह "श्लेष इव वर्णबंधस्य कर्मबंधस्थिति तिविधात्र्यः"।

उपरोक्त तीनो—ठाण० स्था १। सू ५१ पर टीका।

·२ मलयगिरि :

(क) इह योगे सति लेश्या भवति, योगाभावे च न भवति ततो योगेन सहान्वयव्यतिरेकदर्शनात् योगनिमित्ता लेश्येति निश्चीयते, सर्वत्रापि तन्निमित्तत्व-

निश्चयस्यान्वयव्यतिरेक दर्शनामूलत्वात्, योगनिमित्ततायामपि विकल्पद्वयमवतरति—

किं योगान्तरगतद्रव्यरूपा योगनिमित्तकर्मद्रव्यरूपा वा? तत्र न तावद्योगनिमित्तकर्म्मद्रव्यरूपा, विकल्प द्वयानतिक्रमात्, तथाहि—योगनिमित्त कर्म्मद्रव्यरूपा सती घातिकर्मद्रव्यरूपा अघातिकर्म्मद्रव्यरूपा वा? न तावद् घातिकर्म्मद्रव्यरूपा, तेषामभावेऽपि सयोगिकेवलिनि लेश्यायाः सद्भावात्, नापि अघातिकर्म्मरूपा, तत्सद्भावेऽपि अयोगिकेवलिनि लेश्याया अभावात्, ततः पारिशेष्यात् योगान्तगर्त द्रव्यरूपा प्रत्येया। तानि च योगान्तर्गतानि द्रव्याणि यावत्कषायास्तावत्तेषामप्युदयोपबृंहकाणि भवन्ति, दृष्टं च योगान्तरगतानां द्रव्याणां कषायोदयोपबृंहणसामर्थ्यम्। यथा पित्त द्रव्यस्य—तथाहि—

पित्तप्रकोपविशेषादुपलक्ष्यते महान् प्रवर्द्धमानः कोपः, अन्यच्च-बाह्यान्यपि द्रव्याणि कर्मणामुदयक्षयोपशमादिहेतवः उपलभ्यन्ते, यथा ब्राह्मयोषधिर्ज्ञानावरणक्षयोपशमस्य, सुरापानं ज्ञानावरणोदयस्य, कथमन्यथा युक्तायुक्त विवेकविकलतोपजायते, दधिभोजनं निद्रारूप दर्शनावरणोदयस्य, तर्त्कि योगद्रव्याणि न भवन्ति? तेन यः स्थितिपाकविशेषो लेश्यावशादुपगीयते शास्त्रान्तरे स सम्यगुपपन्नः, यतः स्थितिपाकोनामानुभाग उच्यते, तस्य निमित्तं कषायोदयान्तर्गत कृष्णादिलेश्यापरिणामाः, ते च परमार्थतः कषायस्वरूपा एव, तदन्तर्गतत्वात्; केवलं योगान्तर्गत द्रव्य सहकारिकारण भेदवैचित्र्याभ्यां ते कृष्णादिभेदैर्भिन्नाः तारतम्यभेदेन विचित्राश्चोपजायन्ते, तेन यद् भगवता कर्मप्रकृतिः कृता शिवशर्माचार्येण शतकाख्ये ग्रन्थेऽभिहितम्—'ठिइ अणुभागं कसायओ कुणइ' इति तदपि समीचीनमेव, कृष्णादिलेश्या-परिणामानामपि कषायोदयान्तर्गतानां कषायरूपत्वात्। तेन यदुच्यते कैश्चिद्योगपरिणामत्वे लेश्यानाम् "जोगा पयडिपएसं ठिइअणुभागं कसायओ कुणइ" इति वचनात् प्रकृतिप्रदेशबन्धहेतुत्वमेव स्यान्न कर्म्मस्थिति हेतुत्वमिति, तदपि न समीचीनम्, यथोक्तभावार्थापरिज्ञानात्? अपि च न लेश्याः स्थितिहेतवः;

किन्तु कषायाः, लेश्यास्तु कषायोदयान्तर्गताः अनुभागहेतवः, अतएव च—'स्थितिपाकविशेषस्तस्य भवति लेश्याविशेषेण' इत्यत्रानुभागप्रतिपत्त्यर्थं पाकग्रहणम्। एतच्च सुनिश्चितं कर्म्मप्रकृतिटीकादिषु, ततः सिद्धान्तपरिज्ञानमपि न सम्यक् तेषामस्ति। यदप्युक्तम्—'कर्म्मनिष्यन्दोलेश्या, निष्यन्दरूपत्वे हि यावत् कषायोदयः तावन्निष्यन्दस्यापि सद्भावात्, कर्म्मस्थितिहेतुत्वमपि युज्यते एवेत्यादि, तदप्य-

श्लीकम्, लेश्यानामनुभागबन्धहेतुतया स्थितिबंधहेतुत्वायोगात्। अन्यच्च—कर्म्म-निष्यन्दः किं कर्म्मकल्क उत कर्म्मसारः? न तावत्कर्म्मकल्कः तस्यासारतयोत्कृष्टानु-भागबन्ध हेतुत्वानुपपत्तिप्रसक्तेः, कल्को हि असारो भवति, असारश्च कथमुत्कृष्टा-नुभागबन्धहेतुः? अथ चोत्कृष्टानुभागबन्धहेतवोऽपि लेश्या भवन्ति, अथ कर्म्मसार इति पक्षस्तर्हि कस्य कर्म्मणः सार इति वाच्यम्? यथायोगमष्टानामपीतिचेत् अष्टानामपि कर्म्मणां शास्त्रे विपाका वर्ण्यन्ते, न च कस्यापि कर्म्मणो लेश्यारूपो विपाक उपदर्शितः, ततः कथं कर्म्मसारपक्षमङ्गीकुर्म्महे? तस्मात् पूर्वोक्त एव पक्षः श्रेयानित्यंगीकर्त्तव्यः। तस्य हरिभद्रसूरि प्रभृतिभिरपि तत्र तत्र प्रदेशे अंगीकृत त्वादिति।

—पण्ण० प १७। प्रारम्भ में टीका

(ख) उच्यते, लिष्यते—श्लिष्यते आत्मा कर्मणा सहानयेति लेश्या।

—पण्ण० प १७। प्रारम्भ में टीका

·३ उमास्वाति या उमास्वामी :

'तत्वार्थाधिगम' में कोई परिभाषा नहीं दी गयी है।

स्वोपज्ञभाष्य। इसमें भी लेश्या की कोई परिभाषा नहीं है।

·४ पूज्यपादाचार्य :

(क) भावलेश्या कषायोदयरंजिता योगप्रवृत्तिरिति कृत्वा औदयिकीत्युच्यते।

—सर्व० अ २। सू ६।

इसको अकलंक ने उद्धृत किया है।

—राज० अ २। सू ६। पृ० १०६। ला २४

·५ अकलंक देव :

(क) कषायोदयरंजिता योगप्रवृत्तिर्लेश्या।

—राज० अ २। सू ६। पृ० १०६। ला २१

(ख) द्रव्यलेश्या पुद्गलविपाकिकर्मोदयापादितेति सा नेह परिगृह्यत आत्मनोभावप्रकरणात्।

—राज० अ २। सू ६। पृ० १०६। ला २३

(ग) तस्यात्मपरिणामस्याऽशुद्धिप्रकर्षाप्रकर्षापेक्षया कृष्णादि शब्दोपचारः क्रियते।

—राज० अ २। सू ६। पृ० १०६। ला २८

(घ) कषायश्लेषप्रकर्षाप्रकर्षयुक्ता योगवृत्तिर्लेश्या ।

—राज० अ ६ । सू ७ । पृ० ६०४ । ला १३

·६ विद्यानन्दि :

कषायोदयतो योगप्रवृत्तिरुपदर्शिता ।
लेश्याजीवस्य कृष्णादिः षड्भेदा भावतोनघैः ॥

—श्लो० अ २ । सू ६ । श्लो ११ । पृ ३१६ ।

·७ सिद्धसेन गणि :

लिश्यन्ते इति लेश्याः, मनोयोगावष्टम्भजनितपरिणामः, आत्मना सह लिश्यते एकीभवतीत्यर्थः ।

- सिद्ध० अ २ । सू ६ । पृ० १४७

द्रव्यलेश्याः कृष्णादिवर्णमात्रम् ।

भावलेश्यास्तु कृष्णादि वर्णद्रव्यावष्टम्भजनिता परिणाम कर्मबन्धनस्थिते-विधातारः, श्लेषद्रव्यवद् वर्णकस्य चित्राद्यर्पितस्येति, तत्राविशुद्धोत्पन्नमेव कृष्ण-वर्णस्तत्सम्बद्ध द्रव्यावष्टम्भादविशुद्ध परिणाम उपजायमानः कृष्णलेश्येति व्यपदिश्यते ।

आगमश्चायं—

* 'जल्लेसाइं दव्वाइं आदिअन्ति तल्लेस्से परिणाम भवति (प्रज्ञा० लेश्यापदे)

—सिद्ध० अ २ । सू ६ । पृ० १४७ टीका

·८ विनय विजय गणि :

इन्होंने 'लेश्या' का विवेचन प्रज्ञापना लेश्यापद की वृत्ति को अनुसृत्य किया है निज का कोई विशेष विवेचन नही किया है शेष में वृत्ति की भोलावण भी दी है ।

लोद्र० स ३ । गा २८४

·९ नेमिचन्द्राचार्य चक्रवर्ती :

लिंपइ अप्पीकीरइ एदीए णियअपुण्णपुण्णं च ।
जीवोत्ति होदि लेस्सा लेस्सागुणजाणयक्खादा ।।४८८।।
जोगपउत्ती लेस्सा कसायउदयाणुरंजिया होइ ।
तत्तो दोण्णं कज्जं बंधचउक्कं समुद्दिट्ठं ।।४८९।।

* यह पद प्रज्ञापना लेश्यापद में नहीं मिला है ।

अहवा जोगपउत्ती मुक्खोत्ति तहिं हवे लेस्सा ॥५३२॥
वण्णोदयसंपादितसरीरवण्णो दु दव्वदो लेस्सा।
मोहुदयखओवसमोवसमखयजजीवफंदणं भावो ॥५३५॥

—गोजी० गाथा।

·१० हेमचन्द्र सूरि द्वारा उद्धृत :

अपरस्त्वाह—ननु कर्मोदय जनितानां नारकत्वादीनां भवत्विहोपन्यासो लेश्यास्तु कस्यचित् कर्मण उदये भवन्तीत्यन्येतन्न प्रसिद्धं तत्किमितीह तदुपन्यासः ? सत्यं किन्तु योगपरिणामो लेश्याः, योगस्तु त्रिविधोऽपि कर्मोदयजन्य एव ततो लेश्यानामपि तदुभयजन्यत्वं न विहन्यते, अन्येतु मन्यन्ते— कर्माष्टकोदयात् संसारस्थत्वासिद्धत्ववल्लेश्या वत्त्वमपि भावनीयमित्यलम्।

—अणुओ० सू० १२६ पर हेमचन्द्र सूरि वृत्ति।

·११ अज्ञाताचार्याह :

(क) श्लेष इव वर्णबन्धस्य कर्मबन्धस्थितिविधात्र्यः।

—अभयदेव सूरि द्वारा उद्धृत।

(ख) कृष्णादिद्रव्य साचिव्यात्, परिणामो य आत्मनः।
स्फटिकस्येव तत्रायं, लेश्यशब्दः प्रयुज्यते॥

—अभयदेवसूरि आदि अनेक विद्वानों द्वारा उद्धृत।

(ग) लिश्यते—श्लिष्यते कर्मणो सहऽऽत्माऽनयेति लेश्या।

—अनेक विद्वानों द्वारा उद्धृत।

·०६ लेश्या के भेद :

·०६१ मूलतः-सामान्यतः भेद.

(क) दो भेद.

कण्हलेस्साणं भन्ते ! कइ वण्णा (जाव कइ फासा) पन्नत्ता ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च पंच वण्णा जाव अट्ठफासा पन्नत्ता, भावलेस्सं पडुच्च अवण्णा (जाव अफासा) पन्नत्ता, एवं जाव सुक्कलेस्सा।

—भग० श १२। उ ५। प्र १६। पृ० ६६४

लेश्या के दो भेद—द्रव्य तथा भाव।

(ख) छ भेद.

(१) कइ णं भन्ते ! लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ, तं जहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा, तेऊलेस्सा, पम्हलेस्सा, सुक्कलेस्सा।

—सम० लेश्या विचार। पृ० ३७५
—सम० ६। प ३२० (उत्तर केवल)
—भग० श १। उ २। प्र ९८। पृ० ३२०
—भग० श १६। उ २। प्र १। पृ० ७८१
—भग० श २५। उ १। प्र १। पृ० ८५१
—पण्ण० प १७। उ २। सू १५। पृ० ४३७

(२) कइ णं भन्ते ! लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ, तं जहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—भग० श १६। उ १। प्र १। पृ० ७८१
—ठाण० स्था ६। सू ५०४। पृ० २७२
—पण्ण० प १७। उ ४। सू ३१। पृ० ४४५
—पण्ण० प १७। उ ५। सू ५४। पृ० ४५०

(३) कइ णं भंते ! लेस्सा पन्नत्ता ? गोयमा ! छ लेस्सा पन्नत्ता, तं जहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ ६। सू ५६। पृ० ४५१

(४) छण्हंपि कम्मलेसाणं, अणुभावे सुणेह मे ॥ १ ॥
कण्हानीला य काऊ य, तेऊ पम्हा तहेव य।
सुक्कलेसा य छट्ठा य, नामाइं तु जहक्कमं ॥ ३ ॥

—उत्त० अ ३४। गा १, ३। पृ० १०४५, ४६

लेश्या के छह भेद—कृष्ण, नील, कापोत, तेजो, पद्म और शुक्ल।

·०६२ द्वलगत भेद :

(क) द्रव्यलेश्या के—

(१) दुर्गन्धवाली—सुगन्धवाली.

कइ णं भन्ते ! लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तओ लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा। कइ णं

भन्ते ! लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तओ लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊलेस्सा, पम्हलेस्सा, सुक्कलेस्सा ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । (उत्तर केवल) पृ० २२०

— पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४८

प्रथम तीन लेश्या दुर्गन्धवाली तथा पश्चात् की तीन लेश्या सुगन्धवाली हैं।

(२) मनोज्ञ—अमनोज्ञ.

(तओ) अमणुन्नाओ, (तओ) मनुणुन्नाओ ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

प्रथम तीन लेश्या (रस की अपेक्षा) अमनोज्ञ तथा पश्चात् की तीन मनोज्ञ हैं।

(३) शीतरूक्ष—उष्णस्निग्ध.

(तओ) सीयलुक्खाओ, (तओ) निद्धुण्हाओ ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ६४६

प्रथम तीन लेश्या (स्पर्श की अपेक्षा) शीतरूक्ष तथा पश्चात् की तीन उष्णस्निग्ध हैं।

(४) विशुद्ध—अविशुद्ध.

एवं तओ अविशुद्धाओ, तओ विशुद्धाओ ।

— ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

प्रथम तीन लेश्या (वर्ण की अपेक्षा) अविशुद्ध, पश्चात् की तीन लेश्या विशुद्ध वर्णवाली हैं।

(ख) भावलेश्या के—

(१) धर्म—अधर्म.

कण्हा नीला काऊ, तिण्णि वि एयाओ अहम्मलेस्साओ ।

तेऊ पम्हा सुक्का, तिण्णि वि एयाओ धम्मलेसाओ ।

—उत्त० अ ३४ । गा ५६, ५७ पूर्वार्ध । पृ० १०४८

प्रथम तीन अधर्म लेश्या हैं तथा पश्चात् की तीन धर्म लेश्या हैं।

(२) प्रशस्त—अप्रशस्त.

तओ अप्पसत्थाओ, तओ पसत्थाओ ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ पृ० ४४६

प्रथम तीन लेश्या अप्रशस्त तथा पश्चात् की तीन प्रशस्त हैं।

(३) संक्लिष्ट—असंक्लिष्ट

तओ संकिलिट्ठाओ, तओ असंकिलिट्ठाओ।

ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२० । पृ० २२० (तओ बाद)

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

प्रथम तीन संक्लिष्ट परिणामवाली तथा पश्चात् की तीन लेश्या असंक्लिष्ट परिणामवाली हैं।

(४) दुर्गतिगमी—सुगतिगामी

तओ दुग्गइगामियाओ, तओ सुगइगामियाओ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

(तओ) एवं दुग्गइगामिणीओ, सुगइगामिणीओ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

प्रथम तीन लेश्या दुर्गति ले जानेवाली है तथा पश्चात् की तीन सुगति ले जानेवाली है।

(५) विशुद्ध—अविशुद्ध

एवं तओ अविसुद्धाओ, तओ विसुद्धाओ।

—ठाण० स्था० ३ । उ ४ । सू २२० । पृ० २२० (एवं व तओ बाद)

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

प्रथम तीन लेश्या (परिणाम की अपेक्षा) अविशुद्ध है तथा पश्चात् की तीन विशुद्ध है।

.०७ लेश्या पर विवेचन गाथा

आगमो में लेश्या पर विवेचन विभिन्न अपेक्षाओं से किया गया है। तीन आगमों में यथा—भगवई, पन्नवणा तथा उत्तराज्झयणं में लेश्या पर विशेष विवेचन किया गया है। विवेचन के प्रारम्भ में किन-किन अपेक्षाओ से विवेचन किया गया है इसकी एक गाथा दी गई है। भगवई तथा पन्नवणा में एक समान गाथा है तथा उत्तराज्झयणं में भिन्न गाथा है

(क) परिणाम-वन्न-रस-गन्ध-सुद्ध - अपसत्थ-संकिलिट्ठुण्हा।
गइ-परिणाम - पएसो - गाह - वग्गणा - ट्ठाणमप्पबहुं॥

—भग० श ४ । उ १० । गा० १ । पृ० ४६८

—पण्ण० प १७ । उ ४ । गा० १ । पृ० ४४५

(१) परिणाम, (२) वर्ण, (३) रस, (४) गन्ध, (५) शुद्ध, (६) अप्रशस्त, (७) संक्लिष्ट, (८) उष्ण, (९) गति, (१०) परिणाम (संक्रमण), (११) प्रदेश, (१२) अवगाहना, (१३) वर्गणा, (१४) स्थान, (१५) अल्पबहुत्व इन १५ प्रकार से लेश्या का विवेचन किया गया है।

(ख) नामाइं वन्न रस गन्ध, फास परिणाम लक्खणं।
ठाणं ठिइं गइं चाउं, लेसाणं तु सुणेह मे॥

—उत्त० उ ३४। गा० २। पृ० १०४६

(१) नाम, (२) वर्ण, (३) रस, (४) गन्ध, (५) स्पर्श, (६) परिणाम, (७) लक्षण, (८) स्थान, (९) स्थिति, (१०) गति, (११) आयु इन ११ अपेक्षाओं से लेश्या का वर्णन सुनो।

दोनों पाठ मिलाकर निम्नलिखित अपेक्षाओं से लेश्याओं का विवेचन बनता है।

१ द्रव्यलेश्या—नाम, वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श, परिणाम, प्रदेश, अवगाहना, स्थिति, स्थान, अल्पबहुत्व।

२ भावलेश्या—नाम, शुद्धत्व, प्रशस्तत्व, संक्लिष्टत्व, परिणाम, स्थान, गति, लक्षण, अल्पबहुत्व।

(३) विविध—वर्गणा।

इनके सिवाय भी अन्य अपेक्षाओं से लेश्या का विवेचन मिलता है।

(देखो विषय सूची)

·०८ लेश्या का निक्षेपों की अपेक्षा विवेचन

आगम नोआगतो, नोआगमतो य सो तिविहो।
लेसाणं निक्खेवो, चउक्कओ दुविह होइ नायव्वो॥५३४॥
जाणगभवियसरीरा, तव्वइरित्ता य सा पुणो दुविहा।
कम्मा नोकम्मे या, नोकम्मे हुंति दुविहा उ॥५३५॥
जीवाणमजीवाण य, दुविहा जीवाण होइ नायव्वा।
भवमभवसिद्धिआणं, दुविहाणवि होइ सत्तविहा॥५३६॥
अजीवकम्मनोदव्व-लेसा, सा दसविहा उ नायव्वा।
चन्दाण य सुराण य, गहगणनक्खत्ततारार्ण॥५३७॥
आभरणच्छायणा-दंसगाण, मणिकागिणीणजा लेसा।
अजीवदव्वलेसा, नायव्वा दसविहा एसा॥५३८॥
जा दव्वकम्मलेसा, सा नियमा छव्विहा उ नायव्वा।
किण्हा नीला काऊ, तेऊ पम्हा य सुक्का य॥५३९॥

दुविहा उ भावलेस्सा, विसुद्धलेस्सा तहेव अविसुद्धा।
दुविहा विसुद्धलेसा, उवसमखइआ कसायाणं ॥५४०॥
अविसुद्धभावलेसा, सा दुविहा नियमसो उ नायव्वा।
पिज्जमि अ दोसम्मि अ, अहिगारो कम्मलेस्साए ॥५४१॥
नो-कम्मदव्वलेसा, पओगसा वीससाउ नायव्वा।
भावे उदओ भणिओ, छण्हं लेसाण जीवेसु ॥५४२॥
अज्झयेण निक्खेवो, चउक्कओ दुविह होइ दव्वम्मि।
आगम नोआगतो, नो आगमतो यं तं तिविहं ॥५४३॥
जाणगभवियसरीरं, तव्वइरित्तं च पोत्थगइसु।
अज्झप्पस्साणयणं, नायव्वं भावमज्झयणं ॥५४४॥
—उत्त० अ ३४। निर्युक्तिगाथा

लेश्या के दो विवेचन—आगम से, नोआगम से।

नोआगम विवेचन तीन प्रकार का होता है।

लेश्या शब्द का विवेचन निक्षेपों की अपेक्षा चार प्रकार का है, यथा—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव।

लेश्या दो प्रकार की है—जाणगभविय शरीरी तथा तद्व्यतिरिक्त।

तद्व्यतिरिक्त के दो भेद हैं—कार्मण तथा नोकार्मण।

नो कार्मण के दो भेद हैं—जीव लेश्या तथा अजीव लेश्या।

जीव लेश्या के दो भेद हैं—भवसिद्धिक तथा अभवसिद्धिक।

औदारिक, औदारिकमिश्र आदि की अपेक्षा लेश्या के सात भेद हैं। या कृष्णादि ६ तथा संयोगजा सात भेद हो सकते हैं।

अजीव नोकर्म द्रव्यलेश्या के दश भेद हैं, यथा—चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र तथा तारा लेश्या, आभरण, छाया, दर्पण, मणि, कांकणी लेश्या।

द्रव्य कर्म लेश्या के छः भेद हैं, यथा—कृष्ण, नील, कापोत, तेजो, पद्म, तथा शुक्ल।

भाव लेश्या के दो भेद हैं—विशुद्ध तथा अविशुद्ध।

विशुद्ध लेश्या के दो भेद हैं—उपशम कषाय लेश्या तथा क्षायिक कषाय लेश्या।

अविशुद्ध लेश्या के दो भेद हैं—रागविषय कषाय लेश्या तथा द्वेष विषय कषाय लेश्या।

नोकर्म द्रव्य लेश्या के दो भेद भी होते हैं—प्रायोगिक तथा विस्रसा।

भाव की अपेक्षा जीव के उदय भाव में छहों लेश्या होती हैं।

·१।·२ द्रव्यलेश्या (प्रायोगिक)

·११ द्रव्यलेश्या के वर्ण

कण्हलेस्साणं भंते कइ वण्णा × × × पन्नता ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च पंचवण्णा × × × एवं जाव सुक्कलेस्सा।

—भग० श १२। उ ५। प्र १६। पृ ६६४

द्रव्य लेश्या के छहों भेद पांच वर्ण वाले हैं।

११·१ कृष्ण लेश्या के वर्ण।

(क) कण्हलेस्सा णं भंते ! वन्नेणं केरिसिया पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए जीमूए इ वा अंजणे इ वा खंजणे इ वा कज्जले इ वा गवले इ व गवलवलए इ वा जंबूफले इ वा अद्दारिट्ठपुप्फे इ वा परपुट्ठे इ वा भमरे इ वा भमरावली इ वा गयकलभे इ वा किण्हकेसरे इ वा आगासथिग्गले इ वा कण्हासोए इ वा कण्हकंणवीरए वा कण्हबंधुजीवए इ वा, भवे एयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, कण्हलेस्सा णं इत्तो अणिट्ठतरिया चेव अकंतरिया चेव अप्पियतरिया चेव अमणुन्नतरिया चेव अमणामतरिया चेव वन्नेणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७ उ ४। सू ३४। पृ० ४४६

(ख) जीमूयनिद्धसंकासा, गवलरिट्ठगसन्निभा।
खंजणनयणनिभा, किण्हलेस्सा उ वण्णओ॥

—उत्त० अ ३४। गा ४। पृ० १०४६

(ग) कण्हलेस्सा कालएणं साहिज्जइ।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४०। पृ० ४४७

घने मेघ, अंजन, खंजन, काजल, बकरे के सींग, वलयाकार सींग, जामुन, अरीठे के फूल, कोयल, भ्रमर, भ्रमर की पंक्ति, गज शावक, काली केसर, मेघाच्छादित घटाटोप आकाश, कृष्ण अशोक, काली कनेर, काला बंधुजीव, आँख की पुतली, आदि के वर्ण की कृष्णता से अधिक के अंकतकर, अनिष्टकर, अप्रीतकर, अमनोज्ञ तथा अनभावने वर्ण वाली कृष्णलेश्या होती है।

कृष्ण लेश्या पंचवर्ण में काले वर्णवाली होती है।

११·२ नील लेश्या के वर्ण।

(क) नीललेस्सा णं भन्ते ! केरिसिया वन्नेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए भिंगए इ वा भिंगपत्ते इ वा चासे इ वा चासपिच्छए इ वा सुए इ वा सुयपिच्छे इ

वा वणराई इ वा उच्चंतए इ वा पारेवयगीवा इ वा मोरगीवा इ वा हलहरवसणे इ वा अयसिकुसुमे इ वा वणकुसुमे इ वा अंजणकेसियाकुसुमे इ वा नीलुप्पले इ वा नीलाऽसोए इ वा नीलकणवीरए इ वा नीलबन्धुजीवे इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । एत्तो जाव अमणामतरिया चेव वन्नेणं पन्नत्ता ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ३५ । पृ ४४६

(ख) नीलाऽसोगसंकासा, चासपिच्छसमप्पभा ।
वेरुलियनिद्धसंकासा, नीललेसा उ वण्णओ ॥

—उत्त० अ ३४ । गा ५ । पृ० १०४६

(ग) नीललेस्सा नीलवन्नेणं साहिज्जइ ।

— पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४० । पृ० ४४७

भृंग, भृंग की पंख, चास, चासपिच्छ, शुक, शुक के पंख, श्यामा, वनराजि, उच्चंतक, कबूतर की ग्रीवा, मोरकी की ग्रीवा, बलदेव के वस्त्र, अलसीपुष्प, वनफूल, अंजन के शिकर पुष्प, नीलोत्पल, नीलाशोक, नीलकणवीर, नीलबंधुजीव, स्निग्ध नीलमणि आदि के वर्ण की नीलता से अधिक अनिष्टकर, अकंतर, अप्रीतकर, अमनोज्ञ, अनभावने नील वर्ण वाली नील लेश्या होती है ।

नील लेश्या पंचवर्ण में नील वर्णवाली होती है ।

११·३ कापोत लेश्या के वर्ण ।

(क) काऊलेस्सा णं भन्ते ! केरिसिया वन्नेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए खइरसारए इ वा कइरसारए इ वा धमाससारे इ वा तंबे इ वा तंबकरोडे इ वा तंबच्छिवाडियाए इ वा वाइंगणिकुसुमे इ वा कोइलच्छदकुसुमे इ वा जवासाकुसुमे इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । काऊलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया जाव अमणामतरिया चेव वन्नेणं पन्नत्ता ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ३६ । पृ ४४६

(ख) अयसीपुप्फसंकासा, कोइलच्छदसन्निभा ।
पारेवयगीवनिभा, काऊलेसा उ वण्णओ ॥

—उत्त० अ ३४ । गा ६ । पृ १०४६

(ग काऊलेस्सा काललोहिएणं वन्नेणं साहिज्जइ ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू पृ ४४७

खेरसार, करीरसार, धमासार, ताम्र, ताम्रकरोटक, ताम्र की कटोरी, बैंगनी पुष्प, कोकिलच्छद (तेल कंटक) पुष्प, जवासा कुसुम, अलसी के फूल, कोयल के पंख, कबुतर की ग्रीवा आदि के वर्ण के कापोतीत्व से अधिक अनिष्टकर, अकंतकर, अप्रीतकर, अमनोज्ञ तथा अनभावने कापोत वर्ण वाली कापोत लेश्या होती है।

कापोत लेश्या पंचवर्ण में काल-लोहित वर्णवाली होती है।

११.४ तेजोलेश्या के वर्ण।

(क) तेऊलेस्सा णं भंते ! केरिसिया वन्नेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए ससरुहिरए इ वा उरब्भरुहिरे इ वा वराहरुहिरे इ वा संबररुहिरे इ वा मणुस्सरुहिरे इ वा इंदगोपे इ वा बालेंदगोपे इ वा बालदिवायरे इ वा संझारागे इ वा गुंजद्धरागे इ वा जाइहिंगुले इ वा पवालंकुरे इ वा लक्खारसे इ वा लोहिअक्खमणी इ वा किमिरागकंबले इ वा गयतालुए इ वा चिणपिट्ठरासी इ वा पारिजायकुसुमे इ वा जासुमणकुसुमे इ वा किंसुयपुप्फरासी इ वा रत्तुप्पले इ वा रत्तासोगे इ वा रत्तकणवीरए इ वा रत्तबंधुयजीवए इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। तेऊलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव जाव मणामतरिया चेव वन्नेणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ३७। पृ० ४४७

(ख) हिंगुलधाउसंकासा, तरुणाइच्चसंनिभा।
सुयतुंडपईवनिभा, तेऊलेसा उ वण्णओ॥

—उत्त० अ ३४। गा ७ पृ० १०४६

(ग) तेऊलेस्सा लोहिएणं वन्नेणं साहिज्जइ।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४०। पृ० ४४७

शशक का रुधिर, मेष का रुधिर, वराह का रुधिर, मांवर का रुधिर, मनुष्य का रुधिर, इन्द्रगोप, नवीन इन्द्रगोप, बालसूर्य या संध्या का रंग, जाति हिंगुल, प्रवालांकुर, लाक्षारस, लोहिताक्षमणि, किरमिची रंग की कम्बल, गज का तालु, दाल की पिष्ट राशि, पारिजात कुसुम, जपाके सुमन, केसु पुष्पराशि, रक्तोत्पल, रक्ताशोक, रक्त कनेर, रक्तबन्धुजीव, तोते की चोंच, दीपशिखा आदि के रक्त वर्ण से अधिक इष्टकर, कंतकर, प्रीतकर, मनोज्ञ तथा मनभावने लाल वर्णवाली तेजो लेश्या होती है।

पंचवर्ण में तेजोलेश्या रक्त वर्ण की होती है।

११.५ पद्मलेश्या के वर्ण ।

(क) पम्हलेस्सा णं भंते ! केरिसिया वन्नेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए चम्पे इ वा चंपयछल्ली इ वा चंपयभेये इ वा हालिद्दा इ वा हालिद्दगुलिया इ वा हालिद्दभेये इ वा हरियाले इ वा हरियालगुलिया इ वा हरियालभेये इ वा चिउरे इ वा चिउररागे इ वा सुवन्नसिप्पी इ वा वरकणगणिहसे इ वा वरपुरिसवसणे इ वा अल्लइकुसुमे इ वा चंपयकुसुमे इ वा कण्णियारकुसुमे इ वा कुहंडयकुसुमे इ वा सुवण्ण-जूहिया इ वा सुहिरन्नियाकुसुमे इ वा कोरिंटमल्लदामे इ वा पीतासोगे इ वा पीत-कणवीरे इ वा पीतबंधुजीवए इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । पम्ह-लेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया जाव मणामतरिया चेव वन्नेणं पन्नत्ता ।

— पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ३८ । पृ० ४४७

(ख) हरियालभेयसंकासा, हलिद्दाभेयसमप्पभा ।
सणासणकुसुमनिभा, पम्हलेसा उ वण्णओ ॥

—उत्त० अ ३४ । गा ८ । पृ० १०४६

(ग) पम्हलेस्सा हालिद्दएणं वन्नेणं साहिज्जइ ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४० । पृ० ४४७

चम्पा, चम्पा की छाल, चम्पा का खण्ड, हल्दी, हल्दी की गोली, हल्दी का टुकड़ा, हड़ताल, हड़ताल गुटिका, हड़ताल खण्ड, चिकुर, चिकुरराग, सोने की छीप, श्रेष्ठ सुवर्ण, वासुदेव का वस्त्र, अल्लकी पुष्प, चम्पक पुष्प, कर्णिकार पुष्प, (कनेर का फूल) कुष्माण्ड कुसुम, सुवर्ण जूही, सुहिरिण्यक, कोरंटक की माला, पीला अशोक, पीत कनेर, पीत बन्धु-जीव, मन के फूल, अमन के फूल आदि के वर्ण की पीतता से अधिक इष्टकर, कंतकर, प्रीत-कर, मनोज्ञ, मनभावने वर्णवाली पद्मलेश्या होती है।

पद्मलेश्या पंचवर्ण में पीले वर्ण की है।

११.६ शुक्ललेश्या के वर्ण ।

(क) सुक्कलेस्साणं भंते ! किरिसिया वन्नेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए अंके इ वा संखे इ वा चन्दे । इ वा कुंदे इ वा दगे इ वा दगरए इ वा दहि इ वा दहिघणे इ वा खीरे इ वा खीरपूरए इ वा सुक्कच्छिवाडिया इ वा पेहुणभिंजिया इ वा धंतधोयरुप्पपट्टे इ वा सारदबलाहए इ वा कुमुददले इ वा पोंडरीयदले इ वा सालि-पिट्ठरासी इ वा कुडगपुप्फरासी इ वा सिंदुवारमल्लदामे इ वा सेयासोए इ वा सेय-

कणवीरे इ वा सेयबंधुजीवए इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । सुक्कलेसा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव मणुण्णतरिया चेव (मणामतरिया चेव) वन्नेणं पन्नत्ता ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ३६ । पृ० ४४७

(ख) संखंककुंदसंकासा, खीरपूरसमप्पभा ।
रययहारसंकासा, सुक्कलेसा उ वण्णओ ॥

—उत्त० अ ३४ । गा ८ । पृ० १०४६

(ग) सुक्कलेस्सा सुक्किल्लएणं वन्नेणं साहिज्जइ ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४० । पृ० ४४७

अंकरत्न, शंख, चन्द्र, कुंद मोगरा, पानी, पानी की बूँद, दही, दहीपिण्ड, क्षीर दूध, खीर, शुष्क फली विशेष, मयुर पिच्छ का मध्यभाग, अग्नि में तपा कर शुद्ध किया हुआ रजतपट्ट, शरतकाल का मेघ, कुमुददल, पुंडरीक दल, शालिपिष्टराजी, कुटज पुष्प राशी, सिंदुवार पुष्प की माला, श्वेत अशोक, श्वेत केनर, श्वेत बन्धुजीव, मुचकन्द के फूल, दूध की धारा, रजतहार आदि के वर्ण की श्वेतता से अधिक इष्टकर, कंतकर, प्रीतकर, मनोज्ञ, मन-भावने श्वेतवर्णवाली शुक्ललेश्या होती है ।

पंचवर्ण में शुक्ललेश्या श्वेत शुक्ल वर्णवाली है ।

·१२ द्रव्यलेश्या की गन्ध

कण्हलेस्सा णं भन्ते ! कइ × × × गन्धा × × × पन्नत्ता ? गोयमा ! दव्व-लेस्सं पडुच्च × × × दुगन्धा × × × एवं जाव सुक्कलेस्सा ।

—भग० श १२ । उ ५ । प्र १६ । पृ० ६६४

द्रव्यलेश्या के छहों भेद दो गन्धवाले हैं ।

१२.१ - प्रथम तीन लेश्या दुर्गन्धवाली हैं ।

(क) कइ णं भंते ! लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तओ लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेसा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४७

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२० (उत्तर केवल)

(ख) जह गोमडस्स गंधो, सुणगमडस्स व जहा अहिमडस्स ।
एत्तो वि अणंतगुणो, लेसाणं अप्पसत्थाणं ॥

—उत्त० अ ३४ । गा १६ । पृ० १०४२

कृष्ण लेश्या, नील लेश्या, कापोत लेश्या, दुर्गन्धित द्रव्यवाली हैं। मृत गाय, मृत श्वान तथा मृत सर्प की जैसी दुर्गन्ध होती है उससे अनन्तगुणी दुर्गन्ध इन तीन अप्रशस्त लेश्याओं की होती है।

१२·२ पश्चात् की तीन लेश्या सुगन्धवाली है।

(क) कइ णं भंते ! लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तओ लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊलेस्सा, पम्हलेस्सा, सुक्कलेस्सा।

– पण्ण० प १७। उ ४। सू ४७। पृ० ४४८,६

· ठाण० स्था ३। उ ४। सू २२१। पृ० २२० (उत्तर केवल)

(ख) जह सुरभिकुसुमगंधो, गंधवासाण पिस्समाणाणं।
एत्तो वि अणंतगुणो, पसत्थलेसाण तिण्हं पि॥

—उत्त० अ ३४। गा १७। पृ० १०४६

तेजो लेश्या, पद्मलेश्या तथा शुक्ललेश्या सुगन्धित द्रव्यवाली हैं तथा इनकी सुगन्ध सुरभित पुष्पों तथा घिसे हुए सुगन्धित द्रव्यों से अनन्तगुणी सुगन्धवाली हैं।

.१३ द्रव्यलेश्या के रस :—

कण्हलेस्साणं भन्ते कइ × × रसा × × पन्नत्ता ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच × × पंच रसा × × एवं जाव सुक्कलेस्सा।

—भग० श १२। उ ५। प्र १६। पृ० ६६४

द्रव्यलेश्या के छहों भेद पाँचरसवाले हैं।

१३·१ कृष्णलेश्या के रस

(क) कण्हलेस्सा णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहा-नामए निंबे इ वा निंबसारे इ वा निंबछल्ली इ वा निंबफाणिए इ वा कुडए इ वा कुडगफलए इ वा कुडगछल्ली इ वा कुडगफाणिए इ वा कडुगतुंबी इ वा कडुगतुंबिफले इ वा खारतउसी इ वा खारतउसीफले इ वा देवदाली इ वा देवदालीपुप्फे इ वा मियवालुंकी इ वा मियवालुंकीफले इ वा घोसाडए इ वा घोसाडइफले इ वा कण्हकंदए इ वा वज्जकंदए इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, कण्हलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया चेव जाव अमणामतरिया चेव आसाएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४१। पृ० ४४७-४४८

(ख) जह कडुयतुंबगरसो, निंबरसो कडुयरोहिणिरसो वा।
एत्तो वि अणंतगुणो, रसो य किण्हाए नायव्वो॥

—उत्त० अ ३४। गा १०। पृ० १०४६

नीम, नीमसार, नीम की छाल, नीम की क्वाथ, कुटज, कुटज फल, कुटज छाल, कुटज क्वाथ, कड़ुवी तुंबी, कड़ुवी तुम्बी का फल, क्षास्त्र पुष्पी, उसका फल, देवदाली, उसका पुष्प, मृगवालुंकी, उसका फल, घोषातकी, उसका फल, कृष्णकंद, वज्रकंद, कटुरोहिणी आदि के स्वाद से अनिष्टकर, अकंतकर अप्रीतकर, अमनोज्ञ तथा अनभावने आस्वादवाली कृष्णलेश्या होती है।

१३.२ नीललेश्या के रस

(क) नीललेस्साए पुच्छा। गोयमा! से जहानामए भंगी इ वा भंगीरए इ वा पाढा इ वा चविया इ वा चित्तामूलए इ वा पिप्पली इ वा पिप्पलीमूलए इ वा पिप्पलीचुण्णे इ वा मिरिए इ वा मिरियचुण्णए इ वा सिंगबेरे इ वा सिंगबेरचुण्णे इ वा, भवेयारूवे? गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे, नीललेस्सा णं एत्तो जाव अमणामतरिया चेव आसाएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४२। पृ० ४४८

(ख) जह तिगडुयस्स रसो, तिक्खो जह हत्थिपिप्पलीए वा।
एत्तो वि अणंतगुणो, रसो उ नीलाए नायव्वो॥

—उत्त० अ ३४। गा ११। पृ० १०४६

भंगी-भांग, भंगीरज, पाठा, चव्यक, चित्रमूल, पीपल, पीपल मूल, पीपल चूर्ण, मरि, मरिचूर्ण, सोंठ, सोंठचूर्ण, मीर्च, गजपीपल आदि के आस्वाद से अधिक अनिष्टकर, अकंतकर, अप्रीतकर, अमनोज्ञ तथा अनभावने आस्वादवाली नीललेश्या होती है।

१३.३ कापोत लेश्या के रस

(क) काऊलेस्साए पुच्छा। गोयमा! से जहानामए अंबाण वा अंबाडगाण वा माउलिंगाण वा बिल्लाण वा कविट्ठाण वा भज्जाण वा फणसाण वा दाडिमाण वा पारेवताण वा अक्खोडयाण वा चोराण वा बोराण वा तिंदुयाण वा अपक्काणं अपरिवागाणं वन्नेणं अणुववेयाणं गंधेणं अणुववेयाणं फासेणं अणुववेयाणं, भवेयारूवे? गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे, जाव एत्तो अमणामतरिया चेव काऊलेस्सा आस्साएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४३। पृ० ४४८

(ख) जह तरुणअंबगरसो, तुवरकविट्ठस्स वावि जारिसओ।
एत्तो वि अणंतगुणो, रसो उ काऊए नायव्वो॥

—उत्त० अ ३४। गा १२। पृ० १०४६

आम्रातक, बिजोरा, बीला, कपित्थ, भज्जा, फणस, दाडिम (अनार) पारापत, अखोड, चोर, बोर, तिदक (अपक्व), सम्पूर्ण परिपाक को अप्राप्त, विशिष्ट वर्ण, गन्ध तथा स्पर्श रहित कच्चे आम, तूवर, कच्चे कपित्थ के आस्वाद से अधिक अनिष्टकर, अकंतकर, अप्रीतकर, अमनोज्ञ, अनभावने आस्वादवाली कापोतलेश्या होती है।

१३.४ तेजोलेश्या के रस

(क) तेऊलेस्सा णं भंते! पुच्छा। गोयमा! से जहानामए अंबाण वा जाव पक्काणं परियावन्नाणं वन्नेणं उववेयाणं पसत्थेणं जाव फासेणं जाव एत्तो मणामतरिया चेव तेऊलेस्सा आसाएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४४। पृ० ४४८

(ख) जह परिणयंबगरसो, पक्ककविट्ठस्स वा वि जारिसओ।
एत्तो वि अणतगुणो, रसो उ तेऊए नायव्वो॥

—उत्त० अ ३४। गा १३। पृ० १०४६

आम आदि यावत् (देखो कापोत लेश्या) पक्व, अच्छी तरह से परिपक्व, प्रशस्त वर्ण, गंध तथा स्पर्शवाले तथा कवीठ आदि के आस्वाद से अधिक इष्टकर, कंतकर, प्रीतकर, मनोज्ञ तथा मनभावने आस्वादवाली तेजोलेश्या होती है। अनन्तगुण मधुर आस्वादवाली होती है।

१३.५ पद्म लेश्या के रस

(क) पम्हलेस्साए पुच्छा। गोयमा! से जहानामए चन्दप्पभा इ वा मणसिला इ वा वरसीधू इ वा वरवारुणी इ वा पत्तासवे इ वा पुप्फासवे इ वा फलासवे इ वा चोयासवे इ वा आसवे इ वा महू इ वा मेरए इ वा कविसाणए इ वा खज्जूरसारए इ वा मुद्दियासारए इ वा सुपक्कखोयरसे इ वा अट्ठपिट्ठणिट्ठिया इ वा जम्बुफलकालिया इ वा वरप्पसन्ना इ वा [आसला] मंसला पेसला ईसिं अट्ठवलंबिणी ईसिं वोच्छेदकडुई ईसिं तंबच्छिकरणी उक्कोसमयपत्ता वन्नेणं उववेया जाव फासेणं, आसायणिज्जा वीसायणिज्जा पीणणिज्जा बिंहणिज्जा दीवणिज्जा दप्पणिज्जा मयणिज्जा सव्वेंदियगायपल्हायणिज्जा, भवेयारूवा? गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे, पम्हलेस्सा एत्तो इट्ठतरिया चेव जाव मणामतरिया चेव आसएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७। उ ४। सू ४५। पृ० ४४७

(ख) वरवारुणीए व रसो, विविहाण व आसवाण जारिसओ।
महुमेरयस्स व रसो, एत्तो पम्हाए परएणं ॥

—उत्त० अ ३४ । गा १४ । पृ० १०४६

चन्द्रप्रभा, मणिशीला, श्रेष्ठसीधु, श्रेष्टवारुणी, पत्रासव, पुष्पासव, फलासव, चोयासव, आसव, मधु, मैरेय, कापिशायन, खर्जुरसार, द्राक्षासार, सुपक्व इक्षुरस, अष्टप्रकारीयपिष्ट, जाम्बुफल कालिका, श्रेष्ट प्रसन्ना, आमला, मामला, पेशल, इषत् ओष्ठावलंबिनी, इषत् व्यवच्छेद कटुका, इषत् ताम्राक्षिकरणी, उत्कृष्ट मद्प्रयुक्ता, उत्तम वर्ण, गंध, स्पर्शवाले, आस्वादनीय, विस्वादनीय, पीनेयोग्य, बृंहणीय, पुष्टिकारक, प्रदीप्तिकारक, दर्पणीय, मदनीय, सर्व इन्द्रिय, सर्व गात्र को आनन्दकारी आस्वाद से अधिक इष्टकर, कंतकर, प्रीतकर, मनोज्ञ तथा मनभावने आस्वाद वाली पद्म लेश्या होती है। मद्य, आसव, मधु, मेरक आदि से अनन्त गुण मधुर आस्वादन वाली होती है।

१३·६ शुक्ल लेश्या के रस

(क) सुक्कलेस्सा णं भन्ते ! केरिसिया आसाएणं पन्नत्ता ? गोयमा ! से जहानामए गुले इ वा खंडे इ वा सक्करा इ वा मच्छंडिया इ वा पप्पडमोदए इ वा भिमकंदए इ वा पुप्फुत्तरा इ वा पउमुत्तरा इ वा आदंसिय इ वा सिद्धत्थिया इ वा आगास-फालितोवमा इ वा उवमा इ वा अणोवमा इ वा, भवेयारूवे ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, सुक्कलेस्सा एत्तो इट्ठतरिया चेव पियतरिया चेव मणामतरिया चेव आसाएणं पन्नत्ता।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू० ४६ । पृ० ४४८

(ख) खजूरमुद्दियरसो, खीररसो खंडसक्कररसो वा।
एत्तो वि अणंतगुणो, रसो उ सुक्काए नायव्वो ॥

—उत्त० अ ३४ । गा १५ । पृ० १०४६

गोला, चीनी, शक्कर, मत्स्यंडिका पर्पटमोदक बीमकंद, पुष्पोत्तरा, पद्मोत्तरा, आदर्शिका, शिद्धार्थिका, आकाशस्फटिकोपमाके उपम एवं अनुपम आस्वाद से अधिक इष्टकर, कन्तकर, प्रीतकर, मनोज्ञ, मनभावने आस्वाद वाली शुक्ल लेश्या होती है। खजूर, द्राक्ष, दूध, चीनी, शक्कर से अनन्त गुणी मधुर आस्वादवाली शुक्ल लेश्या होती है।

·१४ द्रव्य लेश्या के स्पर्श

कण्हलेस्साणं भन्ते कइ × × × फासा पन्नत्ता ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च × × × अट्ठफासा पन्नत्ता एवं × × × जाव सुक्कलेस्सा।

—भग० श १२ । उ ५ । प्र १६ । पृ० ६६४

द्रव्यलेश्या के आठों पौद्गलिक स्पर्श होते हैं।

१४.१ प्रथम तीन लेश्या का स्पर्श

(क) जह करगयस्स फासो, गोजिब्भाए व सागपत्ताणं।
एत्तो वि अणंतगुणो, लेसाणं अप्पसत्थाणं॥

करवत, गाय की जीभ, शाक के पत्ते का जैसा स्पर्श होता है उससे भी अनन्तगुण अधिक रूक्ष स्पर्श प्रथम तीन अप्रशस्त लेश्याओं का होता है।

—उत्त० अ ३४ । गा १८ । पृ० १०४६

(ख) (तओ) सीयलुक्खाओ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

(ग) तओ सीयललुक्खाओ

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

प्रथम तीन लेश्या शीत-रूक्ष की स्पर्शवाली होती है।

१४.२ पश्चात् की तीन लेश्या का स्पर्श

(क) जह बूरस्स फासो नवणीयस्स व सिरीसकुसुमाणं।
एत्तो वि अणंतगुणो, पसत्थ लेसाण तिण्हं पि॥

--उत्त० अ ३४ । गा १९ । पृ० १०४६

बूर वनस्पति, नवनीत (मक्खन) और सिरीष के फूल का जैसा स्पर्श होता है उससे भी अनन्त गुण कोमल (स्निग्ध) स्पर्श तीन प्रशस्त लेश्याओं का होता है।

(ख) (तओ) निद्धुण्हाओ।

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २२१ । पृ० २२०

(ग) तओ निद्धण्हाओ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४७ । पृ० ४४६

पश्चात् की तीन लेश्याओं का स्पर्श उष्ण-स्निग्ध होता है।

·१५ द्रव्य लेश्या के प्रदेश

कण्हलेस्सा णं भन्ते। कइ पएसिया पन्नत्ता ? गोयमा ! अणंत पएसिया पन्नत्ता, एवं जाव सुक्कलेस्सा ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४६ । पृ० ४४६

कृष्ण लेश्या यावत् शुक्ल लेश्या अनन्त प्रदेशी होती है। द्रव्य लेश्या का एक स्कन्ध अनन्त प्रदेशी होता है।

.१६ द्रव्य लेश्या और प्रदेशावगाह—क्षेत्रावगाह

(क) **कण्हलेस्सा णं भंते ! कइ पएसोगाढा पन्नत्ता ? गोयमा !**
असंखेज्ज पएसोगाढा पन्नत्ता, एवं जाव सुक्कलेस्सा ।

—पण्ण० प० १७ । उ ४ । सू ४६ पृ० ४४६

कृष्ण लेश्या यावत् शुक्ल लेश्या असंख्यात् प्रदेश क्षेत्र अवगाह करती है। यह लेश्या के एक स्कंध की अपेक्षा वर्णन मालूम होता है।

(ख) **लेश्या क्षेत्राधिकार—क्षेत्रावगाह**

सट्ठाणंसमुग्धादे उववादे सव्वलोय सुहाणं ।
लोयस्सासंखेज्जदिभागं खेत्तं तु तेउतिये ॥ ५४२

—गोजी० गाथा

सुक्कस समुग्घादे असंखलोगा य सव्व लोगो य ।

—गोजी० पृ० १९६ । गाथा अनअंकित

प्रथम तीन लेश्याओं का सामान्य से (सर्व लेश्या द्रव्यों की अपेक्षा) स्वस्थान, समुद्घात तथा उपपाद की अपेक्षा सर्वलोक प्रमाण क्षेत्र अवगाह है तथा तीन पश्चात् की लेश्याओं का लोक के असंख्यात् भाग क्षेत्र परिमाण अवगाह है। शुक्ललेश्या का क्षेत्रावगाह समुद्घात का अपेक्षा लोक का असंख्यात् भाग (बहु भाग) या सर्वलोक परिमाण है।

·१७ द्रव्यलेश्या की वर्गणा

कण्हलेस्साए णं भंते ! केवइयाओ वग्गणाओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! अणंताओ वग्गणाओ एवं जाव सुक्कलेस्साए ।

कृष्ण यावत् शुक्ल लेश्याओं की प्रत्येक की अनन्त वर्गणा होती है।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू ४६ । पृ० ४४६

·१८ द्रव्यलेश्या और गुरुलघुत्व

कण्हलेसा णं भंते ! किं गुरुया, जाव अगुरुयलहुया ? गोयमा ! नो गुरुया नो लहुया, गुरुयलहुया वि, अगुरुयलहुया वि । से केणट्ठेणं ? गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च ततियपएणं, भावलेस्सं पडुच्च चउत्थपएणं एवं जाव सुक्कलेस्सा ।

—भग० श १ । उ ६ । प्र २८६।६० पृ० ४११

कृष्णलेश्या यावत् शुक्ललेश्या द्रव्यलेश्या की अपेक्षा गुरुलघु है तथा भावलेश्या की अपेक्षा अगुरुलघु है ।

·१९ द्रव्यलेश्याओं की परस्पर परिणमन-गति

से किं तं लेस्सागइ ? २ जण्णं कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ताख्वत्ताए तावण्णत्ताए तागंधत्ताए तारसत्ताए ताफासत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ एवं नीललेसा काऊलेस्सं पप्प ताख्वत्ताए जाव ताफासत्ताए परिणमइ, एवं काऊलेस्सावि तेऊलेस्सं, तेऊलेस्सावि पम्हलेस्सं, पम्हलेस्सावि सुक्कलेस्सं पप्प ताख्वत्ताए जाव परिणमइ, से तं लेस्सागइ ।

—पण्ण० प १६ । उ ४ । सू १५ । पृ ४३३

एक लेश्या दूसरी लेश्या के द्रव्यों का संयोग पाकर उस रूप, वर्ण, गन्ध, रस तथा स्पर्श रूप में परिणत होती है वह उसकी लेश्यागति कहलाती है ।

लेश्यागति विहायगइ का ११ वाँ भेद है । —पण्ण० प १६। सू १४ । पृ० ४३२-३

१९·१ कृष्णलेश्या का अन्य लेश्याओं में परिणमन

(क) से नूणं भंते ! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ताख्वत्ताए तावण्णताए तागंधत्ताए तारसत्ताए ताफासत्ताए भुज्जो २ परिणमइ ? हंता गोयमा ! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ताख्वत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ । से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ— 'कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ताख्वत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ' ? गोयमा ! से जहानामए खीरे दूसिं पप्प सुद्धे वा वत्थे रागं पप्प ताख्वत्ताए जाव ताफासत्ताए भुज्जो २ परिणमइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—'कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प ताख्वत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ ।

—पण्ण० प १७ । उ ४ । सू० ३१ । पृ० ४४५

—भग० श ४ । उ १० । प्र० १ । पृ० ४६८

कृष्णलेशी भवसिद्धिक जीवों की एक वर्गणा होती है तथा कृष्णलेशी अभवसिद्धिक जीवों की एक वर्गणा होती है इसी प्रकार छओं लेश्याओं में दो-दो पद कहना। कृष्णलेशी भवसिद्धिक नारक जीवों की एक वर्गणा, कृष्णलेशी अभवसिद्धिकों की एक वर्गणा तथा इसी प्रकार दण्डक में यावत् वैमानिक जीवों तक जिसके जितनी लेश्या हो उतनी भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक वर्गणा कहना।

(४) एगा कण्हलेस्साणं समदिट्ठियाणं वग्गणा, एगा कण्हलेस्साणं मिच्छादिट्ठियाणं वग्गणा, एगा कण्हलेस्साणं सम्ममिच्छदिट्ठियाणं वग्गणा, एवं छसु वि लेस्सासु जाव वेमाणियाणं जेसिं जइ दिट्ठीओ।

कृष्णलेशी सम्यक् दृष्टि जीवों की एक वर्गणा होती है, कृष्णलेशी मिथ्या दृष्टि जीवों की एक वर्गणा तथा कृष्णलेशी सम-मिथ्या दृष्टि जीवों की एक वर्गणा। इसी प्रकार छओं लेश्याओं में तथा दण्डक के जीवों में यावत् वैमानिक जीवों तक जिसके जितनी लेश्या तथा दृष्टि हो उतनी सम्यक् दृष्टि, मिथ्या दृष्टि तथा सममिथ्या दृष्टि व लेश्या की अपेक्षा जीवों की दृष्टि वर्गणा कहना।

(५) एगा कण्हलेस्साणं कण्हपक्खियाणं वग्गणा, एगा कण्हलेस्साणं सुक्कपक्खियाणं वग्गणा, एवं जाव वेमाणियाणं, जस्स जइ लेस्साओ, एए अट्ठ चउवीसदण्डया।

कृष्णलेशी कृष्णपक्षी जीवों की एक वर्गणा है, कृष्णलेशी शुक्लपक्षी जीवों की एक वर्गणा है। इसी प्रकार छओं लेश्याओं में तथा दण्डक के यावत् वैमानिक जीवों तक में जिसके जितनी लेश्या तथा जो पक्षी हो उतनी कृष्णपक्षी शुक्लपक्षी वर्गणा कहना।

वर्गणा शब्द की भावाभिव्यक्ति अंग्रेजी के Grouping शब्द में पूर्ण रूप से व्यक्त होती है। सामान्यतः समान गुण व जातिवाले समुदाय को वर्गणा कहते।

—ठाण० स्था १। सू ५१। पृ० १८४-१८५

·५३ विभिन्न जीवों में कितनी लेश्या

·१ नारकियों में

(क) नेरियाणं भंते ! कइ लेस्साओ पन्नत्ता ? गोयमा ! तिन्नि (लेस्साओ-पन्नत्ता) तंजहा-कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा ।

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३७।८

(ख) नेरइयाणं तओ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा ।

—ठाण स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

(ग) (तेसि णं भंते ! (नेरइया) जीवाणं कइ लेस्सा पन्नत्ता ? गोयमा !) तिन्नि लेस्साओ (पन्नत्ताओ) ।

—जीवा० प्रति १ । सू ३२ ।पृ० ११३

नारकी जीवों के तीन लेश्या होती हैं यथा—कृष्ण, नील तथा कापोतलेश्या ।

·२ रत्नप्रभा नारकी में

(क) इमीसे णं भन्ते ! रयणप्पभाएपुढवीए नेरइयाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! एगा काऊलेस्सा पन्नत्ता ।

—जीवा० प्रति ३ । उ २ । सूत्र ८८ । पृ० १४१

—भग० श १ । उ ५ । प्र० १८० । पृ० ४००।१

रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकी के एक कापोत लेश्या होती है ।

(ख) (रयणप्पभापुढविनेरइए णं भन्ते ! जे भविए पंचिंदियतिरिक्खजोणिए सु उववज्जित्तए) तेसि णं भंते × × एगा काऊलेस्सा पन्नत्ता ।

—भग० श २४ । उ २० । प्र ५ । पृ० ८३८

तिर्यंच पंचेन्द्रिय में उत्पन्न होने योग्य रत्नप्रभा नारकी में एक कापोत लेश्या होती है ।

·३ शर्कराप्रभा नारकी में

एवं सक्करप्पभाएऽवि ।

—जीवा० प्रति ३ । उ २ । सू ८८ । पृ० १४१

रत्नप्रभा नारकी की तरह शर्कराप्रभा नारकी में भी एक कापोतलेश्या होती है । (देखो ऊपर का पाठ)

·४ बालुकाप्रभा नारकी में

वालुयप्पभाए पुच्छा, गोयमा ! दो लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—नील-

लेस्सा य काऊलेस्सा य। तत्थ जे काऊलेस्सा ते बहुतरा जे नीललेस्सा पन्नत्ता ते थोवा।

—जीवा० प्रति ३। उ २। सू ८८। पृ० १४१

बालुका प्रभा पृथ्वी के नारकी के दो लेश्या होती हैं, यथा-नील और कापोत। उनमें अधिकतर कापोत लेश्यावाले हैं, नीललेश्या वाले थोड़े हैं।

·५ पंकप्रभा नारकी में

पंकप्पभाए पुच्छा, एगा नीललेस्सा पन्नत्ता।

—जीवा० प्रति ३। उ २ सू ८८। पृ० १४१

पंकप्रभा पृथ्वी के नारकी के एक नीललेश्या होती है।

·६ धूम्रप्रभा नारकी में

धूमप्पभाए पुच्छा, गोयमा! दो लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा— कण्हलेस्सा य नीललेस्सा य, ते बहुतरगा जे नीललेस्सा थोवतरगा जे कण्हलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३। ३२। सू ८८। पृ० १४१

धूम्रप्रभा पृथ्वी के नारकी के दो लेश्या होती हैं, यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या। उनमें अधिकतर नीललेश्या वाले हैं, कृष्णलेश्या वाले थोड़े है।

·७ तमप्रभा नारकी में

तमाए पुच्छा, गोयमा! एगा कण्हलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३। उ २। सू ८८। पृ० १४१

तमप्रभा पृथ्वी के नारकी के एक कृष्णलेश्या होती है।

·८ तमतमाप्रभा नारकी में

अहे सत्तमाए एगा परम कण्हलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३। उ २। सू ८८। पृ० १४१

तमतमाप्रभा पृथ्वी के नारकी के एक परम कृष्णलेश्या होती है।

समुच्चय गाथा

एवं सत्तवि पुढवीओ नेयव्वाओ, णाणत्तं लेसासु।
गाहा—काऊ य दोसु तइयाए मीसिया नीलिया चउत्थीए।
पंचमियाए मीसा कण्हा तत्तो परम कण्हा॥

—भग० श १। उ ५। प्र ४६। पृ० ४०१

पहली और दूसरी नारकी में एक कापोत लेश्या, तीसरी में कापोत और नील, चौथी में एक नील, पंचमी में नील और कृष्ण, छट्ठी में एक कृष्ण और सातवीं में एक परम कृष्णलेश्या होती है।

·६ तिर्यंच में

तिरिक्ख जोणियाणं भंते ! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! छल्ले-स्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

तिर्यंच के कृष्ण यावत् शुक्ल छओ लेश्या होती है।

·१० एकेन्द्रिय में

(क) एगिंदियाणं भंते! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव तेऊलेसा।

—पण्ण० प० १७। उ २। सू० १३। पृ० ४३८

—भग० श १७। उ १२। प्र १२। पृ० ७६१

एकेन्द्रिय के चार लेश्या होती है, यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजोलेश्या।

·११ पृथ्वीकाय में

(क) पुढविकाइयाणं भंते ! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! एवं चेव (जहा एगिंदियाणं)।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) (पुढविकाइया) तेसिणं भंते ! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा काऊलेस्सा तेऊलेस्सा।

—भग० श १६। उ ३। प्र २। पृ० ७८२

(ग) असुरकुमाराणं चत्तारि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा तेऊलेस्सा एवं जाव थणियकुमाराणं एवं पुढविकाइयाणं।

—ठाण० स्था ४। उ ३। सू ३६५। पृ० २४०

(घ) भवणवइवाणमंतर पुढविआउवणस्सइकाइयाणं च चत्तारि लेस्साओ।

ठाण० स्था २। उ १। सू ७२। पृ० १८४

पृथ्वीकाय के जीवो में चार लेश्या होती है, यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोत-लेश्या, तेजोलेश्या।

(च) (पुढविकाइए णं भंते ! जे भविए पुढविकाइएसु उववज्जित्तए) चत्तारि लेस्साओ।

—भग० श २४। उ १२। प्र ४। पृ० ८२६

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने योग्य पृथ्वीकायिक जीवों में चार लेश्या होती है।

(छ) (पुढविकाइए णं भन्ते ! जे भविए पुढविकाइएसु उववज्जित्तए) सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ × × लेस्साओ तिन्नि।

—भग० श २४ । उ १२ । प्र ८ । पृ० ८३०

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने योग्य जघन्य स्थितिवाले पृथ्वीकायिक जीवों में तीन लेश्या होती है।

(ज) असुरकुमाराणं तओ लेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा × × एवं पुढविकाइयाणं।

—ठाण० स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

पृथ्वीकाय में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है, यथा—कृष्ण, नील, कापोतलेश्या।

·११·१ सूक्ष्म पृथ्वीकाय में

(सुहुम पुढविकाइया) तेसिणं भंते ! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तिन्नि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा काऊलेस्सा।

—जीवा० प्रति १ । सू १३ । पृ० १०६

सूक्ष्म पृथ्वीकाय के जीवों में तीन लेश्या होती है, यथा—कृष्ण, नील, कापोत लेश्या।

·११·२ बादर पृथ्वीकाय में

चार लेश्या होती है।

·११·३ स्निग्ध तथा खर पृथ्वीकाय में

(सण्हबायर पुढविकाइया ; खरबायर पुढविकाइया) चत्तारि लेस्साओ।

—जीवा० प्रति १ । सू १५ । पृ० १०६

स्निग्ध तथा खर बादर पृथ्वीकाय में कृष्णादि चार लेश्या होती है।

·११·४ अपर्याप्त बादर पृथ्वीकाय में

चार लेश्या होती है।

·११·५ पर्याप्त बादर पृथ्वीकाय में

तीन लेश्या होती है।

·१२ अप्काय में

(क) भवणवइवाणमंतर पुढविआउवणस्सइकाइयाणं च चत्तारि लेस्साओ।

—ठाण० स्था २ । उ १ । सू ७२ । पृ० १८४

(ख) आउवणस्सइकाइयाणवि एवं चेव (जहा पुढविकाइयाणं)।

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

(ग) आउकाइया × × एवं जो पुढविकाइयाणं गमो सो चेव भाणियव्वो।

—भग० श १६ । उ ३ । प्र १७ । पृ० ७८२-८३

(घ) असुरकुमाराणं चत्तारि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा तेऊलेस्सा × × एवं × × आउवणस्सइकाइयाणं।

—ठाण० स्था ४ । उ ३ । सू ३१९ । पृ० २४०

अप्काय के जीवों में चार लेश्या होती हैं।

(ङ) असुरकुमाराणं तओ लेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा × × एवं पुढविकाइयाणं आउवणस्सइकाइयाणं वि।

—ठाण० स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

अप्काय में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

·१२·१ सूक्ष्म अप्काय में

(सुहुम आउकाइया) जहेव सुहुम पुढविकाइयाणं।

—जीवा० प्रति १ । सू १६ । पृ० १०६

सूक्ष्म अप्काय में तीन लेश्या होती है।

·१२·२ बादर अप्काय में

(बायर आउकाइया) चत्तारि लेस्साओ।

—जीवा० प्रति १ । सू १७ । पृ० १०६

बादर अप्काय में चार लेश्या होती है।

·१२·३ अपर्याप्त बादर अप्काय में

चार लेश्या होती है।

·१२·४ पर्याप्त बादर अप्काय में

तीन लेश्या होती हैं।

·१३ तेउकाय में

(क) तेउवाउबेइंदियतेइंदियचउरिंदियाणं जहा नेरइयाणं।

—पण्ण० पद १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

(ख) तेउवाउबेइंदियतेइंदियचउरिंदियाणं वि तओ लेस्सा जहा नेरइयाणं।

—ठाण० स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

(ग) तेउवाउबेइंदियतेइंदियचउरिंदियाणं तिन्नि लेस्साओ।

—ठाण० स्था २ । उ १ । सू ७२ । पृ० १८४

तेउकाय में तीन लेश्या होती है।

(घ) जइ तेउकाइएहिंतो (भविए पुढविकाइएसु) उववज्जंति × × तिन्नि लेस्साओ।

—भग० श० २४ । उ १२ । प्र १६ । पृ० ८३१

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने योग्य तेउकायिक जीव में तीन लेश्या होती है।

'१३'१ सूक्ष्म तेउकाय में

(सुहुम तेउकाइया) जहा सुहुम पुढविकाइयाणं।

– जीवा० प्रति १ । सू २४ । पृ० ११०

सूक्ष्म तेउकाय में तीन लेश्या होती है।

'१३'२ बादर तेउकाय में

(बायर तेउकाइया) तिन्नि लेस्सा।

—जीवा० प्रति १ । सू २५ । पृ० १११

बादर तेउकाय में तीन लेश्या होती है।

'१४ वायुकाय में :—

देखो ऊपर तेउकाय के पाठ ('१३)
तीन लेश्या होती है।

'१४'१ सूक्ष्म वायुकाय में

(सुहुम वाउकाइया)—जहा तेउकाइया ।

— जीवा० प्रति १ । सू २६ । पृ० १११

सूक्ष्म वायुकाय में तीन लेश्या होती है।

'१४'२ बादर वायुकाय में

(बायर वाउकाइया) सेसं तं चेव (सुहुम वाउकाइया)।

—जीवा० प्रति १ । सू २६ । पृ० १११

बादर वायुकाय में तीन लेश्या होती है।

'१५ वनस्पतिकाय में

(क) **आउवणस्सइकाइयाणवि एवं चेव (जहा पुढविकाइयाणं)।**

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

(ख) **असुरकुमाराणं चत्तारि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा तेऊलेस्सा ×× एवं ×× आउवणस्सइकाइयाणं।**

—ठाण० स्था० ४ । उ ३ । सू ३६५ । पृ० २४०

(ग) **भवणवइवाणमंतरपुढविआउवणस्सइकाइयाणं च चत्तारि लेस्साओ।**

—ठाण० स्था २ । उ १ । सू ७२ । पृ० १८४

वनस्पतिकाय के जीवों मे चार लेश्या होती है।

(घ) **असुरकुमाराणं तओ लेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा-कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा ×× एवं पुढविकाइयाणं आउवणस्सइकाइयाणं वि।**

—ठाण० स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

वनस्पतिकाय में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

·१५·१ सूक्ष्म वनस्पतिकाय में

अवसेसं जहा पुढविकाइयाणं।

—जीवा० प्रति १ । सू १८ । पृ० १०६

सूक्ष्म वनस्पतिकाय में तीन लेश्या होती है।

·१५·२ बादर वनस्पतिकाय में

(बायर वणस्सइकाइया) तहेव जहा बायर पुढविकाइयाणं।

— जीवा० प्रति १ । सू २१ । पृ० ११०

बादर वनस्पतिकाय में चार लेश्या होती है।

·१५·३ अपर्याप्त बादर वनस्पतिकाय में

चार लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·४ पर्याप्त बादर वनस्पतिकाय में

तीन लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·५ प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकाय में

चार लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·६ अपर्याप्त प्रत्येक बादर वनस्पतिकाय में—

चार लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·७ पर्याप्त प्रत्येक बादर वनस्पतिकाय में—

तीन लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·८ साधारण शरीर बादर वनस्पतिकाय में

तीन लेश्या होती है। पाठ नहीं मिला।

·१५·६ उत्पल आदि दस प्रत्येक बादर वनस्पतिकाय में

(क) (उप्पलेव्वं एकपत्तए) ते णं भंते ! जीवा किं कण्हलेसा नीललेसा काऊलेसा तेऊलेसा ? गोयमा ! कण्हलेसे वा जाव तेऊलेसे वा कण्हलेस्सा वा नीललेस्सा वा काऊलेस्सा वा तेऊलेसा वा अहवा कण्हलेसे य नीललेस्से य एवं एए दुयासंजोग-तियासंजोगचउक्कसंजोगेणं असीइ भंगा भवंति।

भग० श ११। उ १। सू १३। पृ० २२३

उत्पल जीव में चार लेश्या होती हैं। उत्पल का एक जीव कृष्णलेश्या वाला यावत् तेजोलेश्या वाला होता है। अथवा अनेक जीव कृष्णलेश्या वाले, नीललेश्या वाले होते हैं, अथवा एक कृष्णलेश्या वाला तथा एक नीललेश्यावाला होता है। इस प्रकार द्विकसंयोग, त्रिकसंयोग, तथा चतुष्कसंयोग से सब मिलकर अस्सी भांगे कहना। एक पत्री उत्पल वनस्पति-काय में प्रथम की चार लेश्या होती है। एक जीव के चार लेश्या, अनेक जीवों के भी

चारलेश्या के चार भांगे=कुल ८ भांगे। द्विकसंयोग में एक तथा अनेक की चउभंगी होती है। कृष्णादि चार लेश्या के छः द्विकसंयोग होते हैं। उसको पूर्वोक्त चउभंगी के साथ गुणा करने से द्विकसंजोगी २४ विकल्प होते हैं। चार लेश्या के त्रिकसंयोगी ८ विकल्प होते हैं। उनको पूर्वोक्त चउभंगी के साथ गुणा करने से त्रिकसंयोगी के ३२ विकल्प होते हैं। तथा चतुष्कसंजोगी के १६ विकल्प होते हैं अतः सब मिलकर ८० विकल्प होते हैं।

(ख) (सालुए एगपत्तए) एवं उप्पलुद्देसग वत्तव्वया ? अपरिसेसा भाणियव्वा जाव अणंतखुत्तो।

—भग० श ११। उ २। प्र १। पृ० ६२५

एक पत्री उत्पल की तरह एक पत्री शालुक को जानना।

(ग) (पलासे एगपत्तए) लेसासु ते णं भंते ! जीवा किं कण्हलेसा नीललेसा काऊलेस्सा ? गोयमा ! कण्हलेस्से वा नीललेस्से वा काऊलेस्से वा छव्वीसं भंगा, सेसं तं चेव। सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति॥

—भग० श ११। उ ३। प्र २। पृ० ६२५

एकपत्री पलास वृक्ष में प्रथम तीन लेश्या होती है। एक और अनेक जीव की अपेक्षा से इसके २६ विकल्प जानना।

(घ) (कुंभिए एगपत्तए) एवं जहा पलासुद्देसए तहा भाणियव्वे।

—भग० श० ११। उ ४। प्र १। पृ० ६२५

एकपत्री पलास की तरह एकपत्री कुंभिक में तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(ङ) (नालिए एगपत्तए) एवं कुंभिउद्देसग वत्तव्वया निरविसेसं भाणियव्वा।

—भग० श० ११। उ ५। प्र १। पृ० ६२५

एक पत्री नालिक वनस्पति में एकपत्री कुंभिक की तरह तीन लेश्या छव्वीस विकल्प होते हैं।

(च) (पउमे) एवं उप्पलुद्देसग वत्तव्वया निरवसेसा भाणियव्वा।

—भग० श० ११। उ ६। प्र १। पृ० ६२५

एकपत्री पद्म वनस्पतिकाय में उत्पल की तरह चार लेश्या तथा अस्सी भांगे होते हैं।

(छ) (कन्निए) एवं चेव निरवसेसं भाणियव्वं।

—भग० श० ११। उ ७। प्र १। पृ० ६२५

एक पत्री कर्णिका वनस्पतिकाय में उत्पल की तरह चार लेश्या, अस्सी विकल्प होते हैं।

(ज) (नलिणे) एवं चेव निरविसेसं जाव अणंतखुत्तो।

—भग० श० ११। उ ८। प्र १। पृ० ६२५

एक पत्री नलिन वनस्पतिकाय के उत्पल की तरह चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

१५.१० शालि, व्रीहि आदि वनस्पतिकाय में

(क) इनके मूल में

साली·वीही गोधूम-जाव जवजवाणं × × जीवा मूलत्ताए—ते णं भंते ! जीवा किं कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा छव्वीसं भंगा।

—भग० श० २१। व १। उ १। प्र १। पृ० ८११

शालि, व्रीहि, गोधूम, यावत् जवजव आदि के मूल के जीवों में तीन लेश्या और छव्वीस विकल्प होते हैं।

(ख) इनके कंद में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(ग) इनके स्कन्ध में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(घ) इनकी त्वचा में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(ङ) इनकी शाखा में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(च) इनके प्रवाल में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(छ) इनके पत्र में

तीन लेश्या, २६ विकल्प होते हैं।

(ज) इनके पुष्प में

एवं पुप्फे वि उद्देसओ, नवरं देवा उववज्जंति जहा उप्पलुद्देसे चत्तारि लेस्साओ, असीइ भंगा।

चार लेश्या-तथा अस्सी विकल्प होते हैं क्योंकि इनमें देवता उत्पन्न होते हैं।

(झ) इनके फल में

जहा पुप्फे एवं फले वि उद्देसओ अपरिसेसो भाणियव्वो।

फल में भी पुष्प की तरह चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

(ञ) इनके बीज में

एवं बीए वि उद्देसओ।

बीज में भी पुष्प की तरह चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

—भग० श २१। व १। उ २ से १०। प्र १। पृ० ८११

'१५'११ कलई आदि वनस्पतिकाय में

कलाय-मसूर-तिल-मुग्ग-मास-निप्फायकुलत्थ-आलिसदंग-सडिण-पलिमंथगाणं × × एवं मूलादीया दसउद्देसगा भाणियव्वा जहेव सालीणं निरवसेसं तहेव।

—भग० श २१। व ३। उ १ से १०। प्र० १। पृ० ८११

कलई, मसूर, तिल, मूंग, अरहड़, वाल, कलत्थी, आलिसंदक, सटिन, पालिमंथक, वनस्पति के मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल, पत्र में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प तथा पुष्प-फल-बीज मे चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

१५'१२ अलसी आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते! अयसि कुसुंभ-कोद्दव कंगु-रालग-तुवरी-कोदूसा-सण-सरिसव-मूलगबीयाणं × × एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा जहेव सालीणं निरवसेसं तहेव भाणियव्वं।

—भग० श २१। व ३। उ १ से १०। प्र १। पृ० ८११

अलसी, कुसुम्भ, कोद्रव, कांग, राल, कुवेर, कोदुसा, सण. सरसव, मूलकबीज वनस्पति के मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल, पत्र में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते है तथा पुष्प-फल-बीज मे चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प हांते हैं।

१५'१३ बांस आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते! वंस-वेणु-कणग-कक्कावंस-चारुवंस-दण्डा-कुडा-विमाचण्डा-वेणुया-कल्लाणीणं × × × एवं एत्थवि मूलादीया दस उद्देसगा जहेव सालीणं, नवरं देवो सव्वत्थ वि न उववज्जइ, तिन्नि लेस्साओ, सव्वत्थ वि छव्वीसं भंगा।

—भग० श २१। व ४। पृ० ८१२

बांस, वेणु, कनक, ककविंश, चारूवंश, दण्डा, कुडा, विमा, चण्डा, वेणुका, कल्याणी, इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा छब्बीस विकल्प होते हैं।

१५'१४ इक्षु आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते! उक्खु-इक्खु वाडिया-वीरणा-इक्कड-भमास-सुंठि-सत्त-वेत्त-तिमिर-सयपोरग-नलाणं × एवं जहेव वंसवग्गो तहेव, एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा, नवरं खंधुद्देसे देवा उववज्जंति, चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ता।

—भग० श २१। व ५। पृ० ८१२

इक्षु, इक्षुवाटिका, वीरण, इक्कडभमास-सूंठ-शर-वेत्र-तिमिर-सयपोरग-नल—इनके स्कन्ध बाद मूलादि में तीन लेश्या, २६ विकल्प तथा स्कन्ध में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

'१५'१५ सेडिय आदि तृण विशेष वनस्पतिकाय में

अह भंते ! सेडिय-भंतिय दब्भ-कोंतिय-दब्भकुस-पव्वग पादेइल-अज्जुण-आसाढग रोहिय-समु-अवखीर-भुस-एरंड-कुरुकुंद-करकर-सुंठ-विभंगु-महुरयण-थुरग-सिप्पिय-सुंकलितणाणं × × एवं एत्थ वि दस उद्देसगा निरवसेसं जहेव वंसवग्गो ।

—भग० श २१ । व ६ । पृ० ८१२

सेडिय, भंतिय (भंडिय), दर्भ, कोतिय, दर्भकुश, पर्वक, पोदेइल (पोइदइल), अर्जुन (अंजन), आषाढक, रोहितक, समु, तवखीर, भुस, एरण्ड, कुरुकंद, करकर, सूंठ, विभंग, मधुरयण (मधुवयण), थुरग, शिल्पिक, सुकंलितृण— इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं ।

'१५'१६ अभ्ररूह आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते ! अब्भरुह-वायण-हरितग-तंदुलेज्जग-तण-वत्थुल-पोरग-मज्जारयाई-विल्लि-पालक्क दगपिप्पलिय-दव्वि-सोत्थिय-सायमंडुक्कि-मूलग-सरिसव-अंबिलसाग-जियंतगाणं × × एवं एत्थ वि दस उद्देसगा जहेव वंसवग्गो ।

—भग० श २१ । व ७ । पृ० ८१२

अभ्ररूह, वायण, हरितक, तादलजा, तृण, वत्थुल, पोरक, मार्जारिक, बिल्लि, (चिल्लि), पालक्क, दगपिप्पली, दव्वि (दर्वी), स्वस्तिक, शाकमंडुकी, मूलक, सरसव, अंबिलशाक, जियंतग—इनके मूल यावत् बीज मे तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते है ।

'१५'१७ तुलसी आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते ! तुलसी-कण्ह-दराल-फणेज्जा-अज्जा-चूयणा-चोरा-जीरा-दमणा-मुरुया-इंदीवर-सयपुप्फाणं × × एत्थ वि दस उद्देसगा निरवसेसं जहा वंसाणं ।

—भग० श २१ । व ८ । पृ० ८१२

तुलसी, कृष्ण, दराल, फणेज्जा, अज्जा, चूतणा, चोरा, जीरा, दमणा, मरुया, इंदीवर, शतपुष्प —इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं ।

'१५'१८ ताल तमाल आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते ! ताल-तमाल-तक्कलि-तेतलि-साल-सरला-सारगल्लाणं जाव केयति-कदलि-कंदलि-चम्मरुक्ख-गुंतरुक्ख-हिंगुरुक्ख-लवंगरुक्ख-पूयफल-खज्जूरि-नालएरीणं—मूले कन्दे खंधे तयाए साले य एएसु पंचसु उद्देसगेसु देवो न उववज्जइ । तिन्निलेस्साओ × × × उवरिल्लेसु (पवाले-पत्ते-पुप्फे-फले-बीए) पंचसु उद्देसगेसु-देवो उववज्जइ । चत्तारिलेस्साओ ।

—भग० श २२ । व १ । पृ० ८१२

ताड, तमाल-तक्कलि, तेतलि, साल, देवदार, सारगल यावत् केतकी, केला, कंदली, चर्मवृक्ष, गुंदवृक्ष, हिगुवृक्ष, लवंगवृक्ष, सुपारीवृक्ष, खजूर, नारिकेल —इनके मूल, कंद-स्कन्ध, त्वचा (छाल) शाखा में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं। अवशेष—प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

·१५·१६ लीमडा, आम्र आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते ! निंबंबजंबुकोसंबतालअंकोल्लपीलुसेलुसल्लइमोयइमालुयबउलपलासकरंजपुत्तंजीवगरिट्ठबहेडगहरियगभल्लाय उंबरियखीरणिधायइपियालपूइयणिवायगसेण्हयपासियसीसवअयसिपुण्णागनागरुक्खसीवण्णअसोगाणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एवं मूलादीया दस उद्देसगा कायव्वा निरवसेसं जहा तालवग्गो ॥

—भग० श २२। व २। पृ० ८१२-१३

निम्ब, आम्र, जांबू, कोशंब, ताल, अंकोल्ल, पीलु, सेलु, सल्लकी, मोचकी, मालुक, वकुल, पलाश, करंज, पुत्रजीवक, अरिष्ट, बहेड़ा, हरड, भिलामा, उंबेभरिका, क्षीरिणी, धावडी, प्रियाल, पूर्तिनिम्ब, सेण्हय, पासिय, सीसम, अतसी, नागकेसर, नागवृक्ष, श्रीपर्णी, अशोक इनके मूल, कंद, स्कंध, त्वचा, शाखा में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते है। अवशेष—प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते है।

१५·२० अगस्तिक आदि वनस्पतिकाय में

अह भंते ! अत्थियातिंदुयबोरकविट्ठअंबाडगमाउलिंगबिल्लआमलगफणसदाडिमआसत्थउंबरवडणग्गोहनंदिरुक्खपिप्पलिसतरपिलक्खुरुक्खकाउंबरियकुच्छुंभरियदेवदालितिलगलउयछत्तोहसिरीससत्तवण्णदहिवण्णलोद्धधवचंदण अज्जुणणीवकुडुगकलंबाणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति ते णं भंते ! एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा तालवग्गसरिसा णेयव्वा जाव बीयं ॥

—भग० श २२। व २। पृ० ८१३

अगस्तिक, तिंदुक, बोर, कोठी, अम्बाडग, बीजोरुं, बिल्व, आमलक, पनस, दाडिम, अश्वत्थ (पीपल), उंबर, वड, न्यग्रोध, नन्दिवृक्ष, पीपर, सतर, प्लक्षवृक्ष, काकोदुम्बरी, कस्तुम्भरि देवदालि, तिलक, लकुच, छत्रोध, शिरिष, सप्तपर्ण, दधिपर्ण, लोध्रक, धव, चन्दन, अर्जुन, नीप, कुटज, कदम्ब—इनके मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं। अवशेष—प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

'१५'२१ बेंगन आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते ! वाइंगणिअल्लइपोंडइ एवं जहा पण्णवणाए गाहाणुसारेणं णेयव्वं जाव गंजपाडलावासिअंकोल्लाणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा तालवग्गसरिसा णेयव्वा जाव बीयंति निरवसेसं जहा वंसवग्गो।

भग० श० २२ । व ४ । पृ० ८१२

बेंगन, अल्लइ, (सल्लई) पोडइ, [थंडकी, कच्छुरी, जासुमणा, रूपी आढकी, नीली, तुलसी, मातुलिंगी, कस्तुभरी, पिप्पलिका, अलसी, वल्ली, काकमाची, बुच्चु पटोल कंदली, विउव्वा, वत्थुल, बदर, पत्तउर, सीयउर, जवसय, निगुंडी, कस्तुवरि, अत्थई, तलउडा, शण, पाण, कासमर्द, अग्घाडग, श्यामा, सिन्दुवार करमर्द, अद्दरूसग, करीर, ऐरावण, महित्थ, जाउलग, मालग, परिली, गजमारिणी, कुव्वकारिया, भंडी, जीवन्ती, केतकी] गंज, पाटला, दासी, अंकोल—इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं।

'१५'२२ सिरियक आदि वनस्पतिकाय में—

अह भन्ते ! सिरियकाणवनालियकोरंटगबंधुजीवगमणोज्जा जहा पण्णवणाए पढमपए गाहाणुसारेणं जाव नलणी य कुंदमहाजाईणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा निरवसेसं जहा सालीणं ॥

—भग० श २२ । व ५ । पृ० ८१३

सिरियक, नवमालिका, कोरंटक, वन्धुजीवक, मणोज्जा, (पिइय, पाण, कणेर, कुज्जय, सिंदुवार, जाती, मोगरो, यूथिका, मल्लिका, वासन्ती, वत्थुल, कत्थुल, सेवाल, ग्रन्थी, मृग दन्तिका, चम्पक जाति,) नवणीइया, कुंद, महाजाति—इनके मूल यावत् पत्र में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं। पुष्प, फल, बीज में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

'१५'२३ पूसफलिका आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते ! पूसफलिकालिंगीतुंबीतउसीएलावालुंकी एवं पयाणि छिंदियव्वाणि पण्णवणा गाहाणुसारेणं जहा तालवग्गे जाव दधिफोल्लइकाकलिसोक्कलिअक्कबोंदीणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एवं मूलादीया दस उद्देसगा कायव्वा जहा तालवग्गो, णवरं फलउद्देसे ओगाहणाए जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं उक्कोसेणं धणुहपुहुत्तं, ठिई सव्वत्थ जहण्णेणं अन्तोमुहुत्तं उक्कोसेणं वासपुहुत्तं सेसं तं चेव।

—भग० श० २२ । व ६ । पृ० ८१३

पूसफलिका, कालिंगी, तुंबडी, त्रपुषी, एलवालुंकी, (घोषातकी, पण्डोला, पंचांगुलिका नीली, कण्डूइया, कट्टुइया, कंकोडी, कारेली, सुभगा, कुयधाय, वागुलीया, पाववल्ली, देवदाली,

अप्फोया, अतिमुक्त, नागलता, कृष्णा, सूरवल्ली, संघट्टा, सुमणसा, जासुवण, कुविंदवल्ली, मुद्दिया, द्राक्षना वेला, अम्बावल्ली, क्षीरविदारिका, जयन्ती, गोपाली, पाणी, मामावल्ली, गुंजा-वल्ली, बच्छाणी, शशबिन्दु, गोत्तफुसिया, गिरिकर्णिका, मालुका, अञ्जनकी) दधिपुष्पिका, काकलि, सोकलि, अर्कबोंदी—इनके मूल, कंद, स्कन्ध, त्वचा (छाल), शाखा में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते है। अवशेष—प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल बीज में चार लेश्या तथा अस्सी विकल्प होते हैं।

अंक '१५.६ से '१५.२३ तक में वर्णित वनस्पतियाँ—प्रत्येक वनस्पतिकाय हैं।

'१५'२४ आलुक आदि साधारण वनस्पतिकाय में—

रायगिहे जाव एवं वयासी— अह भंते ! आलुयमूलगसिंगबेरहालिद्दरुक्खकंड-रियजारुच्छीरबिरालिकिट्ठिकुंदुकण्हकडडसुमहुपयलइमहुसिंगिणिरुहासप्पसुगंधाछिण्ण रुहाबीयरुहाणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एव मूलादीया दस उद्दे सगा कायव्वा वंसवग्गसरिसा ।

—भग० श २३ । व १ । पृ० ८१३

आलुक, मूला, आदु, हलदी, रुरु, कण्डरिक, जीरु, क्षीरविराली, किट्ठी, कुन्दु, कृष्ण, कडसु, मधु, पयलइ, मधुसिंगी, निरुहा, सर्पसुगन्धा, छिन्नरुहा, बीजरुहा—इनके मूल यावत् बीज मे तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं।

'१५'२५ लोही आदि वनस्पतिकाय में—

अह भन्ते ! लोहीणीहूथीहूथिभगाअस्सकण्णीसीहकण्णीसीउंढीमुसंढीणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए वक्कमंति एवं एत्थ वि दस उद्दे सगा जहेव आलुयवग्गो ।

—भग० श २३ । व २ । पृ० ८१४

लोही, नीहू, थीहू, थिभगा, अश्वकर्णी, सिंहकर्णी, सीउंढी, मुसुंढी—इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा २६ विकल्प होते हैं।

'१५'२६ आय आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते ! आयकायकुहुणकुंदुरुक्कउव्वेहलियसफासज्जाछत्तावंसाणियकुमाराणं एएसि णं जे जीवा मूलत्ताए एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्दे सगा निरवसेसं जहा आलुवग्गो ।

—भग० श० २३ । व ३ । पृ० ८१४

आय, काय, कुहुणा, कुन्दुरुक्क, उव्वेहलिय, सफा, सेज्जा, छत्रा, वंशानिका, कुमारी—इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा छब्बीस विकल्प होते हैं।

'१५'२७ पाठा आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते! पाढामियवालुंकिमहुररसारायवल्लिपउमामोंढरिदंतिचंडीणं एएसि णं जे जीवा मूल० एवं एत्थ वि मूलादीया दस उद्देसगा आलुयवग्गसरिसा।

—भग० श० २३। व ४। पृ० ८१४

पाठा, मृगवालुंकी, मधुररसा, राजवल्ली, पद्मा, मोढरी, दंती, चण्डी—इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा छब्बीस विकल्प होते हैं।

'१५'२८ मापपर्णी आदि वनस्पतिकाय में—

अह भंते! मासपण्णीमुग्गपण्णीजीवगसरिसवकरेणुयकाओलिखीरकाकोलिभंगिणहिंकिमिरासिभद्दमुच्छणंगलइपओयकिणापउलपाढेहरेणुयालोहीणं-एएसि णं जे जीवा मूल० एवं एत्थ वि दस उद्देसगा निरवसेसं आलुयवग्गसरिसा॥

—भग० श० २३। व ५ पृ० ८१४

मासपर्णी, मुद्गपर्णी, जीवक, सरसव, करेणुक, काकोली, क्षीरकाकोली, भगी, णही, कृमिराशि, भद्रमुस्ता, लांगली, पउय, किण्णा-पउलय, पाढ, हरेणुका, लोही—इनके मूल यावत् बीज में तीन लेश्या तथा छब्बीस विकल्प होते हैं।

एवं एत्थ पंचसु वि वग्गेसु पन्नासं उद्देसगा भाणियव्वा सव्वत्थ देवा न उववज्जंति तिन्नि लेस्साओ। सेवं भंते! २ त्ति

—भग० श० २३। पृ० ८१४

उपरोक्त ('१५'२४ से '१५'२८ तक) साधारण वनस्पतिकाय के जीवों में तीन लेश्या होती है; क्योंकि इनमें देवता उत्पन्न नही होते हैं।

'१६ द्वीन्द्रिय में—

(क) तेउवाउवेइंदियतेइंदियचउरिंदियाणं जहा नेरइयाणं।

—पण्ण० प १७। उ २। प्र १३। पृ० ४३८

(ख) (बेइंदिया) तिन्निलेस्साओ।

—जीवा० प्रति० १। सू २८। पृ० १११

(ग) तेउवाउबेइंदिय तेइंदियचउरिंदियाणं वि तओलेस्सा जहा नेरइयाणं।

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १८१। पृ० २०५

(घ) तेउवाउबेइंदियतेइंदियचउरिंदिया णं तिन्निलेसाओ।

—ठाण० स्था २। उ १। सू ५१। पृ० १८४

द्वीन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

'१७ त्रीन्द्रिय में—

देखो ऊपर द्वीन्द्रिय के पाठ ('१६) तीन लेश्या होती है।

'१८ चतुरिंद्रिय में—

देखो ऊपर द्वीन्द्रिय के पाठ ('१६) तीन लेश्या होती है।

'१६ तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

(क) पंचेन्दियतिरिक्ख जोणियाणं पुच्छा। गोयमा! छल्लेसा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७ | उ २ | सू १३ | पृ० ४३८

(ख) पंचिदियतिरिक्ख जोणियाणं छ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्ह-लेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—ठाण० स्था ६ | सू ५०४ | पृ० २५२

(ग) पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं मणुस्साणं छल्लेस्साओ।

—ठाण० स्था २ | उ १ | सू० ५१ | पृ० १८४

तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के छ लेश्या होती है यथा—कृष्णलेश्या यावत् शुक्ललेश्या।

संक्लिष्टलेश्या तीन होती है—

(घ) पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं तओलेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा।

—ठाण० स्था ३ | उ १ | सू १८१ | पृ० २०५

तिर्यंच पंचेन्द्रिय में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है—यथा—कृष्ण, नील, कापोत।

असंक्लिष्ट लेश्या तीन होती है—

(ङ) पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं तओलेस्साओ असंकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊलेस्सा, पम्हलेस्सा, सुक्कलेस्सा।

ठाण० स्था ३ | उ १ | सू १८१ | पृ० २०५

तिर्यंच पंचेन्द्रिय में तीन असंक्लिष्ट लेश्या होती है यथा—तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या।

'१६'१ तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के विभिन्न भेदों में—

(क) (खहयरपंचंदियतिरिक्खजोणियाणं) एएसि णं भंते! जीवाणं कइ-लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! छल्लेसाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

(ख) (भुयपरिसप्पथलयरपंचंदियतिरिक्खजोणियाणं) एवं जहा खहयराणं तहेव।

(ग) (उरपरिसप्पथलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं) जहेव भुयपरिसप्पाणं तहेव।

(घ) (चउप्पयथलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं) जहा पक्खीणं।

(ङ) (जलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं) जहा भुयपरिसप्पाणं।

जीवा० प्रति ३ । उ १ । सू ९७ । पृ० १४७-४८

जलचर, चतुष्पादस्थलचर, उरपरिसर्प स्थलचर, भुजपरिसर्प स्थलचर, खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय में छः लेश्या होती है।

·१९·२ संमुर्च्छिम तिर्यंच पंचेन्द्रिय में—

संमुच्छिमपंचेदियतिरिक्खजोणियाणं पुच्छा। गोयमा! जहा नेरइयाणं।

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

समुर्च्छिम तिर्यंच पंचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है—यथा—कृष्ण-नील-कापोत।

·१९·३ जलचर संमुर्च्छिम तिर्यंच पंचेन्द्रिय में—

संमुच्छिमपंचेन्दियतिरिक्खजोणिया × × जलयरा—लेस्साओ तिन्नि।

—जीवा० प्रति १ । सू ३५ । पृ० ११३

जलचर समुर्च्छिम तिर्यंच पंचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

·१९·४ स्थलचर समुर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

चतुष्पादस्थलचर समुर्च्छिम में —

(क) चउप्पय थलयर संमुच्छिमपंचेंदियतिरिक्खजोणिया × × जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १ । सू ३६ । पृ० ११४

चतुष्पाद स्थलचर संमुर्च्छिम तिर्यञ्च पचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

उरपरिसर्प स्थलचर संमुर्च्छिम में—

(ख) उरयपरिसप्पसंमुच्छिमा × × जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १ । सू ३६ । पृ० ११४

उरपरिसर्प स्थलचर संमुर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

भुजपरिसर्प स्थलचर संमुर्च्छिम में—

(ग) (भुयपरिसप्प संमुच्छिम थलयरा) जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १ । सू ३६ । पृ० ११४

भुजपरिसर्प स्थलचर संमुर्च्छिम तिर्यञ्च पचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

·१९·५ खेचर संमुर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

(संमुच्छिम पंचेंदियतिरिक्खजोणिया × × खहयरा) जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १ । सू ३६ । पृ० ११५

खेचर संमुर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में तीन लेश्या होती है।

'१६'६ गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

गब्भवक्कंतिय पंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं पुच्छा। गोयमा! छल्लेस्सा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय में ६ लेश्या होती है।

'१६'७ गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय (स्त्री) में—

तिरिक्खजोणिणीणं पुच्छा। गोयमा! छल्लेस्सा एयाओ चेव।

-- पण्ण० प० १७। उ २। सू० १३। पृ० ४३८

तिर्यञ्च योनिक स्त्री (गर्भज तिर्यञ्च) मे छः लेश्या होती है।

'१६'८ जलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

गब्भवक्कंतिय पंचेंदियतिरिक्खजोणिया × जलयरा × × छल्लेस्साओ।

—जीवा० प्रति १। सू ३८। पृ० ११५

गर्भज जलचर तिर्यञ्च पचेन्द्रिय में छः लेश्या होती है।

'१६'६ स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

चतुष्पाद स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

(क) गब्भवक्कंतियपंचेंदियतिरिक्खजोणिया × × थलयरा × चउप्पया × जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १। सू ३८। पृ० ११६

चतुष्पाद स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय मे ६ लेश्या होती है।

उरपरिसर्प स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में-

(ख) गब्भवक्कन्तियपंचेंदियतिरिक्खजोणिया × × थलयरा × परिसप्पा × उरपरिसप्पा—जहा जलयराणं।

—जीवा० प्रति १। सू० ३८। पृ० ११६

उरपरिसर्प स्थलचर गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय में छः लेश्या होती है।

भुजपरिसर्प स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

(ग) गब्भवक्कंतियपंचेंदियतिरिक्खजोणिया × × थलयरा × परिसप्पा × भुयपरिसप्पा—जहा उरपरिसप्पा।

—जीवा० प्रति १। सू ३८। पृ० ११६

भुजपरिसर्प स्थलचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में छः लेश्या होती है।

'१६'१० खेचर गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय में—

गब्भवक्कंतिय पंचेंदियतिरिक्खजोणिया ×× खहयरा—जहा जलयराणं ।

—जीवा० प्रति० १ । सू ३८ । पृ० ११६

खेचर गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय में छः लेश्या होती है ।

'२० मनुष्य में—

(क) **मणूस्सा णं पुच्छा । गोयमा ! छल्लेस्सा एयाओ चेव ।**

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

(ख) **मणुस्साणं भंते ! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! छ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा ।**

- पण्ण० प १७ । उ ६ । सू १ । पृ० ४५१

(ग) **पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं छ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा, एवं मणुस्सदेवाण वि ।**

—ठाण० स्था० ६ । सू ५०४ । पृ० २७२

(घ) **पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं मणुस्साणं छल्लेस्साओ ।**

—ठाण० स्था १ । सू ५१ । पृ० १८४

मनुष्य में छ लेश्या होती है ।

संक्लिष्ट लेश्या तीन होती है ।

(ङ) **पंचिदियतिरिक्खजोणियाण तओ लेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा ×× एवं मणुस्साण वि ।**

—ठाण० स्था ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

मनुष्य में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है, यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या ।

असंक्लिष्ट लेश्या तीन होती है ।

(च) **पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं तओ लेस्साओ असंकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊलेस्सा पम्हलेस्सा सुक्कलेस्सा × एवं मणुस्साण वि ।**

—ठाण० स्था० ३ । उ १ । सू १८१ । पृ० २०५

मनुष्य मे तीन असंक्लिष्ट लेश्या होती है यथा—तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या ।

'२०'१ संमुर्च्छिम मनुष्य में—

संमुच्छिममणुस्साणं पुच्छा । गोयमा ! जहा नेरइयाणं ।

—पण्ण० प १७ । उ २ । सू १३ । पृ० ४३८

संमुर्च्छिम मनुष्य में प्रथम की तीन लेश्या होती हैं ।

·२०·२ गर्भज मनुष्य में—

(क) गब्भवक्कंतियमणुस्साणं पुच्छा। गोयमा! छल्लेसाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) (गब्भवक्कंतियमणुस्सा) ते णं भंते! जीवा किं कण्हलेस्सा जाव अलेस्सा। गोयमा! सव्वेवि।

—जीवा० प्र १। सू ४१। पृ० ११६

गर्भज मनुष्य में ६ लेश्या होती है। अलेशी भी होता है।

·२०·३ गर्भज मनुष्यणी में—

(क) मणुस्सीणं पुच्छा। गोयमा। एवं चेव।

—पण्ण० प० १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) मणुस्सीणं भंते! पुच्छा। गोयमा! छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हा जाव सुक्का।

—पण्ण० प १७। उ ६। सू १। पृ० ४५१

मनुष्यणी (गर्भज) में छ लेश्या होती है।

·२०·४ कर्मभूमिज मनुष्य तथा मनुष्यणी में :—

कम्मभूमयमणुस्साणं भंते! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! छ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हा जाव सुक्का। एवं कम्मभूमयमणुस्सीणवि।

—पण्ण० प १७। उ ६। सू १। पृ० ४५१

कर्मभूमिज मनुष्य में छः लेश्या होती है।

इसी प्रकार कर्मभूमिज मनुष्यणी (स्त्री) में भी छः लेश्या होती है।

·२०·५ कर्मभूमिज मनुष्य और मनुष्यणी के विभिन्न भेदो में :—

(क) भरत—ऐरभरत क्षेत्र में (कर्मभूमिज) मनुष्य में

भरहेरवयमणुस्साणं भंते! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हा जाव सुक्का। एवं मणुस्सीणवि।

—पण्ण० प १७। उ ६। सू १। पृ० ४५१

भरत—ऐरभरत क्षेत्र के मनुष्य में छः लेश्या होती है। इसी प्रकार मनुष्यणी (स्त्री) में भी छः लेश्या होती है।

(ख) महाविदेह क्षेत्र (कर्मभूमिज) के मनुष्य में :—

पुव्वविदेहे अवरविदेहे कम्मभूमयमणुस्साणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ, गोयमा ! छल्लेस्साओ, तं जहा—कण्हा जाव सुक्का। एवं मणुस्सीणवि।

—पण्ण० प १७ | उ ६ | सू १ | पृ० ४५१

पूर्व और पश्चिम महाविदेह के कर्मभूमिज मनुष्य में छः लेश्या होती है। इसी प्रकार मनुष्यणी (स्त्री) में भी छः लेश्या होती है।

·२०·६ अकर्मभूमिज मनुष्य तथा मनुष्यणी में :—

अकम्मभूमयमणुस्साणं पुच्छा। गोयमा! चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हा जाव तेऊलेस्सा। एवं अकम्मभूमयमणुस्सीणवि।

—पण्ण० प १७ | उ ६ | प्र १ | पृ० ४५१

अकर्मभूमिज मनुष्य में चार लेश्या होती है। इसी प्रकार मनुष्यणी (स्त्री) में भी चार लेश्या होती है।

·२०·७ अकर्मभूमिज मनुष्य और मनुष्यणी के विभिन्न भेदों में :—

(क) हेमवय—हैरण्यवय अकर्मभूमिज मनुष्य में :—

एवं हेमवयएरन्नवयअकम्मभूमयमणुस्साणं मणुस्सीण य कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! चत्तारि, तंजहा—कण्हा जाव तेऊलेस्सा।

—पण्ण० प १७ | उ ६ | प्र १ | पृ० ४५१

हैमवय हैरण्यवय अकर्मभूमिज मनुष्य तथा मनुष्यणी में चार लेश्या होती है।

(ख) हरिवास—रम्यकवास अकर्मभूमिज मनुष्य में :—

हरिवासरम्मयअकम्मभूमयमणुस्साणं मणुस्सीण य पुच्छा। गोयमा! चत्तारि, तंजहा—कण्हा जाव तेऊलेस्सा।

— पण्ण० प १७ | उ ६ | प्र १ | पृ० ४५१

हरिवास—रम्यकवास अकर्मभूमिज मनुष्य—मनुष्यणी में चार लेश्या होती है।

(ग) देवकुरु—उत्तरकुरु अकर्मभूमिज मनुष्य में :—

देवकुरु उत्तरकुरु अकम्मभूमयमणुस्सा एवं चेव। एएसिं चेव मणुस्सीणं एवं चेव।

—पण्ण० प १७ | उ ६ | प्र १ | पृ० ४५१

देवकुरु—उत्तरकुरु अकर्मभूमिज मनुष्य में चार लेश्या होती है। इसी प्रकार मनुष्यणी में भी चार लेश्या होती है।

(घ) धातकीखण्ड और पुष्कर द्वीप के अकर्मभूमिज मनुष्य में—

धायइखंडपुरिमद्धे वि एवं चेव, पच्छिमद्धे वि। एवं पुक्खरदीवे वि भाणियव्वं।

— पण्ण० प १७ | उ ६ | प्र १ | पृ० ४५१

इसी प्रकार धातकीखण्ड के पूर्वार्द्ध तथा पश्चिमार्ध के हेमवय, हैरण्यवय, हरिवास, रम्यकवास, देवकुरु, उत्तरकुरु अकर्मभूमिज मनुष्य तथा मनुष्यणी में चार लेश्या होती है।

इसी प्रकार पुष्करवर द्वीप के पूर्वार्द्ध तथा पश्चिमार्ध के हेमवय, हैरण्यवय, हरिवास, रम्यकवास, देवकुरु, अकर्मभूमिज मनुष्य तथा मनुष्यणी में चार लेश्या होती है।

·२०·८ अन्तर्द्वीपज मनुष्य और मनुष्यणी में :—

एवं अंतरदीवगमणुस्साणं, मणुस्सीण वि।

—पण्ण० प १७। उ ६। प्र १। पृ० ४५१

इसी प्रकार अंतर्द्वीपज मनुष्य तथा मनुष्यणी में चार लेश्या होती है।

·२१ देव में :—

(क) **देवाणं पुच्छा। गोयमा! छ एयाओ चेव।**

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४५८

(ख) **पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा। एवं मणुस्सदेवाणवि।**

—ठाण० स्था ६। सू० ५०४। पृ० २७२

(ग) **(देवा) छल्लेस्साओ।**

—जीवा० प्र १। सू ४२। पृ० ११७

देव में छः लेश्या होती है।

·२१·१ देवी में—

देवीणं पुच्छा। गोयमा! चत्तारि—कण्हलेस्सा जाव तेऊलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

देवी में चार लेश्या होती है।

·२२ भवनपति देव में—

(क) **भवणवासीणं भंते! देवाणं पुच्छा। गोयमा! एवं चेव**

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) **असुरकुमाराणं चत्तारि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—कण्हलेस्सा-नीललेस्सा-काऊलेस्सा-तेऊलेस्सा, एवं जाव थणियकुमाराणं।**

—ठाण० स्था ४। उ ३। सू ३६५। पृ० २४०

(ग) **भवणवइवाणमंतरपुढविआउवणस्सइकाइयाणं च चत्तारि लेस्साओ।**

—ठाणा० स्था १। सू ५१। पृ० १८४

असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार—दसों भवनपति देवों में चार लेश्या होती है।

(घ) तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

असुरकुमाराणं तओलेस्साओ संकिलिट्ठाओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा नीललेस्सा काऊलेस्सा। एवं जाव थणियकुमाराणं।

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १८१। पृ० २०५

असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार—दसों भवनपति देवों में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

·२२·१ भवनपति देवी में—

एवं भवणवासिणीणवि।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

भवनपति देवी में चार लेश्या होती है।

·२२·२ भवनपति देव के विभिन्न भेदों में—

(क) **दीवकुमाराणं भंते! कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—कण्हलेस्सा जाव तेऊलेस्सा।**

—भग० श १६। उ ११। पृ० ७५३

(ख) **उदहिकुमाराणं भंते! × × एवं चेव।**

—भग० श १६। उ १२। पृ० ७५३

(ग) **एवं दिसाकुमाराvि।**

—भग० श १६। उ १३। पृ० ७५३

(घ) **एवं थणियकुमाराvि।**

—भग० श० १६। उ १४। पृ० ७५३

(ङ) **नागकुमाराणं भंते! × × जहा सोलसमसए दीवकुमारुद्देसए तहेव निरवसेसं भाणियव्वं जाव इड्ढीति।**

—भग० श १७। उ १३। पृ० ७६१

(च) **सुवण्णकुमाराणं भंते! × × एवं चेव।**

—भग० श० १७। उ १४। पृ० ७६१

(छ) **विज्जुकुमाराणं भंते! × × एवं चेव।**

—भग० श १७। उ १५। पृ० ७६१

(ज) **वाउकुमाराणं भंते! × × एवं चेव।**

—भग० श १७। उ १६। पृ० ७६१

(झ) **अग्गिकुमाराणं भंते! × × एवं चेव।**

—भग० श १७। उ १७। पृ० ७६१

द्वीपकुमार में चार लेश्या होती है— यथा—कृष्ण, नील, कपोत, तेजो। इसी प्रकार नागकुमार यावत् स्तनितकुमार देव में चार लेश्या होती है।

(ख) (चउसट्ठीए णं भंते। असुरकुमारावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि असुर-कुमारावासंसि) एवं लेसासु वि, नवरं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! चत्तारि, तंजहा—कण्हा, नीला, काऊ, तेऊलेस्सा।

—भग० श १। उ ५। प्र० १६० की टीका

असुरकुमारो सम्बन्धी अलग पाठ टीका ही में मिला है। असुरकुमार में चार लेश्या होती है।

·२३ वाणव्यंतर देव में—

(क) वाणमंतरदेवाणं पुच्छा। गोयमा! एवं चेव।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ ४३८

(ख) वाणमंतराणं सव्वेसिं जहा असुरकुमाराणं।

—ठाणा० स्था ४। उ ३। सूत्र ३६५। पृ० २४०

(ग) भवणवइवाणमंतरपुढविआउवणस्सइकाइयाणं चत्तारि लेस्साओ।

—ठाण० स्था १। सू ५१। पृ० १८४

(घ) वाणमंतराणं ×× एवं जहा सोलसमसए दीवकुमारुद्देसए।

—भग० श० १६। उ १०। पृ० ७६०

वाणव्यंतर देव में चार लेश्या होती है।

तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

(ङ) वाणमंतराणं जहा असुरकुमाराणं।

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १८१। पृ० २०१

वाणव्यंतर देव में तीन संक्लिष्ट लेश्या होती है।

·२३·१ वाणव्यंतर देवी में—

एवं वाणमंतरीण वि।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

वाणव्यंतर देवी में चार लेश्या होती है।

·२४ ज्योतिषी देव में—

(क) जोइसियाणं पुच्छा! गोयमा! एगा तेऊलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) जोइसियाणं एगा तेऊलेस्सा।

—ठाण० स्था १। सू ५१। १८४

ज्योतिषी देवों में एक तेजो लेश्या होती है।

·२४·१ ज्योतिषी देवी में—

एवं जोइसिणीण वि।

—पण्ण० पद १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

ज्योतिषी देवी में एक तेजो लेश्या होती है।

·२५ वैमानिक देव में—

(क) **वेमाणियाणं पुच्छा। गोयमा! तिन्नि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—तेऊलेस्सा पम्हलेस्सा सुक्कलेस्सा।**

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) **वेमाणियाणं तओ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊपम्हसुक्कलेस्सा।**

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १८१। पृ० २०५

(ग) **वेमाणियाणं तिन्नि उवरिमलेस्साओ।**

—ठाण० स्था १। सू ५१। पृ० १८४

वैमानिक देव में तीन लेश्या होती है, यथा—तेजो पद्म शुक्ल लेश्या।

·२५·१ वैमानिक देवी में—

वेमाणिणीणं पुच्छा। गोयमा! एगा तेऊलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

वैमानिक देवी में एक तेजो लेश्या होती है।

·२५·२ वैमानिक देव के विभिन्न भेदों में—

(क) सौधर्म—ईशान देव में

(१) **सोहम्मीसाणदेवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! एगा तेऊलेस्सा पन्नत्ता।**

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

(२) **दोसु कप्पेसु देवा तेऊलेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—सोहम्मे चेव ईसाणे चेव।**

—ठाण० स्था २। उ ४। सू ११५। पृ० २०२

सौधर्म तथा ईशान देवलोक के देव में एक तेजो लेश्या होती है।

(ख) सनत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्म में—

सणंकुमारमाहिंदेसु एगा पम्हलेस्सा एवं बम्हलोगेवि पम्हा।

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

सनत्कुमार—माहेन्द्र—ब्रह्म देव में एक पद्म लेश्या होती है।

(ग) ब्रह्मलोक के बाद के देव में (लांतक से नव ग्रैवेयक देव में)।

सेसेसु एगा सुक्कलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३ । सू २१५ । पृ० २३६

लांतक से नव ग्रैवेयक देव में एक शुक्ल लेश्या होती है।

(घ) अनुत्तरोपपातिक देव में—

अणुत्तरोववाइयाणं एगा परमसुक्कलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३ । सू २१५ । पृ० २३६

अनुत्तरोपपातिक देव में एक परम शुक्ल लेश्या होती है।

·२६ पंचेन्द्रिय में—

(पंचेंदिया) छल्लेस्साओ।

—भग० श २० । उ १ । प्र ५ । पृ० ७६०

(औधिक) पंचेन्द्रिय के छः लेश्या होती है।

समुच्चय गाथा

कण्हानीलाकाऊतेऊलेस्सा य भवणवंतरिया।
जोइससोहम्मीसाणे तेऊलेस्सा मुणेयव्वा॥
कप्पेसणकुमारे माहिंदे चेव बंभलोए य।
एएसु पम्हलेस्सा तेणं परं सुक्कलेस्साओ॥
पुढवीआउवणस्सइ बायर पत्तेय लेस्स चत्तारि।
गब्भयतिरयनरेसु छल्लेस्सा तिण्णि सेसाणं॥

—संग्रह गाथा

—भग० श १ । उ २ । प्र ६७ टीका से

भवनपति तथा वाणव्यंतर देव में चार लेश्या, ज्योतिष-सौधर्म-ईशान देव में तेजो लेश्या, सनत्कुमार माहिन्द्र-ब्रह्म देव में पद्म लेश्या, लातंक से अनुत्तरोपपातिक देव में शुक्ललेश्या, पृथ्वीकाय-अप्काय, बादर प्रत्येक शरीरी वनस्पतिकाय में चार लेश्या, गर्भज तिर्यंच-मनुष्य में छः लेश्या, शेष जीवों में तीन लेश्या होती है।

·२७ गुणस्थान के अनुसार जीवों में—

(क) प्रथम गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(ख) द्वितीय गुणस्थान के जीवों मे—छः लेश्या होती है।

(ग) तृतीय गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(घ) चतुर्थ गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(ङ) पंचम गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(च) षष्ठ गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(छ) सप्तम गुणस्थान के जीवों में—अन्तिम तीन लेश्या होती है।

(ज) अष्टम गुणस्थान के जीवों में—एक शुक्ल लेश्या होती है।

(झ) नवम गुणस्थान के जीवों में—एक शुक्ल लेश्या होती है।

(ञ) दशम गुणस्थान के जीवों में—

(नियंठे णं भंते ! पुच्छा। गोयमा ! सलेस्से होज्जा नो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा।) सुहुमसंपराए जहा नियंठे।

—भग० श२५। उ ७। प्र ५१। पृ० ८९०

दशवें (सूक्ष्मसंपराय) गुणस्थान जीव में एक शुक्ललेश्या होती है।

ट—ग्यारहवे गुणस्थान के जीवों में :—

नियंठे णं भंते ! पुच्छा। गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा !

—भग० श २५। उ ६। प्र ६१। पृ० ८८२

ग्यारहवें गुणस्थान के जीव में एक शुक्ललेश्या होती है।

ठ—बारहवे गुणस्थान के जीवों में :—

एक शुक्ललेश्या होती है।

ड—तेरहवे गुणस्थान के जीवों में :—

सिणाए पुच्छा, गोयमा ! सलेस्से वा होज्जा, अलेस्से वा होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा ? से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए परमसुक्कलेस्साए होज्जा।

—भग० श २५। उ ६। प्र ६२। पृ० ८८२

तेरहवे गुणस्थान में एक परम शुक्लेश्या होती है।

ढ—चौदहवे गुणस्थान के जीवों में (देखो पाठ ऊपर) अलेशी होते हैं।

·२८ संयतियों में :—

क—पुलाक में :—

पुलाए णं भंते ! किं सलेस्से होज्जा, अलेस्से होज्जा ? गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! तिसु विसुद्धलेस्सासु होज्जा, तंजहा, तेऊलेस्साए पम्हलेस्साए सुक्कलेस्साए।

—भग० श २५। उ ६। प्र ८६। पृ० ८८२

पुलाक में तीन लेश्या होती है—यथा, तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या ।

ख—बकुस में :—

एवं बउसस्सवि ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ८६ । पृ० ८८२

बकुस में पुलाक की तरह तीन लेश्या होती है ।

ग—प्रतिसेवना कुशील में :—

एवं पडिसेवणाकुसीलेवि ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ८६ । पृ० ८८२

प्रतिसेवना कुशील में भी पुलाक की तरह तीन लेश्या होती है ।

नोट :—तत्त्वार्थ के भाष्य में बकुस और प्रतिसेवना कुशील मे ६ लेश्या बताई है ।

बकुश प्रतिसेवनाकुशीलयोः सर्वाः षडपि ।

—तत्त्व० अ ६ । सू ४६ । भाष्य । पृ० ४३५

घ—कषाय कुशील में :—

कसायकुसीले पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से होज्जा णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! छसु लेस्सासु होज्जा, तंजहा, कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९० । पृ० ८८२

कषाय कुशील में छः लेश्या होती है ।

नोट :—तत्त्वार्थ भाष्य में कषाय कुशील में तीन शुभलेश्या बताई है ।

—तत्त्व० अ ६ । सूत्र ४६ । भाष्य । पृ० ४३५

ङ—निर्ग्रन्थ मे :—

नियंठे णं भंते ! पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा । जइ सलेस्से होज्जा, से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९१ । पृ० ८८२

निर्ग्रंथ में एक लेश्या होती है ।

च—स्नातक में :—

सिणाए पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से वा होज्जा, अलेस्से वा होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए परमसुक्कलेस्साए होज्जा ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९२ । ८८२

स्नातक सलेशी तथा अलेशी दोनो होते हैं जो सलेशी होते हैं उनमें एक परम शुक्ल-लेश्या होती है।

छ—सामायिक चारित्र वाले संयति में :—

सामाइयसंजए णं भंते ! किं सलेस्से होज्जा, अलेस्से होज्जा ? गोयमा ! सलेस्से होज्जा जहा कसायकुसीले।

—भग० श २५ । उ ७ । प्र ४६ । पृ० ८६०

सामायिक चारित्र वाले संयति में छः लेश्या होती है।

ज—छेदोपस्थानीय चारित्र वाले संयति में :—

एवं छेदोवट्ठावणिएवि।

—भग० श २५ । उ ७ । प्र ४६ । पृ० ८६०

इसी प्रकार छेदोपस्थानीय चारित्र वाले संयति में छः लेश्या होती है।

झ—परिहारविशुद्धिक चारित्र वाले संयति में :—

परिहारविसुद्धिए जहा पुलाए।

—भग० श २५ । उ ७ । प्र ४६ । पृ० ८६०

परिहारविशुद्धिक चारित्र वाले संयति में तीन लेश्या होती है।

ञ—सूक्ष्म संपराय वाले संयति में :—

सुहुमसंपराए जहा नियंठे।

—भग० श २५ । उ ७ । प्र ४६ । पृ० ८६०

सूक्ष्म संपराय चारित्र वाले संयति में एक शुक्ललेश्या होती है।

ट—यथाख्यात चारित्र वाले संयति में :—

अहक्खाए जहा सिणाए नवरं जइ सलेस्से होज्जा, एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा।

—भग० श २५ । उ ७ । प्र ४६ । पृ० ८६०

यथाख्यात चारित्र वाले सलेशी तथा अलेशी (स्नातक की तरह) दोनों होते हैं जो सलेशी होते हैं उनके एक शुक्ललेश्या होती है।

·२६—विशिष्ट जीवों में :—

१—अश्रुत्वा केवली होनेवाले जीव के अवधि ज्ञान के प्राप्त करने की अवस्था में :—

असोच्चा णं भंते × × (विब्भंगे अन्नाणे सम्मत्तपरिग्गहिए खिप्पामेव ओही परावत्तइ) से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! तिसु विशुद्धलेस्सासु होज्जा, तंजहा, तेऊलेस्साए, पम्हलेस्साए, सुक्कलेस्साए।

—भग० श ६ । उ ३१ । प्र १२ । पृ० ५७६

अश्रुत्वा केवली होने वाले जीव के विभंग अज्ञान की प्राप्ति के बाद मिथ्यात्व के पर्याय क्षीण होते-होते, सम्यग्दर्शन के पर्याय बढ़ते-बढ़ते विभंग अज्ञान सम्यक्त्वयुक्त होता है तथा अति शीघ्र अवधिज्ञान रूप परिवर्तित होता है। उस अवधिज्ञानी जीव के तीन विशुद्ध लेश्या होती है।

२—श्रुत्वा केवली होने वाले जीव के अवधिज्ञान के प्राप्त करने की अवस्था में :—

(सोच्चा णं भंते × × से णं ते णं ओहीनाणेणं समुप्पन्नेणं × ×) से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! छसु लेस्सासु होज्जा। तंजहा, कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए।

—भग० श ६ । उ ३१ । प्र ३५ । पृ० ५८०

श्रुत्वा केवली होने वाले जीव के अवधिज्ञान की प्राप्ति होने के बाद उस अवधिज्ञानी जीव के छः लेश्या होती है।

टीकाकार ने इसका इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है—

"यद्यपि भावलेश्यासु प्रशस्तास्वेव तिसृष्ववधिज्ञानं लभते तथाऽपि द्रव्यलेश्याः प्रतीत्य षट्स्वपि लेश्यासु लभते सम्यक्त्वश्रुतवत्"। यदाह—'सम्मत्तसुय सव्वासु लब्भइ' त्ति तल्लाभे चासौ षट्स्वपि भवतीत्युच्यते इति।

—भग० श ६ । उ ३१ पर टीका

यद्यपि अवधिज्ञान की प्राप्ति तीन शुभलेश्या में होती है परन्तु द्रव्यलेश्या की अपेक्षा सम्यक्त्व श्रुत की तरह छओ लेश्या में अवधिज्ञान होता है। जैसा कहा है—सम्यक्त्वश्रुत छओं लेश्या में प्राप्त होता है।

·५४ विभिन्न जीव और लेश्या स्थिति

·५४.१ नारकी की लेश्या स्थिति :—

दस वाससहस्साइं, काऊए ठिई जहन्निया होइ।
तिण्णुदही पलियवमसंखभागं च उक्कोसा॥
तिण्णुदही पलियवमसंखभागो जहन्न नीलठिई।
दस उदही पलिओवममसंखभागं च उक्कोसा॥
दस उदही पलिओवममसंखभागं जहन्निया होइ।
तेत्तीससागराइं उक्कोसा होइ किण्हाए लेसाए॥
एसा नेरइयाणं, लेसाण ठिई उ वण्णिया होइ।

—उत्त० अ ३४ । गा ४१-४४ । पृ० १०४७

कापोतलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित तीन सागरोपम की होती है।

नीललेश्या की स्थिति जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित तीन सागरोपम की, उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित दस सागरोपम की होती है।

कृष्णलेश्या की स्थिति जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित दस सागरोपम की, उत्कृष्ट स्थिति तेंतीस सागरोपम की होती है।

(उपरोक्त) लेश्याओं की यह स्थिति नारकी की कही गई है।

'५४'२ तिर्यंच की लेश्या स्थिति :—

अंतोमुहुत्तमद्धं लेसाण ठिई जहिं जहिं जा उ।
तिरियाण नराणं वा वज्जित्ता केवलं लेसं॥

—उत्त० अ ३४। गा ४५। पृ० १०४७

तिर्यंच की सर्व लेश्याओं की जघन्य उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है।

'५४'३ मनुष्य की लेश्या की स्थिति :—

क—पाँच लेश्या की स्थिति—

अंतोमुहुत्तमद्धं लेसाण ठिई जहिं जहिं जा उ।
तिरियाण नराणं वा वज्जित्ता केवल लेसं॥

—उत्त० अ ३४। गा ४५। पृ० १०४७

मनुष्यों में शुक्ललेश्या को छोड़कर अवशिष्ट सब लेश्याओं की जघन्य एवं उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है।

ख—शुक्ललेश्या की स्थिति :—

मुहुत्तद्धं तु जहन्ना, उक्कोसा होइ पुव्वकोडी ओ।
नवहिं वरिसेहिं ऊणा, नायव्वा सुक्कलेसाए॥

—उत्त० अ ३४। गा ४६। पृ० १०४७

शुक्ललेश्या की स्थिति—जघन्य अंतर्मुहूर्त्त, उत्कृष्ट नौ वर्ष न्यून एक करोड पूर्व की है।

'५४'४ देव की लेश्या स्थिति :—

तेण परं वोच्छामि, लेसाण ठिई उ देवाणं॥
दस वाससहस्साइं, किण्हाए ठिई जहन्निया होइ।
पलियमसंखिज्जइमो, उक्कोसा होइ किण्हाए॥
जा किण्हाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं नीलाए, पलियमसंखं च उक्कोसा॥

जा नीलाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं काऊए, पलियमसंखं च उक्कोसा॥
तेण परं वोच्छामि, तेऊलेसा जहा सुरगणाणं।
भवणवइवाणमंतर जोइस वेमाणियाणं च॥
पलिओवमं जहन्ना, उक्कोसा सागरा उ दुण्णहिया।
पलियमसंखेज्जेणं, होइस भागेण तेऊए॥
दसवाससहस्साइं, तेऊए ठिई जहन्निया होइ।
दुन्नुदही पलिओवमअसंखभागं च उक्कोसा॥
जा तेऊए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं पम्हाए, दस मुहुत्ताऽहियाइं उक्कोसा॥
जा पम्हाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं सुक्काए, तेत्तीसमुहुत्तमब्भहिया॥

—उत्त० अ ३४। गा ४७-५५। पृ० १०४८

देवों की लेश्या की स्थिति में कृष्णलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग की होती है। नीललेश्या की जघन्य स्थिति तो कृष्ण लेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक है और उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग की है।

कापोत लेश्या की जघन्य स्थिति, नीललेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग की होती है।

तेजोलेश्या की स्थिति जघन्य एक पल्योपम और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दो सागरोपम की (वैमानिक की) होती है।

तेजोलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष (भवनपति और व्यन्तर देवों की अपेक्षा) और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दो सागरोपम की होती है।

जो उत्कृष्ट स्थिति तेजोलेश्या की है उससे एक समय अधिक पद्मलेश्या की जघन्य स्थिति होती है और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त्त अधिक दस सागरोपम की है।

जो उत्कृष्ट स्थिति पद्मलेश्या की है, उससे एक समय अधिक शुक्ललेश्या की जघन्य स्थिति होती है, और शुक्ललेश्या की स्थिति उत्कृष्ट तेंतीस सागरोपम की होती है।

·५५ लेश्या और गर्भ-उत्पत्ति

के द्रव्यों के ग्रहण की निष्पन्नता अथवा भावलेश्या के एक लेश्या से दूसरी लेश्या में परिणमन की निष्पन्नता लेश्यानिवृ`त्ति।

·६३ लेश्या और प्रतिक्रमण :—

पडिक्कमामि छहिं लेस्साहिं—कण्हलेस्साए, नीललेस्साए, काऊलेस्साए, तेऊ-लेस्साए, पम्हलेस्साए, सुक्कलेस्साए। ××× तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

—आव० अ ४। सू ६। पृ० ११६८

आदिल्ल तिण्णि एत्थं, अपसत्था उवरिमा पसत्थाउ।
अपसत्थासु वट्टियं, न वट्टियं ज पसत्थासु।
एसऽइयारो एया—सु होइ, तस्स य पडिक्कमामि त्ति।
पडिकूलं वट्टामी, जं भणियं पुणो न सेवेमि।

—आव० अ ४। सू ६। हारि० टीका में उद्धृत

मै छः लेश्याओं का प्रतिक्रमण करता हूँ—उनसे निवृत्त होता हूँ। मेरे लेश्या जनित दुष्कृत निष्फल हों।

यदि तीन अप्रशस्त लेश्या में वर्तना की हो तथा तीन प्रशस्त लेश्या में वर्तना न की हो तो इस कारण से संयम में यदि किसी प्रकार का अतिचार लगा हो तो उसका मै प्रतिक्रमण करता हूँ। प्रतिकूल लेश्या में यदि वर्तना की हो तो मै प्रतिज्ञा करता हूँ कि फिर उसका सेवन नहीं करूंगा।

·६४ लेश्या शाश्वत भाव है :—

'पुव्विं भंते! लोयंते, पच्छा अलोयंते? पुव्विं अलोयंते पच्छा लोयंते? रोहा! लोयंते य, अलोयंते य; जाव—(पुव्विं एते, पच्छा एते—दुवेते सासया भावा), अणाणुपुव्वी एसा रोहा! ××× एवं लोयंते एक्केक्केणं संजोएयव्वे इमेहिं ठाणेहिं, तंजहा—

उवास-वाय-घणउदहि-पुढवी-दीवा य सागरा वासा।
नेरइयाई अत्थिय समया कम्माइं लेस्साओ॥ १॥
दिट्ठी-दंसण-णाणा-सण्णा-सरीरा य जोग-उवओगे।
दव्वपएसा पज्जव अद्धा किं पुव्विं लोयंते॥ २॥

—भग० श १। उ ६। प्र २१९, २२०। पृ० ४०३

लोक, अलोक, लोकान्त, अलोकान्त आदि शाश्वत भावों की तरह लेश्या भी शाश्वत भाव है। पहले भी है, पीछे भी है ; अनानुपूर्वी है, इनमें कोई क्रम नहीं है।

रोहक अणगार के प्रश्न करने पर मुर्गी और अण्डे का उदाहरण देकर भगवान ने आगे-पीछे के प्रश्न को समझाया है।

'रोहा ! से णं अंडए कओ ?' 'भयवं ! कुक्कुडीओ !' 'सा णं कुक्कुडी कओ ?' 'भंते ! अंडयाओ !'

—भग० श १। उ ६। प्र २१८। पृ० ४०३

अण्डा कहाँ से आया ? मुर्गी से।

मुर्गी कहाँ से आयी ? अण्डे से।

दोनों पहले भी हैं, दोनों पीछे भी हैं। दोनों शाश्वत भाव हैं। दोनों अनानुपूर्वी हैं, आगे पीछे का क्रम नहीं है।

लेश्या भी शाश्वत भाव है ; किसी अन्य शाश्वत भाव की अपेक्षा इसका पहिले-पीछे का क्रम नहीं है।

·९५ लेश्या और ध्यान :—

·९५·१ रौद्र ध्यान :—

काबोयनीलकाला, लेसाओ तीव्व संकिलिट्ठाओ।
रोद्दज्झाणोवगयस्स, कम्मपरिणामजणियाओ॥

रौद्र ध्यान में उपगत जीवों में तीव्र संक्लिष्ट परिणाम वाली कापोत, नील, कृष्ण लेश्याएँ होती हैं।

·९५·२ आर्त्तध्यान :—

काबोयनीलकाला, लेसाओ णाइसंकिलिट्ठाओ।
अट्टज्झाणोवगस्स, कम्मपरिणामजणियाओ॥

टीका—**कापोतनीलकृष्णलेश्याः। किं भूताः? नातिसंक्लिष्टा रौद्रध्यान लेश्यापेक्षया नातीवाशुभानुभावाः, भवन्तीति क्रिया। कस्येत्यत आह —आर्तध्यानोपगतस्य, जन्तोरिति गम्यते। किं निबंधना एताः? इत्यत आह—कर्मपरिणामजनिताः तत्र 'कृष्णादिद्रव्यसाचिव्यात्, परिणामो य आत्मनः। स्फटिकस्येव तत्रायं लेश्या-शब्दः प्रयुज्यते॥ एताश्च कर्मोदयायत्ता इति गाथार्थः।**

—आव० अ ४। टीका

आर्त्तध्यान में उपगत जीवों में नातिसंक्लिष्ट परिणाम वाली कापोत, नील, कृष्ण लेश्याएँ होती हैं। यह रौद्रध्यान में उपगत जीवों के लेश्या परिणामों की अपेक्षा से कथन है अर्थात् रौद्रध्यान में उपगत जीव की अपेक्षा आर्त्तध्यान में उपगत जीव के लेश्या परिणाम कम संक्लिष्ट होते हैं।

टीकाकार का कथन है कि लेश्या कर्मोदय परिणाम जनित है।

'६५'३ धर्मध्यान :—

'६५'४ शुक्लध्यान :—

धर्म और शुक्ल ध्यानो में वर्तता हुआ जीव किस-किस लेश्या में परिणमन करता है—इनके सम्बन्ध में पाठ उपलब्ध नही हुए हैं। ध्यान और लेश्या में अविनाभावी सम्बन्ध है कि नही—यह कहा नही जा सकता है लेकिन चौदहवें गुणस्थान मे जब जीव अयोगी तथा अलेशी हो जाता है तब भी उसके शुक्ल ध्यान का चौथा भेद होता है। यहाँ लेश्या रहित होकर भी जीव के ध्यान का एक उपभेद रहता है।

निव्वाणगमणकाले केवलिणोद्धनिरुद्धजोगस्स।
सुहुमकिरियाऽनियट्टिं तइयं तणुकायकिरियस्स॥
तस्सेव य सेलेसीगयस्स सेलोव्व निप्पकंपस्स।
वोच्छिन्नकिरियमप्पडिवाई झाणं परमसुक्कं॥

— ठाण० स्था ४। उ १। सू २४७। टीका में उद्धृत

निर्वाण के समय केवली के मन और वचन योगों का सम्पूर्ण निरोध हो जाता है तथा काययोग का अर्ध निरोध होता है। उस समय उसके शुक्ल ध्यान का तीसरा भेद 'सुहुम-किरिए अनियट्टी' होता है और सूक्ष्म कायिकी क्रिया—उच्छ्वासादि के रूप मे होती है।

उस निर्वाणगामी जीव के शैलेशत्व प्राप्त होने पर, सम्पूर्ण योग निरोध होने पर भी शुक्लध्यान का चौथा भेद 'समुच्छिन्नक्रियाऽप्रतिपाती' होता है, यद्यपि शैलेशत्व की स्थिति मात्र पांच ह्रस्व स्वराक्षर उच्चारण करने समय जितनी होती है।

ध्यान का लेश्या के परिणमन पर क्या प्रभाव पडता है यह भी विचारणीय विषय है। क्या ध्यान के द्वारा लेश्या द्रव्यों का ग्रहण नियंत्रित या बंद किया जा सकता है? ध्यान का लेश्या-परिणमन के साथ क्या सीधा संयोग है या योग के द्वारा? इत्यादि अनेक प्रश्न विज्ञजनों के विचारने योग्य हैं।

·९६ लेश्या और मरण :—

बालमरणे तिविहे पन्नत्ते, तंजहा—ठिअलेस्से, संकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजायलेस्से। पंडियमरणे तिविहे पन्नत्ते, तंजहा—ठिअलेस्से, असंकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजायलेस्से। बालपंडियमरणे तिविहे पन्नत्ते, तंजहा—ठिअलेस्से, असंकिलिट्ठलेस्से, अपज्जवजायलेस्से।

—ठाण० स्था ३। उ ४। सू २२२। पृ० २२०

टीका—स्थिता—उपस्थिता अविशुध्यन्त्यसंक्लिश्यमाना च लेश्या कृष्णादिर्यस्मिन् तत्स्थितलेश्यः, संक्लिष्टा-संक्लिश्यमाना संक्लेशामागच्छन्तीत्यर्थः, सा लेश्या यस्मिंस्तत्तथा, तथा पर्यवाः—पारिशेष्याद्विशुद्धिविशेषाः प्रतिसमयं जाता यस्यां सा तथा, विशुद्ध्या वर्द्धमानेत्यर्थः, सा लेश्या यस्मिंस्तत्तथेति, अत्र प्रथमं कृष्णादिलेश्यः सन् यदा कृष्णादिलेश्येस्वेव नारकादिपूत्पद्यते तदा प्रथमं भवति, यदा तु नीलादिलेश्यः सन् कृष्णादिलेश्येपूत्पद्यते तदा द्वितीयं, यदा पुनः कृष्णलेश्यादिः सन् नीलकापोतलेश्येषूत्पद्यते तदा तृतीयम्, उक्तं चान्त्यद्वयसंवादि भगवत्याम् यदुक्तं—"से णूणं भंते! कण्हलेसे, नीललेसे जाव सुक्कलेसे भवित्ता काऊलेसेसु नेरइएसु उववज्जइ? हंता, गोयमा! से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ? गोयमा! लेसाठाणेसु संकिलिस्समाणेसु वा विसुज्झमाणेसु वा काऊलेस्सं परिणमइ परिणमइत्ता काऊलेसेसु नेरइएसु उववज्जइ" त्ति, एतदनुसारेणोत्तरसूत्रयोरपि स्थितलेश्यादिविभागो नेय इति। पण्डितमरणे संक्लिश्यमानता लेश्याया नास्ति, संयतत्वादेवेत्ययं बालमरणाद्विशेषः बालपण्डित मरणे तु संक्लिश्यमानता विशुद्ध्यमानता च लेश्याया नास्ति, मिश्रत्वादेवेत्ययं विशेष इति। एवं च पण्डितमरणे वस्तुतो द्विविधमेव, संक्लिश्यमानलेश्यानिषेधे अवस्थितवर्द्धमानलेश्यत्वात् तस्य, त्रिविधत्वं तु व्यपदेशमात्रादेव, बालपण्डितमरणं त्वेकविधमेव, संक्लिश्यमानपर्यवजातलेश्यानिषेधे अवस्थितलेश्यत्वात् तस्येति, त्रैविध्यं त्वस्येतरव्यावृत्तितो व्यपदेशत्रयप्रवृत्तेरिति।

—ठाण० स्था ३। उ ४। सू २२२। टीका

मरण के समय में यदि लेश्या अवस्थित रहे तो वह स्थितलेश्यमरण, मरण के समय में यदि लेश्या संक्लिश्यमान हो तो वह संक्लिष्टलेश्यमरण, तथा मरण के समय में यदि लेश्या के पर्यायों की प्रतिसमय विशुद्धि हो रही हो तो वह पर्यवजातलेश्यमरण कहलाता है। मरण के समय में यदि लेश्या की अविशुद्धि नहीं हो रही हो तो वह असंक्लिष्टलेश्यमरण तथा यदि मरण के समय में लेश्या की विशुद्धि नहीं हो रही हो तो अपर्यवजातलेश्यमरण कहलाता है।

लेश्या की अपेक्षा से बालमरण के तीन भेद होते हैं—स्थितलेश्य, संक्लिष्टलेश्य और पर्यवजातलेश्य बालमरण।

बालमरणके समय यदि जीव कृष्णादि लेश्या में अविशुद्ध रूप में अवस्थित रहे तो उसका वह मरण स्थितलेश्य बालमरण कहलाता है, यथा—कृष्णलेशी जीव मरणके समय कृष्ण लेश्या में अवस्थित रहकर कृष्णलेशी नारकी में उत्पन्न होता है। बालमरण के समय यदि जीव लेश्या में संक्लिश्यमान—कलुषित होता रहता है तो उसका वह मरण संक्लिष्ट-लेश्य बालमरण कहलाता है, यथा—नीलादिलेशी जीव मरण के समय लेश्यास्थानों में संक्लिश्यमान होते-होते कृष्णलेश्या में उत्पन्न होता है। बालमरण के समय यदि जीव की लेश्या के पर्याय विशुद्धि को प्राप्त हो रहे हो तो उसका वह मरण पर्यवजातलेश्य बालमरण कहलाता है, यथा—कृष्णलेशी जीव मरण के समय लेश्या के पर्यायो में विशुद्धत्व को प्राप्त होता हुआ नील-कापोतादि लेश्या में उत्पन्न होता है।

यद्यपि मूल सूत्र मे पंडितमरण के भी स्थितलेश्य, असंक्लिष्टलेश्य तथा पर्यवजातलेश्य तीन भेद बताये गये हैं ; तथापि टीकाकार का कथन है कि पंडितमरण में लेश्या की संक्लिष्टता— अविशुद्धि सम्भव नहीं है, वहाँ असंक्लिष्टता—विशुद्धि ही होती है तथा पर्यवजातलेश्य पंडितमरण में भी लेश्या के पर्यायो की विशुद्धि ही होती है। अतः वास्तव में लेश्या की अपेक्षा से पंडितमरण के दो ही भेद करने चाहियें। असंक्लिष्टलेश्य भेद को पर्यवजातलेश्य भेद में शामिल कर लेना चाहिये।

यद्यपि मूल पाठ में बालपंडितमरण के भी स्थितलेश्य, असंक्लिष्टलेश्य तथा अपर्यव-जातलेश्य तीन भेद किये गये है ; तथापि टीकाकार का कथन है कि बालपंडितमरण का एक स्थितलेश्य भेद ही करना चाहिये ; क्योंकि बालपंडितमरण के समय में न तो लेश्या की अविशुद्धि ही होती है और न विशुद्धि, कारण उसमें बालत्व और पंडितत्व का सम्मिश्रण है। अतः वहाँ असंक्लिष्टलेश्य तथा अपर्यवजातलेश्य भेदों का निषेध किया गया है। सुधीजन इस पर गम्भीर चिन्तन करें।

·९७ लेश्या परिमाणों को समझाने के लिये दृष्टान्त :—

·९७·१ जम्बू खादक दृष्टान्त

(क) जह जंबुतरुवरेगो, सुपक्कफलभरियनमियसालग्गो।
दिट्ठो छहिं पुरिसेहिं, ते बिंती जंबु भक्खेमो॥
किह पुण ? ते बेंतेक्को, आरुहमाणाण जीव संदेहो।
तो छिंदिऊण मूले, पाडेमुं ताहे भक्खेमो॥
बिति आह एद्दहेणं, किं छिण्णेणं तरूण अम्हं ति ?
साहामहल्लछिंदह, तइओ बेंती पसाहाओ॥

गोच्छे चउत्थओ उण, पंचमओ बेंति गेण्हह फलाइं ?
छट्ठो बेंती पडिया, एए च्चिय खाह घेत्तुं जे ॥
दिट्ठंतस्सोवणओ, जो बेंति तरू विछिन्नमूलाओ ।
सो वट्टइ किण्हाए, साहमहल्ला उ नीलाए ॥
हवइ पसाहा काऊ, गोच्छा तेऊ फला य पम्हाए ।
पडियाए सुक्कलेसा, अहवा अण्णं उदाहरणं ॥

—आव० अ ४ । सू ६ । हारि० टीका

ख) पहिया जे छप्पुरिसा परिभट्टारणमज्झ देसम्हि ।
फलभरियरुक्खमेगं पेक्खित्ता ते विचिंतं ति ॥
णिम्मूल खंध साहुवसाहुं छित्तुं चिणित्तु पडिदाइं ।
खाउं फलाइं इदि जं मणेण वयणं हवे कम्मं ॥

—गोजी० गा ५०६-७ । पृ० १८२

छः बंधु किसी उपवन में घूमने गये तथा एक फल से लदे भरे-पूरे अवनत शाखा वाले जामुन वृक्ष को देखा। सबके मन में फलाहार करने की इच्छा जाग्रत हुई। छओं बंधुओं के मन में लेश्या जनित अपने-अपने परिणामों के कारण भिन्न-भिन्न विचार जाग्रत हुए और उन्होंने फल खाने के लिये अलग-अलग प्रस्ताव रखे, उनसे उनकी लेश्या का अनुमान किया जा सकता है।

प्रथम बंधु का प्रस्ताव था कि कौन पेड़ पर चढ़कर तोड़ने की तकलीफ करे तथा चढ़ने में गिरने की आशंका भी है। अतः सम्पूर्ण पेड़ को ही काट कर गिरा दो और आराम से फल खाओ।

द्वितीय बंधु का प्रस्ताव आया कि समूचे पेड़ को काटकर नष्ट करने से क्या लाभ ? बड़ी-बड़ी शाखायें काट डालो। फल सहज ही हाथ लग जायंगे तथा पेड़ भी बच जायगा।

तीसरा बंधु बोला कि बड़ी डालें काटकर क्या लाभ होगा ? छोटी शाखाओं में ही फल बहुतायत से लगे हैं उनको तोड़ लिया जाय। आसानी से काम भी बन जायगा और पेड़ को भी विशेष नुकसान न होगा।

चतुर्थ बंधु ने सुझाव दिया कि शाखाओं को तोड़ना ठीक नहीं। फल के गुच्छे ही तोड़ लिये जायं। फल तो गुच्छों में ही हैं और हमें फल ही खाने हैं। गुच्छे तोड़ना ही उचित रहेगा।

पंचम बंधु ने धीमे से कहा कि गुच्छे तोड़ने की भी आवश्यकता नहीं है। गुच्छे में तो कच्चे-पक्के सभी तरह के फल होंगे। हमें तो पक्के मीठे फल खाने हैं। पेड़ को झकझोर दो परिपक्व रसीले फल नीचे गिर पड़ेंगे। हम मजे से खा लेंगे।

छठे बंधु ने ऋजुता भरी बोली में सबको समझाया क्यों बिचारे पेड़ को काटते हो, बाढ़ते हो, तोड़ते हो, झकझोरते हो ! देखो ! जमीन पर आगे से ही अनेक पके पकाये फल स्वयं निपतित होकर पड़े हैं। उठाओ और खाओ। व्यर्थ में वृक्ष को कोई क्षति क्यों पहुँचाते हो।

·९७·२ ग्रामघातक दृष्टान्त

चोरा गामवहत्थं, विणिग्गया एगो बेंति घाएह।
जं पेच्छह सव्वं वा दुपयं च चउप्पयं वावि॥
बिइओ माणुस पुरिसे य, तइओ साउहे चउत्थे य।
पंचमओ जुज्झंते, छट्ठो पुण तत्थिमं भणइ॥
एक्कं ता हरह धणं, बीयं मारेह मा कुणह एयं।
केवल हरह धणंती, उवसंहारो इमो तेसिं॥
सव्वे मारेह त्ती, वट्टइ सो किण्हलेसपरिणामो।
एवं कमेण सेसा, जा चरमो सुक्कलेसाए॥

—आव० अ ४। सू ६। हारि० टीका

छः डाकू किसी ग्राम को लूटने के लिये जा रहे थे। छओं के मन में लेश्याजनित अपने-अपने परिणामों के अनुसार भिन्न-भिन्न विचार जागृत हुए। उन्होंने ग्राम को लूटने के लिए अलग-अलग विचार रखे—उनसे उनके लेश्या परिणामों का अनुमान किया जा सकता है।

प्रथम डाकू का प्रस्ताव रहा कि जो कोई मनुष्य या पशु अपने सामने आवे—उन सबको मार देना चाहिए।

द्वितीय डाकू ने कहा—पशुओं को मारने से क्या लाभ ? मनुष्यों को मारना चाहिए जो अपना विरोध कर सकते हैं।

तृतीय डाकू ने सुझाया—स्त्रियों का हनन मत करो, दुष्ट पुरुषों का ही हनन करना चाहिए।

चतुर्थ डाकू का प्रस्ताव था कि प्रत्येक पुरुष का हनन नहीं करना चाहिए ? जो पुरुष शस्त्र सज्जित हों उन्हीं को मारना चाहिए।

पंचम डाकू बोला—शस्त्र सहित पुरुष भी यदि अपने को देखकर भाग जाते हैं तो उन्हे नहीं मारना चाहिए। सशस्त्र पुरुष जो सामना करे उनको ही मारो।

छठे डाकू ने समझाया कि अपना मतलब धन लूटने से है तो धन लूटें, मारें क्यों ? दूसरे का धन छीनना तथा किसी को जान से मारना—दोनों महादोष हैं। अतः अपने लूट लें लेकिन मारें किसी को नहीं।

उपरोक्त दोनों दृष्टांत लेश्या परिणामों को समझने के लिये स्थूल दृष्टान्त हैं। ये दोनों दृष्टान्त दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायों में प्रचलित हैं। अतः प्रतीत होता है कि ये दृष्टान्त परम्परा से प्रचलित हैं।

·९८ जैनेतर ग्रन्थों में लेश्या के समतुल्य वर्णन : —

·९८·१ महाभारत में :—

लेश्या से मिलती भावना महाभारत के शान्ति पर्व की "वृत्रगीता" में मिलती है जहाँ जगत् के सब जीवों को वर्ण—रंग के अनुसार छः भेदों में विभक्त किया गया है।

षड् जीववर्णाः परमं प्रमाणं कृष्णो धूम्रो नीलमथास्य मध्यम्।
रक्तं पुनः सह्यतरं सुखं तु हारिद्रवर्णं सुसुखं च शुक्लम्॥

—महा० शा० पर्व। अ २८०। श्लो ३३

जीव छः प्रकार के वर्णवाले होते हैं, यथा—कृष्ण, धूम्र, नील, रक्त, हारिद्र तथा शुक्ल। कृष्ण वर्ण वाले जीव को सबसे कम सुख, धूम्र वर्ण वाले जीव को उससे अधिक सुख होता है तथा नील वर्ण वाले जीव को मध्यम सुख होता है। रक्त वर्ण वाले जीव का सुख-दुःख सहने योग्य होता है। हारिद्रवर्ण (पीले वर्ण) वाले जीव सुखी होते हैं तथा शुक्लवर्ण वाले परम सुखी होते हैं। इस प्रकार जीवों के छः वर्णों का वर्णन परम प्रमाणित माना जाता है।

× × × तत्र यदा तमस आधिक्यं सत्त्वरजसोर्न्यूनत्वसमत्वे तदा कृष्णो वर्णः। अन्त्ययोर्वैपरीत्ये धूम्रः। तथा रजस आधिक्ये सत्त्वतमसोर्न्यूनत्वसमत्वे नीलवर्णः। अन्त्ययोर्वैपरीत्ये मध्यं मध्यमो वर्णः। तच्च रक्तं लोकानां सह्यतरं लोकानां प्रवृत्ति-कुशलानाममूढानां साहसिकानां सत्त्वस्याधिक्ये रजस्तमसोर्न्यूनत्वसमत्वे हारिद्रः पीतवर्णस्तच्च सुखकरं। अन्त्ययोर्वैपरीत्ये शुक्लं तच्चात्यंतसुखकरं × × ×।

—महा० शा० पर्व। अ २८०। श्लो ३३ पर नील० टीका

जब तमोगुण की अधिकता, सत्त्वगुण की न्यूनता और रजोगुण की सम अवस्था हो तब कृष्णवर्ण होता है। तमोगुण की अधिकता, रजोगुण की न्यूनता और सत्त्वगुण की सम अवस्था होने पर धूम्र वर्ण होता है। रजोगुण की अधिकता, सत्त्वगुण की न्यूनता और तमो-गुण की सम अवस्था होने पर नील वर्ण होता है। इसी में जब सत्त्वगुण की सम अवस्था और तमोगुण की न्यूनावस्था हो तो मध्यम वर्ण होता है। उसका रंग लाल होता है। जब सत्त्वगुण की अधिकता, रजोगुण की न्यूनता और तमोगुण की सम अवस्था हो तो हरिद्रा के समान पीतवर्ण होता है। उसीमें जब रजोगुण की सम अवस्था और तमोगुण की न्यूनता हो तो शुक्लवर्ण होता है।

इसके बाद के श्लोक भी तुलनात्मक अध्ययन के लिए पठनीय हैं। जीव किस लेश्या में कितने समय तक रहता है, इसका वर्णन जैन दर्शन में पल्योपम, सागरोपम आदि काल-गणना शब्दों में बताया गया है (देखो '६४) तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में जीव कितने 'विसर्ग' तक किस वर्ण में रहता है इसका वर्णन महाभारतकार व्यासदेव ने किया है। उन्होंने विसर्ग को विस्तार से समझाया है, क्योंकि वैदिक परम्परा के लिए यह एक अज्ञात बात थी जब कि जैन साहित्य में पल्योपम, सागरोपम आदि काल-गणना की पद्धति सुप्रसिद्ध है।

संहार-विक्षेप-सहस्रकोटीस्तिष्ठंति जीवाः प्रचरन्ति चान्ये।
प्रजाविसर्गस्य च पारिमाण्यं वापीसहस्राणि बहूनि दैत्य ॥
वाप्यः पुनर्योजनविस्तृतास्ताः क्रोशं च गंभीरतयाऽवगाढाः।
आयामतः पंचशताश्च सर्वाः प्रत्येकशो योजनतः प्रवृद्धाः ॥
वाप्या जलं क्षिप्यति बालकोट्या त्वह्ना सकृच्चाप्यथ न द्वितीयम्।
तासां क्षये विद्धि परं विसर्गं संहारमेकं च तथा प्रजानाम् ॥

—महा० शा० पर्व। अ २८०। श्लो ३०-३२

सनत्कुमार वृत्र को कहते हैं, "हे दैत्य ! प्रजाविसर्ग का परिमाण हजारों बावड़ी (तालाब) जितना होता है। यह बावड़ी एक योजन जितनी चौड़ी, एक कोश जितनी गहरी तथा पाँच सौ योजन जितनी लम्बी है तथा उत्तरोत्तर एक दूसरी से एक-एक योजन बड़ी है। अब यदि एक केशाग्र (बाल के किनारे) से एक बावड़ी के जल को कोई दिन-भर में एक ही बार उलीचे, दूसरी बार नहीं तो इस प्रकार उलीचने से उन सारी बावड़ियों का जल जितने समय में समाप्त हो सकता है, उतने ही समय में प्राणियों की सृष्टि और संहार के क्रम की समाप्ति हो सकती है।"

समय की यह कल्पना जैनों के व्यवहार पल्योपम समय से मिलती-जुलती है।

जैन दर्शन के अनुसार परम कृष्णलेश्या वाले सप्तम पृथ्वी के नारकी जीव की उत्कृष्ट स्थिति तैंतीस सागरोपम की होती है। महाभारत के अनुसार कृष्णवर्णवाले जीव अनेक प्रजाविसर्ग काल तक नरकवासी होते हैं।

कृष्णस्य वर्णस्य गतिर्निकृष्टा स सज्जते नरके पच्यमानः।
स्थानं तथा दुर्गतिभिस्तु तस्य प्रजाविसर्गान् सुबहून् वदन्ति ॥

—महा० शा० पर्व। अ २८०। श्लो ३७

कृष्णवर्ण की गति निकृष्ट होती है और वह अनेकों प्रजाविसर्ग (कल्प) काल तक नरक भोगता है।

'६८'२ अंगुत्तरनिकाय में :—

'६८'२'१—पूरणकाश्यप द्वारा प्रतिपादित :—

भारत की अन्य प्राचीन श्रमण परम्पराओ में भी 'जाति' नाम से लेश्या से मिलती-जुलती मान्यताओं का वर्णन है। पूरणकाश्यप के अक्रियावाद तथा मक्खलि गोशालक के संसार-विशुद्धिवाद में भी छः जीव भेदों का वर्णन है।

एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"पूरणेन, भंते, कस्सपेन छलभिजातियो पञ्ञत्ता—तण्हाभिजाति पञ्ञत्ता, नीलाभिजाति पञ्ञत्ता, लोहिताभिजाति पञ्ञत्ता, हलिद्दाभिजाति पञ्ञत्ता, सुक्काभिजाति पञ्ञत्ता, परमसुक्काभिजाति पञ्ञत्ता।

"तत्रिदं, भन्ते, पूरणेन कस्सपेन तण्हाभिजाति पञ्ञत्ता, ओरब्भिका सूकरिका साकुणिका मागविका लुद्दा मच्छघातका चोरा चोरघातका बन्धनागारिका ये वा पनञ्ञे पि केचि कुरूरकम्मन्ता।" "तत्रिदं, भन्ते, पूरणेन कस्सपेन नीलाभिजाति पञ्ञत्ता, भिक्खू कण्टकवुत्तिका ये वा पनञ्ञे पि केचि कम्मवादा किरियवादा।" "तत्रिदं, भन्ते, पूरणेन कस्सपेन लोहिताभिजाति पञ्ञत्ता, निगण्ठा एकसाटका।" "तत्रिदं, भन्ते, पूरणेन कस्सपेन हलिद्दाभिजाति पञ्ञत्ता, गिही ओदातवसना अचेलकसावका।" "तत्रिदं, भंते, पूरणेन कस्सपेन सुक्काभिजाति पञ्ञत्ता, आजीवका आजीवकिनियो।" "तत्रिदं, भंते, पूरणेन कस्सपेन परमसुक्काभिजाति पञ्ञत्ता, नन्दो वच्छो किसो सङ्किच्चो मक्खलि गोसालो। पूरणेन, भन्ते, कस्सपेन इमा छलभिजातियो पञ्ञत्ता" त्ति।

—अंगुत्तरनिकाय। ६ महावग्गो। ३ छलभिजातिसुत्तं।

आनन्द भगवान् बुद्ध को पूछते हैं—'भदन्त! पूरणकाश्यप ने कृष्ण, नील, लोहित, हारिद्र, शुक्ल तथा परम शुक्ल वर्ण ऐसी छः अभिजातियाँ कही है। खाटकी (खटिक), पारधी इत्यादि मनुष्य का कृष्ण जाति में समावेश होता है। भिक्षुक आदि कर्मवादी मनुष्यों का नील जाति में, एक वस्त्र रखनेवाले निर्ग्रन्थो का लोहित जाति में, सफेद वस्त्र धारण करने वाले अचेलक श्रावको का हारिद्र जाति मे, आजीवक साधु तथा साध्वियों का शुक्ल जाति में तथा नन्द, वच्छ, किस, संकिच्च और मक्खली गोशालक का परम शुक्ल जाति में समावेश होता है।"

'६८'२'२ भगवान् बुद्ध द्वारा प्रतिपादित छः अभिजातियाँ :—

"अहं खो पनानन्द, छलभिजातियो पञ्ञापेमि। तं सुणाहि, साधुकं मनसि करोहि; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो

पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच —"कतमा चानन्द, छलभिजातियो? इधानन्द, एकच्चो कण्हाभिजातियो समानो कण्हं धम्मं अभिजायति। इध पनानन्द, एकच्चो कण्हाभिजातियो समानो सुक्कं धम्मं अभिजायति। इध पनानन्द, एकच्चो कण्हाभिजातियो समानो अकण्हं असुक्कं निब्बानं अभिजायति। इध पनानन्द, एकच्चो सुक्काभिजातियो समानो कण्हं धम्मं अभिजायति। इध पनानन्द, एकच्चो सुक्काभिजातियो समानो सुक्कं धम्मं अभिजायति। इध पनानन्द, एकच्चो सुक्काभिजातियो समानो अकण्हं असुक्कं निब्बानं अभिजायति।

— अंगुत्तरनिकाय। ६ महावग्गो। ३ छलाभिजाति सुत्तं।

भगवान बुद्ध भी वर्ण की अपेक्षा से छ अभिजातियाँ बतलाते हैं किन्तु कृष्ण और शुक्ल वर्ण के आधार पर। यथा, (१) कृष्ण अभिजाति कृष्ण धर्म करने वाली, (२) कृष्ण अभिजाति शुक्ल धर्म करने वाली, (३) कृष्ण अभिजाति अकृष्ण-अशुक्ल निर्वाण धर्म करने वाली, (४) शुक्ल अभिजाति कृष्ण धर्म करने वाली, (५) शुक्ल अभिजाति शुक्ल धर्म करने वाली तथा (६) शुक्ल अभिजाति अकृष्ण-अशुक्ल निर्वाण धर्म करने वाली।

·९८·३ पातंजल योगदर्शन में :—

योगी के कर्म तथा दूसरो का चित्त कृष्ण, अशुक्ल-अकृष्ण तथा शुक्ल ऐसा त्रिविध प्रकार का होता है, ऐसा पातंजल योगदर्शन में वर्णित है :—

कर्माशुक्लाकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषां।

—पायो० पाद ४। सू ७

यह त्रिविध वर्ण षड्विध लेश्या, वर्ण अथवा जाति का संक्षिप्त रूपान्तर मालूम होता है।

·९९ लेश्या सम्बन्धी फुटकर पाठ :—

९९·१ भिक्षु और लेश्या :—

गुत्तो वईए य समाहिपत्तो, लेसं समाहट्टु परिव्वएज्जा।

—सूय० श्रु १। अ १०। गा १५। पृ० १२५

भिक्षु वचन गुप्ति तथा समाधि को प्राप्त होकर लेश्या (परिणामों) को समाहित करके संयम में विहरे।

तम्हा एयासि लेसाणं, अणुभावे वियाणिया।
अप्पसत्थाओ वज्जित्ता, पसत्थाओऽहिट्ठिए मुणी॥

—उत्त० अ ३४। गा ६१। पृ० १०४८

लेश्याओं के अनुभावों को जानकर संयमी मुनि अप्रशस्त लेश्याओं को छोड़कर प्रशस्त लेश्या में अवस्थित हो—विचरे।

लेसासु छसु काएसु, छक्के आहारकारणे।
जे भिक्खू जयई निच्चं, से न अच्छइ मंडले॥

—उत्त० अ ३१। गा ८। पृ० १०३८

जो साधु छः लेश्या, छः काय तथा आहार करने के छः कारणो में सदा सावधानी बरतता है वह भव भ्रमण नहीं करता। साधु को छ लेश्याओं में कैसी सावधानी बरतनी चाहिए—यह एक विचारणीय विषय है।

·९९·२ देवता और उनकी दिव्य लेश्या :—

× × × दिव्वेणं वन्नेणं दिव्वेणं गंधेणं दिव्वेणं फासेणं दिव्वेणं संघयणेणं दिव्वेणं संठाणेणं दिव्वाए इड्ढिए दिव्वाए जुईए दिव्वाए पभाए दिव्वाए छायाए दिव्वाए अच्चीए दिव्वेणं तेएणं दिव्वाए लेसाए दस दिसाओ उज्जोवेमाणा पभासेमाणा × × ×।

—पण्ण० प २। सू २८। पृ० २९९

दिव्य वर्ण आदि के साथ देवताओं की लेश्या भी दिव्य होती है तथा दसों दिशाओं में उद्द्योतमान यावत् प्रभासमान होती है। ऐसा पाठ प्रज्ञापना पद २ में अनेक स्थलो पर है। टीकाकार ने दिव्य लेश्या का अर्थ देह तथा वर्ण की सुन्दरता रूप "लेश्या—देहवर्ण-सुन्दरतया"—किया है।

ऐसा पाठ देवताओं के वर्णन में अनेक जगह है।

·९९·३ नारकी और लेश्या परिणाम :—

इमीसे णं भंते! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसयं पोग्गलपरिणामं पच्चणुभवमाणा विहरंति? गोयमा! अणिट्ठं जाव अमणामं, एवं जाव अहेसत्तमाए [एवं णेयव्वं]।

—जीवा० प्रति ३। उ ३। सू ९५। पृ० १४५-१४६

पोग्गलपरिणामे वेयणा य लेसा य नाम गोए य।
अरई भए य सोगे खुहापिवासा य वाही य॥
उस्सासे अणुतावे कोहे माणे य माया लोहे य।
चत्तारि य सण्णाओ नेरइयाणं तु परिणामे॥

—जीवा० प्रति ३। उ ३। सू ९५। टीका। पृ० १४६

नारकियों का लेश्या परिणाम अनिष्टकर, अकंतकर, अप्रीतिकर, अमनोज्ञ तथा अनभावना होता है। मूल में पुद्गल-परिणाम का पाठ है। टीकाकार ने उपर्युक्त संग्रहणीय गाथा देकर नारकी के अन्यान्य परिणामों को भी इसी प्रकार जानने को कहा है। अर्थात् पुद्गल-परिणाम की तरह लेश्या आदि परिणाम भी अनिष्टकर यावत् अनभावने होते हैं।

·६६·४ निक्षिप्त तेजोलेश्या के पुद्गल अचित्त होते हैं :—

कुद्धस्स अणगारस्स तेयलेस्सा निसट्ठा समाणी दूरं गता, दूरं निपतइ, देसं गता, देसं निपतइ, जहिं जहिं च णं सा निपतइ, तहिं तहिं च णं ते अचित्ता वि पोग्गला ओभासंति, जाव पभासेंति।

—भग० श ७। उ १०। प्र ११। पृ० ५३०

क्रोधित अणगार—साधु द्वारा निक्षिप्त तेजोलेश्या, दूर या निकट, जहाँ-जहाँ जाकर गिरती है, वहाँ-वहाँ तेजोलेश्या के अचित्त पुद्गल अवभासित यावत् प्रभासित होते हैं।

·६६·५ परिहारविशुद्ध चारित्री और लेश्या :—

लेश्याद्वारे—तेजप्रभृतिकासूत्तरासु तिसृषु विशुद्धासु लेश्यासु परिहारविशुद्धिकं कल्पं प्रतिपद्यते, पूर्वप्रतिपन्नः पुनः सर्वासु अपि कथंचिद् भवति, तत्रापीतरास्व-विशुद्धलेश्यासु नात्यन्तसंक्लिष्टासु वर्तते, तथाभूतासु वर्तमानो(ऽपि) न प्रभूत-कालमवतिष्ठते, किंतु स्तोकं, यतः स्ववीर्यवशात् झटित्येव ताभ्यो व्यावर्तते, अथ प्रथमत एव कस्मात् प्रवर्तते ? उच्यते, कर्मवशात्, उक्तं च—

"लेसासु विसुद्धासु पडिवज्जइ तीसु न उण सेसासु।
पुव्वपडिवन्नओ पुण होज्जा सव्वासु वि कहंचि॥
णऽच्चंतसंकिलिट्ठासु थोवं कालं स हंदि इयरासु।
चित्ता कम्माण गई तहा वि विरियं (विवरीयं) फलं देइ॥"

—पण्ण० प १। सू ७६। टीका

तेजोलेश्या प्रभृति पीछे की तीन विशुद्ध लेश्या में परिहारविशुद्धिक कल्प का स्वीकरण होता है। पूर्वप्रतिपन्न परिहारविशुद्धि को किसीने पूर्व में प्राप्त किया हो तो उसका सब लेश्याओं में कथंचित् रहना हो सकता है; पर वह अत्यन्त संक्लिष्ट और अविशुद्ध लेश्या में नहीं रहता है। यदि वैसी लेश्या में रहे भी तो अधिक लम्बे समय तक नहीं रहता है, थोड़े काल तक रहता है; क्योंकि निजकी सामर्थ्य से वह शीघ्र ही उससे निवृत्त हो जाता है। प्रश्न—तो पहले उस अविशुद्ध लेश्या में प्रवर्तन करता ही क्यों है? कर्म के वशीभूत होकर करता है। कहा भी है—

"तीन विशुद्ध लेश्या में कल्प को स्वीकार करता है। लेकिन तीन अविशुद्ध लेश्या में कल्प को स्वीकार नहीं करता है। यदि कल्प को पूर्व में स्वीकार किया हुआ हो तो सर्व लेश्याओं में कथंचित् प्रवर्तन करता है लेकिन अत्यन्त संक्लिष्ट अविशुद्ध लेश्या में प्रवर्तन नहीं करता है। अविशुद्ध लेश्या में प्रवर्तन करता है तो थोड़े समय के लिए करता है; क्योंकि कर्म की गति विचित्र होती है। फिर भी वीर्य—सामर्थ्य फल देता है।"

·९६·६ लेसणाबंध :—

टीकाकारों ने 'लिश्यते—श्लिष्यते इति लेश्या' इस प्रकार लेश्या की व्याख्या की है। भगवतीसूत्र में 'अल्लियावणबंध' के भेदों में 'लेसणाबंध' एक भेद बताया गया है। आत्मप्रदेशों के साथ लेश्याद्रव्यों का किस प्रकार का बंध होता है सम्भवतः इसकी भावना 'लेसणाबंध' से हो सके।

से किं तं लेसणाबंधे? लेसणाबंधे जन्नं कुड्डाणं कोट्टिमाणं खंभाणं पासायणं कट्ठाणं चम्माणं घडाणं पडाणं कडाणं छुहाचिक्खिल्लसिलेसलक्खमहुसित्थमाइएहिं लेसणएहिं बंधे समुप्पज्जइ जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेणं संखेज्जं कालं, सेत्तं लेसणा-बंधे।

—भग० श ८। उ ६। प्र १३। पृ० ५६१ ६२

टीका—**श्लेषणा—श्लथद्रव्येण द्रव्ययोः सम्बन्धनं तद्रूपो यो बन्धः स तथा।**

शिखर का, कुट्टिम का, स्तम्भ का, प्रासाद का, लकड़ी का, चमड़े का, घड़े का, वस्त्र का, कड़ी का, खड़िया का, पंक का श्लेष—वज्रलेप का, लाख का, मोम आदि द्रव्यों का या इन द्रव्यों द्वारा श्लेषणाबंध होता है। यह बंध जघन्य में अंतर्मूहूर्त तथा उत्कृष्ट में संख्यात काल तक स्थायी रहता है।

·९६·७ नारकी और देवता की द्रव्य-लेश्या :—

से नूणं भंते! कण्हलेसा नीललेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव णो ताफासत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ? हंता गोयमा! कण्हलेसा नीललेस्सं पप्प णो तारूवत्ताए, णो तावन्नत्ताए, णो तागंधत्ताए, णो तारसत्ताए, णो ताफासत्ताए भुज्जो २ परिणमइ। से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ? गोयमा! आगारभावमायाए वा से सिया, पलिभाग-भावमायाए वा से सिया। कण्हलेस्सा णं सा, णो खलु नीललेसा तत्थ गया ओसक्कइ उस्सक्कइ वा, से तेणट्ठेणं गोयमा! एवं वुच्चइ—'कण्हलेसा नीललेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ। से नूणं भंते! नीललेसा काऊलेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव

भुज्जो भुज्जो परिणमइ ? हंता गोयमा ! नीललेसा काऊलेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ। से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ– 'नीललेसा काऊलेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ ? गोयमा ! आगारभावमायाए वा सिया, पलिभागभावमायाए वा सिया। नीललेसा णं सा, णो खलु काऊलेसा तत्थगया ओसक्कइ उस्सक्कइ वा, से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ- 'नीललेसा काऊलेसं पप्प णो तारूवत्ताए जाव भुज्जो २ परिणमइ। एवं काऊलेसा तेऊलेसं पप्प, तेऊलेसा पम्हलेसं पप्प, पम्हलेसा सुक्कलेसं पप्प। से नूणं भंते ! सुक्कलेसा पम्हलेसं पप्प, णो तारूवत्ताए जाव परिणमइ ? हंता गोयमा ! सुक्कलेसा तं चेव। से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—'सुक्कलेसा जाव णो परिणमइ ? गोयमा ! आगारभावमायाए वा जाव सुक्कलेस्सा णं सा, णो खलु सा पम्हलेसा, तत्थगया ओसक्कइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ--'जाव णो परिणमइ'।

—पण्ण० प १७ । उ ५ । सू ५५ । पृ० ४५१

उपरोक्त सूत्र पर टीकाकार ने इस प्रकार विवेचन किया है :—

'से नूणं भंते !' इत्यादि, इह तिर्यङ्मनुष्यविषयं सूत्रमनन्तरमुक्तं, इदं तु देव-नैरयिक विषयमवसेयं, देवनैरयिका हि पूर्वभवगतचरमान्तर्मुहूर्त्तादारभ्य यावत् परभवगतमाद्यमन्तर्मुहूर्त्तं तावदवस्थितलेश्याकाः ततोऽमीषां कृष्णादिलेश्याद्रव्याणां परस्परसम्पर्केऽपि न परिणम्यपरिणामकभावो घटते ततः सम्यगधिगमाय प्रश्नयति— 'से नूणं भंते !' इत्यादि, से शब्दोऽथशब्दार्थः, स च प्रश्ने, अथ नूनं - निश्चितं भदंत ! कृष्णलेश्या - कृष्णलेश्याद्रव्याणि नीललेश्या - नीललेश्याद्रव्याणि प्राप्य, प्राप्तिरिह प्रत्यासन्नत्वमात्रं गृह्यते न तु परिणम्यपरिणामकभावेनान्योऽन्यसंश्लेषः, तद्रूपतया-- तदेव–नीललेश्याद्रव्यगतं रूपं- स्वभावो यस्य कृष्णलेश्यास्वरूपस्य तत्तद्रूपं तद्भावस्त-द्रूपता तया, एतदेव व्याचष्टे— न तद्वर्णतया न तद्गन्धतया न तद्रसतया न तत्स्पर्श-तया भूयो भूयः परिणमते, भगवानाह—हन्तेत्यादि, हन्त गौतम ! कृष्णलेश्येत्यादि, तदेव ननु यदि न परिणमते तर्हि कथं सप्तमनरकपृथिव्यामपि सम्यक्त्वलाभः, स हि तेजोलेश्यादिपरिणामे भवति सप्तमनरकपृथिव्यां च कृष्णलेश्येति, कथं चैतत् वाक्यं घटते ? 'भावपरावत्तीए पुण सुरनेरइयाणंपि छल्लेसा' इति [भावपरावृत्तेः पुनः सुरनैरयिकाणामपि षड् लेश्याः] लेश्यान्तरद्रव्यसम्पर्कतस्तद्रूपतया परिणामासंभवेन भावपरावृत्तेरेवायोगात्, अत एव तद्विषये प्रश्ननिर्वचनसूत्रे आह—'से केणट्ठेणं भंते !' इत्यादि, तत्र प्रश्नसूत्रं सुगमं निर्वचनसूत्रं—आकारः-तच्छायामात्रं आकारस्य भावः— सत्ता आकारभावः स एव मात्रा आकारभावमात्रा तयाऽऽकारभावमात्रया मात्रा-

शब्द आकारभावातिरिक्तपरिणामान्तरप्रतिपत्तिव्युदासार्थः, 'से' इति सा कृष्णलेश्या नीललेश्यारूपतया स्यात् यदिवा प्रतिभागः—प्रतिबिम्बमादर्शादाविव विशिष्टः प्रतिबिम्ब्यवस्तुगत आकारः प्रतिभाग एव प्रतिभागमात्रा तया अत्रापि मात्राशब्दः प्रतिबिम्बातिरिक्त-परिणामान्तरव्युदासार्थः स्यात् कृष्णलेश्या नीललेश्यारूपतया, परमार्थतः पुनः कृष्णलेश्यैव नो खलु नीललेश्या सा, स्वस्वरूपापरित्यागात्, न खल्वादर्शादयो जपाकुसुमादिसन्निधानतस्तत्प्रतिबिम्बमात्रामादधाना नादर्शादय इति परिभावनीयमेतत्, केवलं सा कृष्णलेश्या तत्र—स्वस्वरूपे गता—अवस्थिता सती उत्ष्वष्कते तदाकार भावमात्रधारणतस्तत्प्रतिबिम्बमात्रधारणतो वोत्सर्प्पतीत्यर्थः, कृष्णलेश्यातो हि नीललेश्या विशुद्धा ततस्तदाकारभावं तत्प्रतिबिम्बमात्रं वा दधाना सती मनाक् विशुद्धा भवतीत्युत्सर्प्पतीति व्यपदिश्यते, उपसंहारवाक्यमाह—'से एएणट्ठे'णमित्यादि, सुगमं। एवं नीललेश्यायाः कापोतलेश्यामधिकृत्य कापोतलेश्यायास्तेजोलेश्यामधिकृत्य तेजोलेश्यायाः पद्मलेश्यामधिकृत्य पद्मलेश्यायाः शुक्ललेश्यामधिकृत्य सूत्राणि भावनीयानि।

सम्प्रति पद्मलेश्यामधिकृत्य शुक्ललेश्याविषयं सूत्रमाह—'से नूणं भंते ! सुक्कलेसा पम्हलेसं पप्प' इत्यादि, एतच्च प्राग्वद् भावनीयं, नवरं शुक्ललेश्यापेक्षया पद्मलेश्या हीनपरिणामा ततः शुक्ललेश्या पद्मलेश्याया आकारभावं तत्प्रतिबिम्बमात्रं वा भजन्ती मनागविशुद्धा भवति ततोऽवष्वष्कते इति व्यपदिश्यते, एवं तेजः कापोतनीलकृष्णलेश्याविषयाण्यपि सूत्राणि भावनीयानि, ततः पद्मलेश्यामधिकृत्य तेजः कापोतनीलकृष्णलेश्याविषयाणि तेजोलेश्यामधिकृत्य कापोतनीलकृष्णविषयाणि कापोतलेश्यामधिकृत्य नीलकृष्णलेश्याविषये नीललेश्यामधिकृत्य कृष्णलेश्याविषयमिति, अमूनि च सूत्राणि साक्षात् पुस्तकेषु न दृश्यन्ते केवलमर्थतः प्रतिपत्तव्यानि, तथा मूलटीकाकारेण व्याख्यानात्, तदेवं यद्यपि देवनैरयिकाणामवस्थितानि लेश्याद्रव्याणि तथापि तत्तदुपादीयमानलेश्यान्तरद्रव्यसम्पर्कतः तान्यपि तदाकारभावमात्रां भजन्ते इति भावपरावृत्तियोगतः षडपि लेश्या घटन्ते, ततः सप्तमनरकपृथिव्यामपि सम्यक्त्वलाभ इति न कश्चिद्दोषः।

यह सूत्र देव तथा नारकी के सम्बन्ध में जानना क्योंकि देव तथा नारकी पूर्वभव के शेष अन्तर्मुहूर्त्त से आरम्भ करके परभव के प्रथम अन्तर्मुहूर्त्त तक अवस्थित लेश्यावाले होते हैं। इससे इनके कृष्णादिलेश्या द्रव्यों का परस्पर में सम्बन्ध होते हुए भी परिणमन—परिणामक भाव नहीं घटता है, इसलिए यथार्थ परिज्ञान के लिए प्रश्न किया गया है। हे भगवन्! क्या यह निश्चित है कि कृष्णलेश्या के द्रव्य नीललेश्या के द्रव्यों को प्राप्त करके [यहाँ प्राप्ति का अर्थ समीप मात्र है—लेकिन परिणमन—परिणामक भाव द्वारा परस्पर

सम्बन्ध रूप अर्थ नहीं है] 'तद्रूपतया'—'नीललेश्या के रूप में, 'तद्वर्णतया' नील-लेश्या के वर्ण में, 'तद्गन्धतया' नीललेश्या की गन्ध में, 'तद्रसतया' नीललेश्या के रस में, 'तद्स्पर्शतया' नीललेश्या के स्पर्श में, बारम्बार परिणमन नहीं करते हैं।

भगवान् उत्तर देते हैं—हे गौतम ! 'अवश्य कृष्णलेश्या नीललेश्या में परिणमन नहीं करती है।' अब प्रश्न उठता है कि सातवीं नरक पृथ्वी में तब सम्यक्त्व की प्राप्ति कैसे होती है ? क्योंकि जब तेजोलेश्यादि शुभ लेश्या के परिणाम होते हैं, तब सम्यक्त्व की प्राप्ति होती है तथा सातवीं नरक पृथ्वी में कृष्णलेश्या ही होती है। तथा 'भाव की परावृत्ति होने से देव तथा नारकियों के भी छः लेश्याएँ होती हैं', यह वाक्य कैसे घटेगा ? क्योंकि अन्य लेश्या द्रव्यों के सम्बन्ध से यदि तद्रूप परिणमन असंभव है तो भाव की परावृत्ति नहीं हो सकती। अतः गौतम फिर से प्रश्न करते हैं—भगवन् ! आप यह किस अर्थ में कहते हैं ? भगवान उत्तर देते हैं कि उक्त स्थिति में आकारभावमात्र—छायामात्र परिणमन होता है अथवा प्रतिभाग-प्रतिबिम्ब मात्र परिणमन होता है। वहाँ कृष्णलेश्या प्रतिबिम्ब मात्र में नीललेश्या रूप होती है। लेकिन वास्तविक रूप में तो वह कृष्णलेश्या ही है, नीललेश्या नहीं है ; क्योंकि वह स्व स्वरूप का त्याग नहीं करती है। जिस प्रकार दर्पण में जवाकुसुम आदि का प्रतिबिम्ब पड़ता है, वह दर्पण जवाकुसुम रूप नहीं होता, केवल उसमें जवाकुसुम का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। इसी प्रकार लेश्या के सम्बन्ध में जानना।

इसी प्रकार अवशेष पाठ जानने।

यह सूत्र पुस्तकों में साक्षात् नहीं मिलता, लेकिन केवल अर्थ से जाना जाता है ; क्योंकि इस रीति से मूल टीकाकार ने व्याख्या की है। इस प्रकार देव और नारकियों के लेश्या द्रव्य अवस्थित हैं। फिर भी उनकी लेश्या अन्यान्य लेश्याओं को ग्रहण करने से अथवा दूसरी-दूसरी लेश्या के द्रव्यों से सम्बन्ध होने से उस लेश्या का आकारभावमात्र धारण करती है। अतः प्रतिबिम्ब भावमात्र भाव की परावृत्ति होने से छः लेश्या घटती है ; उससे सातवीं नरक पृथ्वी में सम्यक्त्व की प्राप्ति होती है—इस कथन में कोई दोष नहीं आता है।

·६६·८ चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र-तारा की लेश्याएँ :—

बहिया णं भंते ! मणुस्सखेत्तस्स ते चंदिमसूरियगहणक्खत्ततारारूवा ते णं भंते ! देवा किं उड्ढोववण्णगा × × × दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा सुहलेस्सा सीयलेस्सा मन्दलेस्सा मंदायवलेस्सा चित्तंतरलेसागा कूडा इव ठाणाट्ठिता अण्णोण्णसमोगाढाहिं लेसाहिं ते पदेसे सव्वओ समंता ओभासेंति उज्जोवेंति तवंति पभासेंति।

—जीवा० प्रति ३ । उ २ । सू १७६ । पृ० २१६-२२०

शुभलेश्याः, एतच्च विशेषणं चन्द्रमसः प्रति, तेन नातिशीततेजसः किन्तु सुखोत्पादहेतुपरमलेश्याका इत्यर्थः, मन्दलेश्या, एतच्च विशेषणं सूर्यान् प्रति, तथा च एतदेव व्याचष्टे --'मन्दातपलेश्याः' मन्दा नात्युष्णस्वभावा आतपरूपा लेश्या--रश्मि संघातो येषां ते तथा, पुनः कथम्भूताश्चन्द्रादित्याः ? इत्याह--'चित्रान्तरलेश्याः' चित्रमन्तरं लेश्या च येषां ते तथा, भावार्थश्चास्य पदस्य प्रागेवोपदर्शितः, ['चित्रान्तर-लेश्याकाः' चित्रमन्तरं लेश्या च प्रकाशरूपा येषां ते तथा, तत्र चित्रमन्तरं चन्द्राणां सूर्यान्तरितत्वात् सूर्याणां चन्द्रान्तरितत्वात्, चित्रा लेश्या चन्द्रमसां शीतरश्मित्वात् सूर्याणामुष्णरश्मित्वात्'--सू १७७ टीका] त इत्थम्भूताश्चन्द्रादित्याः परस्परम-वगाढाभिर्लेश्याभिः, तथाहि--चन्द्रमसां सूर्याणां च प्रत्येकं लेश्या योजनशतसहस्र-प्रमाणविस्तारा, चंद्रसूर्याणां च सूचीपङ्क्त्या व्यवस्थितानां परस्परमन्तरं पंचाशद् योजनसहस्राणि, ततश्चन्द्रप्रभासम्मिश्राः सूर्यप्रभाः सूर्यप्रभासम्मिश्राश्च चन्द्रप्रभाः इतीत्थं परस्परमवगाढाभिर्लेश्याभिः। 'कूटानीव'--पर्वतोपरिव्यवस्थितशिखराणीव 'स्थानस्थिताः सदैवैकत्र स्थाने स्थितास्तान् तान् प्रदेशान् स्वस्वप्रत्यासन्नान् उद्द्योतयन्ति अवभासयन्ति तापयन्ति प्रकाशयन्ति।

--जीवा० प्रति ३। उ २। सू १७६ टीका

मनुष्य क्षेत्र के बाहर जो चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र-तारा हैं वे ज्योतिषी देव ऊर्ध्वोत्पन्न हैं यावत् दिव्य भोगोपभोगों को भोगते हुए विचरते हैं यावत् शुभलेश्या, शीतलेश्या, मन्द-लेश्या, मन्दातपलेश्या तथा चित्रान्तरलेश्या वाले हैं। वे शीर्ष स्थान में स्थित रहते हैं तथा उनकी लेश्याएँ परस्पर में अवगाहित होकर मनुष्य क्षेत्र के बाहर के प्रदेश को सर्वतः चारों तरफ से अवभासित, उद्योतित, आतप्त तथा प्रभासित करती है।

लेश्या विशेषणों सहित ज्योतिषी देवों के सम्बन्ध में ऐसे पाठ अनेक स्थलों पर मिलते हैं। हमने उनकी लेश्याओं की भिन्नता तथा विशेषताओं को दिखाने के लिए उनमें से एक पाठ ग्रहण किया है।

टीकाकार के अनुसार चन्द्रमा की लेश्या को शुभलेश्या कहा गया है। टीकाकार ने अन्यत्र 'सुहलेस्सा' का सुखलेश्या अर्थात् सुखदायक लेश्या अर्थ भी किया है। यह शुभलेश्या न अधिक शीतल होती है, न अधिक तप्त। सुख उत्पन्न करने वाली वह परम-लेश्या होती है।

'सीयलेस्सा' का टीकाकार ने कोई अर्थ नहीं किया है।

सूर्य की लेश्या को मन्द विशेषण दिया जाता है। अतः सूर्य की लेश्या को मन्दलेश्या कहा गया है।

जो लेश्या मन्द तो है, अति उष्ण स्वभाववाली आतपरूपा नहीं है उसे मन्दातप लेश्या कहा गया है। इस लेश्या में रश्मियों का संघात होता है।

चित्रान्तर लेश्या प्रकाशरूपा होती है। चन्द्रमा की लेश्या सूर्यान्तर तथा सूर्य की लेश्या चन्द्रमान्तर होकर जो लेश्या बनती है वह चित्रान्तर लेश्या कहलाती है। चित्रालेश्या चन्द्रमा की शीत रश्मि तथा सूर्य की उष्ण रश्मि के मिश्रण से बनती है। चन्द्र तथा सूर्य की लेश्याएँ प्रत्येक लाख योजन विस्तृत होती हैं तथा ऋजु (सीधी) श्रेणी में व्यवस्थित एक दूसरे में पचास हजार योजन परस्पर में अवगाहित होती हैं। वहाँ चन्द्र की प्रभा सूर्य की प्रभा से मिश्रित होती है तथा सूर्य की प्रभा चन्द्र की प्रभा से मिश्रित होती है। इसीलिए उनकी लेश्या परस्पर में अवगाहित होती है ऐसा कहा गया है। और इस प्रकार शीर्ष स्थान में सदैव स्थित चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र-तारा की लेश्याएँ परस्पर में अवगाहित होकर उस मनुष्य क्षेत्र के बाहर अपने-अपने निकटवर्ती प्रदेश को उद्द्योतित, अवभासित, आतप्त तथा प्रकाशित करती हैं।

'६६'६ गर्भ में मरनेवाले जीव की गति में लेश्या का योग :—

'६६'६'१ नरकगति में :—

जीवे णं भंते ! गब्भगए समाणे नेरइएसु उववज्जेज्जा ? गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए नो उववज्जेज्जा। से केणट्ठेणं ? गोयमा ! से णं सन्नि-पंचिंदिए सव्वाहिं पज्जत्तीहिं पज्जत्तए वीरियलद्धीए × × × संगामं संगामेइ। से णं जीवे अत्थकामए, रज्जकामए × × × कामपिवासिए ; तच्चित्ते, तम्मणे, तल्लेसे तदज्झवसिए × × × एयंसि णं अंतरंसि कालं करेज्ज नेरइएसु उववज्जइ।

—भग० श० १। उ ७। प्र २५४-५५। पृ० ४०६-७

सर्व पर्याप्तियों में पूर्णता को प्राप्त गर्भस्थ संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव वीर्यलब्धि आदि द्वारा चतुरंगिणी सेना की विकुर्वणा करके शत्रु की सेना के साथ संग्राम करता हुआ, धन का कामी, राज्य का कामी यावत् काम का पिपासु जीव ; उस तरह के चित्तवाला, मन वाला, लेश्या वाला, अध्यवसाय वाला होकर वह गर्भस्थ जीव यदि उस काल में मरण को प्राप्त हो तो नरक में उत्पन्न होता है।

गर्भस्थ जीव गर्भ में मरकर यदि नरक में उत्पन्न हो तो मरणकाल में उस जीव के लेश्या परिणाम भी तदुपयुक्त होते हैं।

'६६'६'२ देवगति में :—

जीवे णं भंते ! गब्भगए समाणे देवलोगेसु उववज्जेज्जा ? गोयमा ! अत्थेगइए

उववज्जेज्जा, अत्थेगइए नो उववज्जेज्जा। से केणट्ठेणं ? गोयमा ! से णं सन्नि-पंचिंदिए सव्वाहिं पज्जत्तीहिं पज्जत्तए तहारूवस्स समणस्स वा, माहणस्स वा अंतिए ××× तिव्वधम्माणुरागरत्ते, से णं जीवे धम्मकामए ××× मोक्खकामए ××× पुण्णसग्गमोक्खपिवासिए तच्चित्ते तम्मणे तल्लेसे तदज्झवसिए ××× एयंसि णं अंतरंसि कालं करेज्ज देवलोगेसु उववज्जइ।

—भग० श १। उ ७। प्र २५६-५७। पृ० ४०७

सर्व पर्याप्तियों में पूर्णता को प्राप्त गर्भस्थ संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव तथारूप श्रमण-माहण के पास आर्यधर्म के एक भी वचन को सुनकर आदि, धर्म का कामी होकर यावत् मोक्ष का पिपासु होकर, उस तरह के चित्तवाला, मनवाला, लेश्यावाला, अध्यवसायवाला होकर गर्भस्थ जीव यदि उस काल में मरण को प्राप्त हो तो वह देवलोक में उत्पन्न होता है।

गर्भस्थ जीव गर्भ में मरकर यदि देवलोक में उत्पन्न हो तो मरणकाल में उस जीव के लेश्या परिणाम भी तदुपयुक्त होते हैं।

'९६'१० लेश्या में विचरण करता हुआ जीव और जीवात्मा :—

अन्नउत्थियाणं भंते ! एवमाइक्खंति जाव परूवेंति—एवं खलु पाणाइवाए, मुसावाए, जाव मिच्छादंसणसल्ले वट्टमाणस्स अन्ने जीवे अन्ने जीवाया, पाणाइवाय वेरमणे जाव परिग्गहवेरमणे, कोहविवेगे जाव मिच्छादंसणसल्लविवेगे वट्टमाणस्स अन्ने जीवे अन्ने जीवाया ; उप्पत्तियाए जाव परिणामियाए वट्टमाणस्स अन्ने जीवे अन्ने जीवाया ; उग्गहे ईहा अवाए धारणाए वट्टमाणस्स जाव जीवाया ; उट्ठाणे जाव परक्कमे वट्टमाणस्स जाव जीवाया ; नेरइयत्ते, तिरिक्खमणुस्सदेवत्ते वट्टमाणस्स जाव जीवाया, नाणावरणिज्जे जाव अंतराइए वट्टमाणस्स जाव जीवाया, एवं कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए ; सम्मदिट्ठीए ३, एवं चक्खुदंसणे ४, आभिणिबोहियनाणे ५, मइ-अन्नाणे ३, आहारसन्नाए ४ एवं ओरालियसरीरे ५ एवं मणजोए ३ सागारोवओगे अणागारोवओगे वट्टमाणस्स अण्णे जीवे अण्णे जीवाया ; से कहमेयं भंते ! एवं ? गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति, जाव मिच्छं ते एवमाहंसु, अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव परूवेमि—एवं खलु पाणाइवाए जाव मिच्छादंसण-सल्ले वट्टमाणस्स सच्चेव जीवे सच्चेव जीवाया जाव अणागारोवओगे वट्टमाणस्स सच्चेव जीवे सच्चेव जीवाया।

—भग० श० १७। उ २। प्र ६। पृ० ७५६

प्राणातिपातादि १८ पापों में, प्राणातिपातविरमणादि १८ पाप-विरमणों में, औत्पातिकी आदि ४ बुद्धियों में, अवग्रह-ईहा-अवाय-धारणा में, उत्थान यावत् पुरुषाकार पराक्रम

में, नैरयिकादि ४ गतियो में, ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्मों में, कृष्णादि छओं लेश्याओं में, सम्यग्दृष्टि आदि तीन दृष्टियों में, चक्षुदर्शनादि चार दर्शनों में, आभिनिबोधिकज्ञानादि ५ ज्ञानों में, मतिअज्ञान आदि ३ अज्ञानों में, आहारादि ४ संज्ञाओं में, औदारिकादि ५ शरीरों में, मनोयोग आदि ३ योगों में, साकारोपयोग, अनाकारोपयोग में वर्तता हुआ जीव तथा जीवात्मा एक ही है—भिन्न-भिन्न नहीं है।

इसके विपरीत अन्यतीर्थियो की जो प्ररूपणा है उसका भगवान ने यहाँ निराकरण किया है।

प्राणातिपात आदि भाव-विभावों, छओं लेश्याओं यावत् अनाकार उपयोग में विचरण करता हुआ जीव अन्य है, जीवात्मा अन्य है—अन्य तीर्थियों का यह कथन गलत है। भगवान् महावीर कहते हैं कि वास्तविक सत्य यह है कि प्राणातिपात यावत् छओं लेश्याओं यावत् अनाकार उपयोग आदि भाव विभावों में विचरण करता हुआ जीव वही है, जीवात्मा वही है। दोनों अभिन्न हैं।

सांख्यादि मतों के अनुसार भाव-विभावों में विचरण करता हुआ जीव (प्रकृति) अन्य है तथा जीवात्मा (पुरुष) अन्य है—इसका निराकरण करते हुए भगवान् कहते हैं कि दोनो अन्य-अन्य नहो हैं।

·६६·११ (सलेशी) रूपी जीव का अरूपत्व में तथा (अलेशी) अरूपी जीव का रूपत्व में विकुर्वणः—

देवे णं भंते ! महिड्ढिए, जाव महेसक्खे पुव्वामेव रूवी भवित्ता पभू अरूविं विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए ? नो इणट्ठे समट्ठे, से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ — देवेणं जाव नो पभू अरूविं विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए ? गोयमा ! अहमेयं जाणामि, अहमेयं पासामि, अहमेयं बुज्झामि, अहमेयं अभिसमन्नागच्छामि, मए एयं नायं, मए एयं दिट्ठं, मए एयं बुद्धं, मए एयं अभिसमन्नागयं — जण्णं तहागयस्स जीवस्स सरूविस्स, सकम्मस्स, सरागस्स, सवेयस्स, समोहस्स, सलेसस्स, ससरीरस्स, ताओ सरीराओ अविप्पमुक्कस्स एवं पन्नायइ, तं जहा— कालत्ते वा, जाव —सुक्किलत्ते वा, सुब्भिगंधत्ते वा, दुब्भिगंधत्ते वा, तित्ते वा, जाव— महुरत्ते वा, कक्खडत्ते वा, जाव लुक्खत्ते वा से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव चिट्ठित्तए।

—भग० श १७। उ २। प्र १०। पृ० ७५६-५७

महर्द्धिक यावत् महाक्षमतावाले देव भी रूपत्व अवस्था से अरूपी रूप (अमूर्तरूप) का निर्माण करने में समर्थ नहीं है ; क्योंकि रूपवाला, कर्मवाला, रागवाला, वेदवाला,

मोहवाला, लेश्यावाला, शरीरवाला तथा शरीर से जो मुक्त नहीं हुआ हो ऐसे शरीरयुक्त देव जीव में कृष्णत्व यावत् शुक्लत्व, सुगंधत्व, दुर्गन्धत्व, तिक्तत्व यावत् मधुरत्व, कर्कशत्व यावत् रूक्षत्व होता है। इसी हेतु से देव अरूपी (अमूर्तरूप) विकुर्वण करने में असमर्थ है।

सच्चेव णं भंते ! से जीवे पुव्वामेव अरूवी भवित्ता पभू रूविं विउव्वित्ताणं चिट्ठित्तए ? नो इणट्ठे समट्ठे (से केणट्ठेणं) जाव चिट्ठित्तए ? गोयमा ! अहं एयं जाणामि जाव जण्णं तहागयस्स, जीवस्स अरूवस्स, अकम्मस्स, अरागस्स, अवेयस्स, अमोहस्स, अलेसस्स, असरीरस्स, ताओ सरीराओ विप्पमुक्कस्स नो एवं पन्नायइ, तंजहा – कालत्ते वा जाव – लुक्खत्ते वा, से तेणट्ठेणं जाव— चिट्ठित्तए वा।

—भग० श० १७ । उ २ । प्र ११ । पृ० ७५७

महर्द्धिक यावत् महाक्षमतावाले देव भी यदि अरूपत्व को प्राप्त हो गये हों तो वे मूर्त्त रूप का निर्माण करने में समर्थ नहीं हैं ; क्योंकि अरूपवाला, अकर्मवाला, अवेदवाला, मोहरहित, अलेश्यावाला, शरीरवाला तथा शरीर से जो मुक्त हुआ हो—ऐसे अशरीरी जीव (देव) में कृष्णत्व यावत् शुक्लत्व, सुगंधत्व, दुर्गन्धत्व, तिक्तत्व यावत् मधुरत्व, कर्कश यावत् रूक्षत्व नहीं होता है। इस हेतु से अरूपत्व को प्राप्त जीव मूर्त्तरूप विकुर्वण करने में असमर्थ होता है।

·६६·१२ वैमानिक देवों के विमानों का वर्ण, शरीरों का वर्ण तथा लेश्या :—

सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! विमाणा कइवण्णा पन्नत्ता ? गोयमा ! पंचवण्णा पन्नत्ता, तंजहा कण्हा नीला लोहिया हालिद्दा सुक्किला, सणंकुमारमाहिंदेसु चउवण्णा नीला जाव सुक्किला, बंभलोगलंतएसुवि तिवण्णा लोहिया जाव सुक्किला, महासुक्कसहस्सारेसु दुवण्णा – हालिद्दा य सुक्किला य ; आणयपाणयारणच्चुएसु सुक्किला, गेविज्जविमाणा सुक्किला अणुत्तरोववाइयविमाणा परमसुक्किला वण्णेणं पन्नत्ता।

—जीवा० । प्रति ३ । उ १ । सू २१३ । पृ० २३७

टीका—**सौधर्मेशानयोर्भदन्त ! कल्पयोर्विमानानि कति वर्णानि प्रज्ञप्तानि ? भगवानाह गौतम ! पंच वर्णानि, तद्यथा—कृष्णानि नीलानि लोहितानि हारिद्राणि शुक्लानि, एवं शेषसूत्राण्यपि भावनीयानि, नवरं सनत्कुमारमाहेन्द्रयोश्चतुर्वर्णानि कृष्णवर्णाभावात्, ब्रह्मलोकलान्तकयोस्त्रिवर्णानि कृष्णनीलवर्णाभावात्, महाशुक्र-**

सहस्रारयोर्द्विवर्णानि कृष्णनीलहारिद्रवर्णाभावात् , आनतप्राणतारणच्युतकल्पेषु एक वर्णानि, शुक्लवर्णस्यैकस्य भावात् । ग्रैवेयकविमानानि अनुत्तरविमानानि च परम शुक्लानि ।

सोहम्मीसाणेसु देवा केरिसया वण्णेणं पन्नत्ता ? गोयमा ! कणगत्तयरत्ताभा वण्णेणं पण्णत्ता । सणंकुमारमाहिंदेसु णं पउमपम्हगोरा वण्णेणं पण्णत्ता । बंभलोगे णं भंते ! गोयमा ! अल्लमधुगवण्णाभा वण्णेणं पण्णत्ता, एवं जाव गेवेज्जा, अणुत्तरोववाइया परमसुक्किल्ला वण्णेणं पण्णत्ता ।

--जीवा० । प्रति ३ । उ १ । सू २१५ । पृ० २३८

टीका—अधुना वर्णप्रतिपादनार्थमाह--'सोहम्मी'त्यादि, सौधर्मेशानयोर्भदन्त ! कल्पयोर्देवानां शरीरकाणि कीदृशानि वर्णेन प्रज्ञप्तानि ? भगवानाह—गौतम ! कनकत्वग्युक्तानि, कनकत्वगिव रक्ता आभा -छाया येषां तानि तथा वर्णेन प्रज्ञप्तानि, उत्तप्तकनकवर्णानीति भावः । एवं शेषसूत्राण्यपि भावनीयानि, नवरं सनत्कुमारमाहेन्द्रयोर्ब्रह्मलोकेऽपि च पद्मपक्ष्मगौराणि, पद्मकेसरतुल्यावदातवर्णानीति भावः, ततः परं लान्तकादिषु यथोत्तरं शुक्लशुक्लतरशुक्लतमानि, अनुत्तरोपपातिनां परमशुक्लानि, उक्तञ्च—

कणगत्तयरत्ताभा सुरवसभा दोसु होंति कप्पेसु ।
तिसु होंति पम्हगोरा तेण परं सुक्किला देवा ॥

सोहम्मीसाणदेवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! एगा तेऊलेस्सा पन्नत्ता । सणंकुमारमाहिंदेसु एगा पम्हलेस्सा, एवं बंभलोगे वि पम्हा, सेसेसु एक्का सुक्कलेस्सा, अणुत्तरोववाइयाणं एक्का परमसुक्कलेस्सा ।

—जीवा० प्रति ३ । उ १ । सू २१५ । पृ० २३६

टीका—सौधर्मेशानयोर्भदन्त ! कल्पयोर्देवानां कति लेश्याः प्रज्ञप्ताः ? भगवानाह—गौतम ! एका तेजोलेश्या, इदं प्राचुर्यमङ्गीकृत्य प्रोच्यते । यावता पुनः कथंचित्तथाविधद्रव्यसम्पर्कतोऽन्याऽपि लेश्या यथासम्भवं प्रतिपत्तव्या, सनत्कुमारमाहेन्द्रविषयं प्रश्नसूत्रं सुगमं, भगवानाह—गौतम ! एका पद्मलेश्या प्रज्ञप्ता, एवं ब्रह्मलोकेऽपि, लान्तके प्रश्नसूत्रं सुगमं, निर्वचनं-- गौतम ! एका शुक्ललेश्या प्रज्ञप्ता, एवं यावदनुत्तरोपपातिका देवाः ।

वैमानिकों के विमानों के वर्णों, शरीर के वर्णों तथा लेश्या का तुलनात्मक चार्ट :—

	विमान	शरीर	लेश्या
सौधर्म	पाँचों वर्ण	तप्तकनकरक्तआभा	तेजो
ईशान	,,	,,	,,
सनत्कुमार	कृष्ण बाद चार	पद्मपद्मगौर	पद्म
माहेन्द्र	,,	,,	,,
ब्रह्मलोक	लाल-पीत-शुक्ल	'अल्ल' मधूकवर्ण	,,
लान्तक	,,	,,	शुक्ल
महाशुक्र	पीत-शुक्ल	,,	,,
सहस्रार	,,	,,	,,
आनत यावत् अच्युत	शुक्ल	,,	,,
ग्रैवेयक	,,	,,	,,
अनुत्तरौपपातिक	परम शुक्ल	परम शुक्ल	परम शुक्ल

टीकाकार ने सौधर्म तथा ईशान देवों के शरीर का वर्ण उत्तप्त कनक की रक्त आभा के समान बताया है। सनत्कुमार माहेन्द्र देवों के शरीर का वर्ण पद्मपद्मगौर अथवा पद्मकेशर तुल्य शुभ्र वर्ण कहा है। ब्रह्मलोक देवों के शरीर का वर्ण मूल पाठ में 'अल्लमधुग-वण्णाभा' है लेकिन टीकाकार ने उसे सनत्कुमार—माहेन्द्र के वर्ण की तरह, 'पद्मपद्म-गौर' ही कहा है। तथा लांतक से ग्रैवेयक तक उत्तरोत्तर शुक्ल, शुक्लतर, शुक्लतम कहा है। अनुत्तरौपपातिक देवों के शरीर का वर्ण परम शुक्ल कहा है। टीकाकार ने एक प्राकृत गाथा उद्धृत की है—"दो कल्पों में कनकतप्तरक्त आभा के समान शरीर का वर्ण होता है पश्चात् के तीन कल्पों के शरीर का वर्ण पद्मपद्मगौर वर्ण होता है, तत्पश्चात् देवों के शरीर का वर्ण शुक्ल होता है।"

·९९·१३ नारकियों के नरकावासों का वर्ण, शरीरों का वर्ण तथा उनकी लेश्या :—

इमीसे णं भंते! रयणप्पभाए पुढवीए नेरया केरसिया वण्णेणं पन्नत्ता? गोयमा! काला कालोभासा गंभीरलोमहरिसा भीमा उत्तासणया परमकण्हा वण्णेणं पन्नत्ता, एवं जाव अहेसत्तमाए।

—जीवा० प्रति ३। उ १ (नरक)। सू ८३। पृ० १३८-३९

टीका—**रत्नप्रभायां पृथिव्यां नरकाः कीदृशा वर्णेन प्रज्ञप्ताः? भगवानाह—गौतम! कालाः तत्र कोऽपि निष्प्रतिभतया मंदकालोऽप्याशंकयेत् ततस्तदाशंकाव्यव-**

च्छेदार्थं विशेषणान्तरमाह—'कालावभासाः' कालः—कृष्णोऽवभासः—प्रतिभाविनिर्गमो येभ्यस्ते कालावभासाः, कृष्णप्रभापटलोपचिता इति भावः × × × वर्णमधिकृत्य परमकृष्णाः प्रज्ञप्ताः।

इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइयाणं सरीरगा केरसिया वण्णेणं पन्नत्ता, गोयमा ! काला कालोभासा जाव परमकण्हा एवं जाव अहेसत्तमाए।

—जीवा० प्रति ३। उ २ (नरक)। सू ८७। पृ० १४१

टीका—रत्नप्रभापृथ्वीनैरयिकाणां भदन्त ! शरीरकानि कीदृशानि वर्णेन प्रज्ञप्तानि ? भगवानाह गौतम ! 'काला-कालोभासा' इत्यादि प्राग्वत्, एवं प्रतिपृथिवि तावद्वक्तव्यं यावदधःसप्तमपृथिव्याम्।

